सूर्योदय 5:39 सूर्यास्त 7:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 24.8 अधि |
| धर्मशाला | 23.2 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81332.72 |
| निफ्टी | 24834.85 |
| सोना 68,730 | चांदी 84,065 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 27 जुलाई 2024 | 12 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 220, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें विकसित भारत से जुड़े दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा होगी। नीति आयोग की शीर्ष संस्था शासी परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं।

### राहुल कोर्ट में हुए पेश, 12 अगस्त तक टली सुनवाई



**सुल्तानपुर (उप्र)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मानहानि के मामले में शुक्रवार को सुल्तानपुर की सांसद-विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत में पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त तय की है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने आज तक किसी के खिलाफ कभी भी ऐसा बयान नहीं दिया, जिससे मानहानि का कोई मामला बने।

### सिसोदिया, कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी





**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को फिर बड़ा झटका लगा है। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में उनकी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। वहीं, बीआरएस नेता के. कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ाई गई है। दोनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।

### महुआ मोइत्रा की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की याचिका पर दिल्ली पुलिस से चार सप्ताह में जवाब तलब किया है। याचिका में उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित 'अपमानजनक' टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था।

### भारत महिला एशिया कप के फाइनल में

**दांबुला।** भारत ने महिला टी-20 एशिया कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से शिकस्त दी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एक लाख रुपए रिश्वत लेते हुए जेई को किया गिरफ्तार -पेज 5
- सैनिक का सम्मान हम सबका दायित्व : जयराम -पेज 9
- मनाली के बाहणु में पलटी बस, आठ घायल -पेज 11
- असम के 'मोइदम्स' यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल -पेज 13
- हिमाचल की पुरुष टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में -पेज 14


# पाकिस्तान ने इतिहास से कोई सीख नहीं ली : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर द्रास में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, द्रास (लद्दाख)**

**कारगिल** विजय दिवस की 25वीं रजत जयंती पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख के द्रास में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संबोधन में पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से कोई सबक नहीं सीखा है और उसने जब भी कोई दुस्साहस किया है, उसे हार का सामना करना पड़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिए। इसमें अग्निपथ योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है, लेकिन हमने इस पर काम किया। कुछ लोगों ने इसे राजनीति का विषय बना दिया। उन्होंने कहा कि देश के सैनिकों की ओर से दिया गया बलिदान अमर रहेगा।



कारगिल विजय दिवस पर द्रास में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पीएम नरेंद्र मोदी।

### आतंकवाद के आका आज मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं

मोदी ने कहा कि आज मैं ऐसे स्थान से बोल रहा हूं, जहां से आतंकवाद के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं। मैं आतंकवाद के सरपरस्तों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। हमारे वीर जवान आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया, लेकिन सच के सामने असत्य की हार हुई है।

### विपक्ष अग्निपथ योजना पर कर रहा राजनीति

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी नेता राजनीति कर रहे हैं और झूठ फैला रहे हैं। पीएम ने विपक्ष के दावों को खारिज किया कि पेंशन के पैसे बचाने के लिए अग्निपथ योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना है, अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युद्ध के लिए निरंतर योग्य बनाकर रखना है।

### शिंकुला में बनेगी विश्व की सबसे ऊंची टनल

**कमलेश वर्मा, केलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल से दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनने वाली शिंकुला टनल का शुभारंभ किया। पीएम ने लद्दाख के द्रास से शिंकुला टनल के नॉर्थ पोर्टल में पहले ब्लास्ट से कार्य की शुरुआत की। शिंकुला टनल लद्दाख और हिमाचल को कनेक्टिविटी देगी। 16580 फुट की ऊंचाई पर 4.1 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाई जाएगी। बीआरओ योजक परियोजना के चीफ आरके शाह ने बताया कि इस टनल पर 1300 करोड़ खर्च होंगे। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस टनल से पाकिस्तान और चीन सीमा तक भारतीय सेना की पहुंच आसान होगी। टनल बनने से मनाली-कारगिल और मनाली-लेह सामरिक मार्ग के बीच 12 महीने सेना के साथ आम लोगों और पर्यटक वाहनों की आवाजाही होगी। (अनंत ज्ञान)

# जीएस बाली की याद में लगे रोजगार मेले में 611 युवाओं का हुआ चयन

## 2689 ने करवाया था पंजीकरण, 1102 ने दिए साक्षात्कार



नगरोटा बगवां में स्व. जीएस बाली के जन्मदिन पर आयोजित रोजगार मेले में चयनित युवक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**नगरोटा** बगवां में स्व. जीएस बाली के जन्मदिन पर आयोजित रोजगार मेले में 2989 युवाओं ने पंजीकरण करवाया था, जिसमें 1102 युवाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया और 611 युवाओं को चयनित किया गया। रोजगार मेले में 72 कंपनियों ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए।

रोजगार मेले में आठवीं पास, दसवीं पास और जमा दो पास बेरोजगारों के साथ-साथ आईटीआई, डिप्लोमा धारकों, स्नातक, स्नातकोत्तर, फार्मा बीटेक, एमबीए, जीएनएम इत्यादि प्रशिक्षितों ने भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार और समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अलग-अलग पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए थे। इसके साथ ही ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा भी अभ्यर्थियों को प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### बेरोजगार युवाओं के लिए आरएस बाली की बेहतरीन पहल

**नगरोटा** बगवां के राजेश, रविंद्र और डाढ के पुनीत ने कहा कि रोजगार मेला नगरोटा में आयोजित करवाकर पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने बेरोजगार युवाओं के लिए बेहतरीन पहल की है। इससे युवाओं को नौकरी के लिए विभिन्न जगहों पर भटकने से भी राहत मिली है। साथ ही इंटरव्यू के लिए किस तरह से तैयारी करें, उसमें भी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह के रोजगार मेले हर वर्ष आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

# पठानकोट के फांगतोली गांव में फिर दिखे तीन संदिग्ध

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

**पठानकोट** के फांगतोली गांव में वीरवार रात को फिर तीन संदिग्धों की मूवमेंट हुई है। ये संदिग्ध एक घर में दीवार फांदकर घुसे और दरवाजा खटखटाकर रोटी की मांग की। घरवालों के अनुसार, वे करीब 2 घंटे तक घर के आसपास भटकते रहे। इसके बाद वहां से चले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की और पैरों के निशान आदि के फोटो-वीडियो लिए। इसके बाद से पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की जा रही है। बता दें कि 48 घंटे पहले इसी गांव में सात संदिग्ध देखे गए थे और तभी से इस गांव में तलाश की जा रही है। वहीं, संदिग्ध दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

**दीवार फांदकर घुसे और दरवाजा खटखटाकर रोटी मांगी**

### नीट-यूजी का अंतिम परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए।

एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुन: संशोधित स्कोर कार्ड को अब घोषित कर दिया गया है। पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे।

## सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार ने दाखिल किया जवाब, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड से मांगा हलफनामा

# कांवड़ रूट में नेमप्लेट लगाने पर रोक जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांवड़** यात्रा के रूट पर रेस्तरां, ढाबों को मालिक का नाम लिखने के आदेश पर लगी सुप्रीम कोर्ट की रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अंतरिम रोक जारी रहने का आदेश दिया। पांच अगस्त तक यह आदेश जारी रहेगा और इसी दिन सुनवाई होनी है।

कोर्ट में यूपी सरकार ने जवाब दाखिल किया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को भी हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को राज्य सरकारों के जवाबों पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति दी। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने जवाब में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश का बचाव करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य पारदर्शिता लाना, संभावित भ्रम से बचना और शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करना है।

**नाम लिखे जाने के समर्थन में दायर अर्जी की खारिज**

सुप्रीट कोर्ट ने कांवड़ यात्रा के रूट पर नाम लिखे जाने वाले आदेश के समर्थन में दाखिल अर्जी को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस पर सुनवाई से ही इनकार कर दिया। इस अर्जी में कहा गया था कि यह आदेश सही है और धार्मिक मान्यता के अधिकार और स्वतंत्रता को बनाए रखने वाला है।

### 'संविधान हत्या दिवस' के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 15 जून को संविधान हत्या के दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। केंद्र सरकार की अधिसूचना संविधान का उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि यह आपातकाल की घोषणा के मुद्दे को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि कानून के दुरुपयोग के खिलाफ जारी की गई है।

### जायसवाल बिहार व मदन राठौर राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बनाए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार और राजस्थान में बड़ा उलटफेर किया है। बीजेपी ने सम्राट चौधरी की छुट्टी करते हुए डॉ. दिलीप जायसवाल को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, राजस्थान में सीपी जोशी की जगह मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष बना दिया है। इससे पहले लोकसभा सांसद सीपी जोशी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पद पर थे। 24 जुलाई को ही उन्होंने अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात करने के बाद इस्तीफा दिया था। इसके अलावा भाजपा ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारियों को बदला है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी नामों की घोषणा की है।

# सांसद कंगना ने मंडी के लिए मांगा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** लोकसभा सीट से सांसद कंगना रनौत ने दावा किया कि उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में पिछले 60 वर्ष में इतना विकास नहीं हुआ, जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दस साल के कार्यकाल में हुआ है।

केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मंडी क्षेत्र में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का आग्रह किया और कहा कि यदि इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा तो इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, कंगना ने हिमाचल सरकार पर जमकर हमला बोला।

लोकसभा बजट पर चर्चा के दौरान कंगना ने हिमाचल की सुक्खू सरकार को भ्रष्ट बताया। कंगना रनौत ने कहा कि पिछले साल हिमाचल प्रदेश में बड़ी प्राकृतिक आपदा आई। बाढ़ से जान और माल का भारी नुकसान हुआ। मवेशियों की भी बड़ी संख्या में जान गई। लोगों की जमीन भी बाढ़ में बह गई, लेकिन भ्रष्ट सरकार की वजह से हिमाचल त्रासदी से बाहर नहीं निकल पाया।



**हिमाचल सरकार पर बोला हमला, कहा- त्रासदी से बाहर नहीं निकल पाया राज्य**

### नीति आयोग की बैठक के लिए दिल्ली पहुंचे सुक्खू



**शिमला।** प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक से पहले हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गए हैं।

बता दें कि कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक से किनारा कर लिया है। ये सभी गैर भाजपाई सीएम हैं, लेकिन विपक्षी गठबंधन के कुछ ऐसे चेहरे भी हैं जो बैठक में शामिल होने की बात कर रहे हैं। सीएम सुक्खू ने साफ कहा है कि वह दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के फैसले के बाद नीति आयोग की बैठक में जाने का फैसला करेंगे।







## पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने मनाया कारगिल दिवस



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश ने 25वां कारगिल विजय दिवस वीर बलिदानी स्मारक घुमारवीं में मनाया। सर्वप्रथम अनेकों युद्धों में प्राण न्योछावर करने वाले रणबाकुरों और हिमाचल प्रदेश के 52 वीर सपूतों को, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अपनी जान की आहुति दी थी, उन्हें मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन आरएस राजपूत, विशिष्ठ अतिथि चंद्र पाल सिंह डीएसपी घुमारवीं, स्क्वाड्रन लीडर मोनिका वशिष्ठ, दिनानाथ तहसीलदार घुमारवीं एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार सहित प्रदेश के उपस्थित पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर मुख्यातिथि ने वीर नारियों और 13 जम्मू व कश्मीर राणाल के जवानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार ने कहा कि प्रदेश के 52 रणबांकुरों सहित देश के 527 वीरों ने कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान मश्कोह घाटी की 4875 पोस्ट टॉप फ्लैट पर कब्जा करने की जिम्मेदारी हिमाचल के बिलासपुर जिले के राइफलमैन (वर्तमान में सूबेदार) संजय कुमार को सौंपी गई। राइफलमैन संजय कुमार ने फ्लैट पोस्ट पर कब्जा करने के साथ ही मश्कोह घाटी की 4875 पोस्ट टॉप फ्लैट पर भारतीय तिरंगा फहरा दिया। राइफलमैन संजय कुमार को इस अदम्य साहस के लिए सर्वोच्च युद्ध पदक 'परम वीर चक्र' से सम्मानित किया गया है।

## घुमारवीं कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी विंग यूनिट 4 एचपी आई कंपनी, हमीरपुर इकाई द्वारा प्राचार्य राम कृष्ण की अध्यक्षता में कारगिल विजय दिवस के अवसर विशेष कार्यक्रम का आयोजन गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्नल जयदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध में भारतीय जवानों के शौर्य और बलिदान को याद करना था। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि कारगिल युद्ध, हमारी सशक्त व समर्पित सशस्त्र बलों की अदम्य भावना और अपरिवर्तनीय जोश का प्रतीक है, जो हमारे देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने जीवन की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के बलिदान की स्मृति में विशेष स्थान रखता है।

## झंडूता में कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों में 25वां कारगिल विजय दिवस बड़ी की धूमधाम से मनाई गई। इसमें कारगिल युद्ध के दौरान 545 शहिदों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। झंडूता के शहिद अश्वनी मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में खेलों का आयोजन किया गया और शहिद अश्वनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वहीं, झंडूता के निजी गेस्ट हाउस में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया और बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों दी गई और देशभक्ति गीत गाए गए और विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

# पहले देखा जाएगा काम, फिर होगी ठेकेदार की पेमेंट : गौतम

## नवनियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष बोले, शहर के विकास कार्यों की गुणवत्ता पर होगा फोकस

**शुभम राही, बिलासपुर**

नगर परिषद बिलासपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष कमल गौतम ने शुक्रवार को शपथ लेकर विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बिलासपुर शहर को लेकर अपनी कई प्राथमिकताएं भी बताईं। इस मौके पर उन्होंने अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के जिला प्रभारी शुभम राही से विशेष बातचीत करते हुए अपने कई प्रोजेक्ट बताए। बातचीत के दौरान अध्यक्ष कमल गौतम ने बताया कि सबसे पहले वह शहर के विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता लाने पर फोकस करेंगे, जिसके लेकर उन्होंने एक प्लान तैयार किया है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में कार्यों को पूरा करने के बाद संबंधित वार्ड के लोगों और पार्षद से बात की जाएगी। इसके बाद पार्षद अपने वार्ड के कार्य की विस्तृत रिपोर्ट एनओसी देगा। उसके बाद ही संबंधित ठेकेदार की पेमेंट की जाएगी। अगर उक्त वार्ड विकास कार्य में ठेकेदार कोई भी लापरवाही बरतता है तो उसकी पेमेंट नहीं की जाएगी।

### महीने के भीतर ठेकेदार को करने होंगे काम वरना रद्द होगा टेंडर

उन्होंने बताया कि कुछ समय से नप के कार्यों में ठेकेदार काफी लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में अगर ठेकेदार एक महीने के भीतर कार्य नहीं करता है तो उसका टेंडर रद्द कर दिया जाएगा और दोबारा से उक्त कार्य का टेंडर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह कुछ प्रोजेक्टों को लेकर भी अपने पार्षदों के साथ चर्चा करेंगे और केंद्र सरकार से भी बजट लाने का पूरा प्रयास करेंगे। नगर परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बिलासपुर नगर परिषद को ऊंचाइयों तक ले जाना है। इसके लिए वह सभी के साथ मिलकर दिन-रात कार्य करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### शहर में कूड़ा फेंकने वालों के काटे जाएंगे चालान, सख्त कार्रवाई होगी

**बातचीत** के दौरान अध्यक्ष कमल गौतम में कहा कि वर्तमान में नप की सबसे बड़ी परेशानी यहां कूड़े की बनी हुई है। नप के पास डंपिंग साइट न होने और सीमेंट कंपनियों द्वारा कूड़ा न लेने के चलते नप को अपने ही प्रांगण में कूड़ा एकत्रित करना पड़ रहा है, जो नप के लिए बहुत शर्म की बात है। उन्होंने बताया कि विभाग शहर के साथ ही कुछ साइट देख रहा है, जिसको जल्द ही फाइनल कर दिया जाएगा और साथ ही अब जल्द ही सीमेंट कंपनियों के साथ एमओयू साइन करने जा रहे हैं। इसके बाद कूड़ा कुछ डंपिंग साइट और सीमेंट फैक्टरियों में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से शहर में कूड़ा फेंकने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्हें कोर्ट तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बिलासपुर शहरवासियों से भी अपील की है कि अगर उनके वार्ड में किसी भी तरह से कोई समस्या है तो उनसे आकर सीधा संवाद कर सकते हैं। उन्होंने शहरवासियों के सुझाव भी आमंत्रित किए हैं।



नप अध्यक्ष कमल गौतम

साक्षात्कार

### 15 से 20 सीसीटीवी कैमरे भी लगाएगी नप

नप अध्यक्ष कमल गौतम ने बताया कि वह जल्द ही शहर के कुछ स्थानों पर 15 से 20 सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही सोमवार के एक हाउस की मीटिंग करने जा रहे हैं। इसमें वह इन एजंडों पर सभी पार्षदों से चर्चा करेंगे और इन कार्यों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाएगा।

# फूड सेफ्टी विभाग ने श्री नयना देवी में सरकारी डिपो का किया चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नयना देवी जी विस क्षेत्र के तहत आने वाले जनाली क्षेत्र में स्थित एक सरकारी डिपो धारक के खिलाफ फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने औचक निरीक्षण कर सरकारी डिपो का चालान किया है और साथ ही उसको कोर्ट में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार यह डिपो लंबे समय से बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के चल रहा था। ऐसे में विभाग ने उक्त डिपो में जाकर छापमारी की और जांच में पाया गया कि उक्त डिपो धारक के पास विभाग का कोई भी लाइसेंस नहीं था। विभाग ने नयना देवी जी क्षेत्र से ही फल और सब्जियों के सैंपल भी एकत्रित किए हैं। इन्हें जांच के लिए पंचकूला जांच लैब में भेजा जा रहा है।

खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी ऑफिसर बिलासपुर खगेंद्र सिंह ने बताया कि नयना देवी जी क्षेत्र से घीया, कद्दू, खीरा, सेब, बैंगन, गोभी, अरबी, आलू, प्याज, पता गोभी सहित एक तेल का सैंपल लिया गया है। बरसात के मौसम में विभाग की ओर से सब्जियों के सैंपल अधिक लिए जाते हैं, क्योंकि इस समय में सब्जियों के गलने और सड़ने की संभावनाएं ज्यादा रहती है। ऐसे में विभाग की टीम ने मौके पर सैंपल एकत्रित किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थ में मिलावट व खराब सामान देने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। अगर ऐसा करता हुआ कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि फल एवं सब्जियों के सैंपल फेल होते हैं तो कार्रवाई भी की जाएगी।

> **एक** सरकारी डिपो का चालान किया गया है। यह डिपो बिना लाइसेंस से चल रहा था, जिसका चालान किया गया है। साथ ही विभाग की ओर से फलों और सब्जियों के सैंपल भी भरे गए हैं। इनको जांच के लिए पंचकूला लैब में भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **- खगेंद्र सिंह, फूड सेफ्टी ऑफिसर बिलासपुर।**

## कारगिल विजय दिवस

## बिलासपुर जिले में विभिन्न स्थानों पर मनाया गया 25वां कारगिल विजय दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले रणबांकुरों को किया नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शहीद स्मारक बिलासपुर में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की उपस्थिति में देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानी रणबांकुरों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर शहीदों सहित उन सभी बलिदानियों के प्रत्येक देशवासी ऋणी हैं।

भारत की सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का गौरव बढ़ाया है, जिस पर हम सभी को गर्व है। इन वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने शहीद स्मारक स्थित भारत माता को प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत शहीद स्मारक पर वीर जवानों को ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी तथा रिथ अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### जवानों के बलिदान का ऋण चुकाया नहीं जा सकता : डीसी



शहीद स्मारक बिलासपुर में कारगिल विजय दिवस मनाते डीसी सादिक एवं अनय।

### भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

कारगिल जंग की जीत को 25 साल पूरे होने पर शुक्रवार को बिलासपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए गए। घुमारवीं भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने मिलन पैलेस में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कैप्टन सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में इस समारोह में वीर चक्र विजेता कैप्टन रूप लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि समारोह में शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों तथा उनके आश्रितों को सम्मानित किया। इस अवसर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि हम कारगिल युद्ध के उन वीर शहीदों, जिन्होंने देश की अखंडता व सम्मान की रक्षा हेतु अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए, अपने प्राण न्योछावर किए हैं, उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त करते हैं। (अनंत ज्ञान)





# सीएम सुक्खू का नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार हिमाचल के हितों के साथ खिलवाड़ः अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा दिल्ली में नीति आयोग बैठक का बहिष्कार करने को हिमाचल के हितों से खिलवाड़ बताया है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी ने हिमाचल प्रदेश को सदा अपना दूसरा घर माना है और हिमाचल के हितों को प्राथमिकता दी है, मगर कांग्रेस ने सदा ही अपनी ओछी राजनीति को प्राथमिकता देते हुए हिमाचल के हितों को ताक पर रखा है। मुख्यमंत्री का नीति आयोग की बैठक में न जाने का निर्णय ना सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि अतिनिंदनीय भी है। राजनीति से प्रेरित मुख्यमंत्री का यह निर्णय हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ सीधा खिलवाड़ है। सुक्खू जी को अभी भी अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर प्रदेश हित में इस बैठक में भाग लेकर हिमाचल के लिए आवश्यक विषयों को उठाना चाहिए।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 18 महीने से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। जनता की बजाय यह सरकार मित्रों की सरकार बन गई है जहां जनहित नहीं मित्रहित सर्वोपरि है। कांग्रेस ने मात्र 1.5 साल में 25000 करोड़ का कर्ज लेकर प्रदेश पर कर्ज का बोझ 95000 करोड़ पहुंचा दिया। कांग्रेस ने प्रदेश को दिया तो कुछ नहीं लेकिन यहां चल रहे स्वास्थ्य संस्थान, शिक्षा केंद्र, सरकारी स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली वर्दीयां हों या मजदूरों को मिलने वाली सुविधाएं हों सब बंद करने का काम किया।

कांग्रेस ने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा पिछले 18 महीने में कुछ नहीं किया। अब नीति आयोग की बैठक जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं ऐसे बैठक से दूरी बनाना जिसमें केंद्र सरकार द्वारा

## कांग्रेस ने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा 18 माह में कुछ नहीं किया

प्रदेश के हितों के लिए अधिक से अधिक वित्तीय सहायता और परियोजनाओं को दिए जाने के संबंध में प्रदेश सरकार के सामने अपना पक्ष रख सकती है कदाचित अनुचित है।

अनुराग ठाकुर में कहा कि मुख्यमंत्री को समझदारी से संघीय ढांचे का सम्मान करते हुए और अपने पूर्व के कांग्रेसी मुख्यमंत्री का अनुसरण न करते हुए हिमाचल के हितों की चिंता करते हुए नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लेना चाहिए। नकारात्मक राजनीति से प्रदेश का भला नहीं होने वाला है।

# चंबा मेडिकल कॉलेज में ईडब्ल्यूएस की सीटें बढ़ाने को मिली केंद्रीय सहायता

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कांगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने बताया कि केंद्र सरकार जिला अस्पतालों को रेफरल हॉस्पिटल के साथ अटैच करने के लिए नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करती है और इस योजना के पहले चरण अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा को साल 2015 में स्वीकृत किया गया था तथा 189 करोड़ के लागत से निर्मित इस कॉलेज की लागत राशि को केंद्र और राज्य सरकार ने 90:10 के अनुपात में शेयर किया था। उन्होंने बताया की चंबा मैडिकल कॉलेज में ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 20 सीटें बढ़ाने के लिए ढांचागत निर्माण सुविधाओं के लिए केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है। इस समय इस मेडिकल कॉलेज में 120 सीटें उपलब्ध हैं।

## प्रदेश के कई जगह पर भारी बारिश से भू-स्खलन

# प्रदेश के कई भागों में बारिश, आगामी 6 दिनों तक अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के कई भागों में भारी बारिश और भूस्खलन हुआ है। शिमला में गुरुवार देर रात और शुक्रवार तड़के हुई बारिश से कई इलाकों में भूस्खलन हो गया । इसके कारण शहर की कई सड़कें बंद हो गईं।

भूस्खलन के कारण अनाडेल सड़क सभी तरह के वाहनों के लिए बंद कर दी गई। मुख्यमंत्री सुक्खू का काफिला भी शुक्रवार सुबह वाया कैथू अनाडेल मैदान के लिए रवाना करना पड़ा। इस सड़क पर नाग देवता मंदिर के पास भूस्खलन हो गया है। सड़क का हिस्सा धंसने से इस पर आवाजाही बंद करनी पड़ी है। हिमाचल प्रदेश के कई भागों में छह दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट है। उधर बीती रात को प्रदेश के कई भागों में भारी बारिश दर्ज की गई। धर्मशाला में 53.6, शिमला 50.0, ब्राह्मणी 46.4, सुंदरनगर 45.0, गोहर 40.0, स्लापड़ 32.3 और बग्गी में 31 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को राजधानी शिमला व आसपास भागों में हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर 26 जुलाई से 1 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट है। 28 जुलाई से अधिकतर भागों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। शिमला में न्यूनतम तापमान 17.6, सुंदरनगर 22.1, भुंतर 22.5, कल्पा 16.8, धर्मशाला 23.2, ऊना 24.7, नाहन 25.2, केलांग 13.9, पालमपुर 20.0, सोलन 22.0, मनाली 14.9, कांगड़ा 23.8, मंडी 25.2, बिलासपुर 25.5, हमीरपुर 26.7, चंबा 24.6, डलहौजी 16.2, कुफरी 16.3, रिकांगपिओ 20.2, धौलाकुआं 25.6, बरठीं 24.7, कसौली 19.7, पांवटा साहिब 25.0, सराहन 21.0, सैंज 22.9 और बजौरा में 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। किन्नौर, लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले के लिए कोई अलर्ट नहीं है। पर्यटकों व स्थानीय लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

# कारगिल के शहीद नायकों के शौर्य को नमन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कारगिल विजय दिवस के मौके पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज बचत भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए जांबाजों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए जिन्होंने देश की संप्रभुता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर किया था ।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने द्वीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर चंबा के कारगिल युद्ध नायक शहीद आशीष एवं खेमराज को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने के दौरान डीसी व साथ हैं पूर्व सैनिक।

इस दौरान पूर्व सैन्य अधिकारियों, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव , उपनिदेशक सैनिक कल्याण कैप्टन अनुमेहा पराशर, एसडीएम अरुण शर्मा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने भी वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

कार्यक्रम में उपायुक्त ने वीर नारियों पानो देवी, कर्मी देवी, विमला कोतवाल, पानो देवी, इंदु बाला, अंजना देवी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल सुरेंद्र सिंह, कैप्टन चांद लाल, कैप्टन योगराज, कैप्टन मुसद्दीलाल, सूबेदार-मेजर इंदर सिंह जरियाल सहित ज़िला के विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व सैन्य अधिकारी एवं सैनिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, वीर नारियां, एनसीसी के सदस्य भी उपस्थित रहे ।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश भर में करेगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मिसाइल नाम से मशहूर पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय अब्दुल कलाम आजाद की 27 जुलाई को पुण्यतिथि है। पुण्यतिथि के मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा देश भर में कार्यक्रम का आयोजन कर अब्दुल कलाम आजाद के जीवन के बारे लोगों को बताएगा। शिमला में प्रदेश स्तरीय कर कार्यक्रम का आयोजन होगा।



जानकारी देते डॉक्टर असलम व अन्य।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर असलम ने शिमला में कहां की भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हिमाचल के लोगों को महान वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय अब्दुल कलाम आजाद की जीवनी बताएगा। इसके लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पूरे प्रदेश में 27 जुलाई को विशेष कार्यक्रम करेगा।

अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला पदाधिकारी सभी जिलों में डॉ. कलाम के जीवन पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।

# हिमांशी ठाकुर सेना में बनी नर्सिंग लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल की बजगा पंचायत के दभूड़ गांव की बेटी हिमांशी ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर की सॉर्ट सर्विस कमीशन की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास कर के सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट के रूप में चयनित हुई है।



हिमांशी ठाकुर के नर्सिंग लेफ्टिनेंट बनने पर खुशी मानते परिजन।

हिमांशी का ऑल इंडिया रैंक 143 रहा, हिमांशी ठाकुर की पहली पोस्टिंग महाराष्ट्र के पुणे में मिलिट्री कमांडिंग हॉस्पिटल खिड़की में हुई है। जहां पर वह 5 अगस्त को अपनी ज्वाइनिंग करेगी । शिक्षक परिवार की बेटी हिमांशी ठाकुर ने भारतीय सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट बन कर सिरमौर जिला का नाम रोशन किया है। हिमांशी के पिता राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनका पूरा परिवार शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। वो खुद एक सरकारी स्कूल में शिक्षक है, उनकी पत्नी उर्मिला ठाकुर और उनके भाई व उनकी पत्नी भी शिक्षक है।

यही नहीं हिमांशी के दादा पदम स्वरूप सिंह भी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। हिमांशी ठाकुर ने बताया कि उसने प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल सराहां से उत्तीर्ण की। उसके बाद अपनी 12 वीं कक्षा की पढ़ाई कैरियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन से पूरी की तथा बीएससी नर्सिंग मुरारी लाल मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग सोलन से की है। वो नर्सिंग कॉलेज की अपनी टीचर से बहुत प्रभावित थी, जब वो कॉलेज के प्रथम वर्ष की छात्रा थी, तो उस टीचर का चयन नर्सिंग लेफ्टिनेंट के लिए हुआ था। हिमांशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार जनों व गुरुजनों को देते हुए कहा कि इन सभी का इस मुकाम को हासिल कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।
















## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा की बहू दामिनी बनीं नर्सिंग लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** तहसील डाडासीबा के भनेड़ गांव की बहू दामिनी राजपूत भारतीय सेना में जल्द बतौर नर्सिंग लेफ्टिनेंट अपनी संवाएं देंगी। वह मिलिटरी हॉस्पिटल प्रयागराज में 5 अगस्त को ज्वाइन करेंगी। दामिनी ने मिलिटरी नर्सिंग सर्विस की परीक्षा पास कर यह सफलता हासिल की है। दामिनी की प्रारंभिक शिक्षा कोटला बेहड़ में हुई है। उनके पिता जोगिंद्र सिंह कंट्रक्शन साइट में कार्यरत हैं और माता गृहिणी हैं। दामिनी की शादी डाडासीबा तहसील के भनेड़ गांव में हुई है और उनके पति इंडियन नेवी में कार्यरत हैं। दामिनी ने कहा कि बचपन से ही सेना में भर्ती होने का सपना था। इसकी प्रेरणा उसे माता-पिता से मिली है।

### स्नेक सेवर खुशी धीमान को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बरसात के समय निकलने वाले जहरीले सांपों से बचने के लिए एक वर्कशॉप डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी कांगड़ा (धर्मशाला) द्वारा स्नेक वाइट अवेयरनेस और स्नेक हैंडलिंग के ऊपर आयोजित की गई। इसमें डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरजीत भुल्लर द्वारा जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले आलमपुर गांव के निवासी माथुर धीमान और उनकी बेटी खुशी धीमान को लगभग 50 सांपों का रेस्क्यू करने पर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में लगभग 40 वॉलंटियर्स ने भाग लिया।

### डाडासीबा में पुलिस थाने के लिए जताया आभार



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर व देहरा में में एसपी ऑफिस, एसई लोक निर्माण, आईपीएस, डाडासीबा में पुलिस थाना,(चिंतपूर्णी), मोईन (जसवां परागपुर) में पुलिस चौकी तथा रक्कड़ थाना को डीएसपी देहरा के अधीन करने पर शुक्रवार को पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला मिले और उनका धन्यवाद किया। मनकोटिया ने बताया कि जसवां-परागपुर में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### थुरल में 29 तक होगी श्रीमद् भागवत कथा



**अनंत ज्ञान, डरोह।** गुप्तेश्वर महादेव मंदिर थुरल में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 से 29 जुलाई तक चल रहा है। यह सात दिवसीय भागवत कथा मंदिर कमेटी एवं व्यापार कमेटी थुरल की ओर से करवाई जा रही है। इसमें कथा वाचक स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज मधुसूदन सेवाधाम चित्रकूट अपनी मधुर वाणी से संगत पर भक्ति रस की वर्षा कर रहे हैं। कथा श्रवण करने का समय सायं 3 से 6 बजे तक है। इस दौरान 23 जुलाई को सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली गई व वहां पर उपस्थित सभी को कलश का महत्व समझाया गया। इसके साथ साथ श्रीमद् भागवत कथा क्यों करवानी चाहिए इसके बारे में बताया गया। 26 जुलाई को भगवान राम चंद्र जी के चरित्र की गाथा सुनाई गई साथ ही श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। शुक्रवार को कथा का पांचवां दिन था। दूर-दूर से संगत यहां पर कथा श्रवण करने आ रही है। 29 जुलाई के दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### सीएसयू में एनएसएस ने की वार्षिक बैठक

**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) नई दिल्ली के तत्वावधान में हिमाचल के बलाहर (गरली) स्थित वेदव्यास परिसर की एनएसएस इकाई की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। इसमें एनएसएस यूनिट वेदव्यास परिसर के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया व संयोजक कवि पंकज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में इस वर्ष हेतु एनएसएस की परिसरीय कई गतिविधियों को लेकर निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार इस वर्ष कुल 200 एनएसएस स्वयंसेवियों में से 50 एससी व 11 एसटी और 139 अन्य वर्गों से स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं को वेदव्यास परिसर की एनएसएस यूनिट में रखा जाएगा। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष परिसर से कम से कम 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किसी भी इलाके में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही 8000 रुपए के नए उपकरण भी एनएसएस यूनिट की तरफ से खरीदे जाएंगे।

### गगल में घर में निकले दो जहरीले सांप



**अनंत ज्ञान, गगल।** शुक्रवार दोपहर गगल निवासी अमर सिंह पलियारा के घर में जन्माष्टमी की तैयारी में जुटे हुए थे कि घर की बहु किरण बाला व घर में लगे पेंटर की नजर एक बड़े सांप पर पड़ी, जिसे देखकर वहां से वह भाग गए। इस बारे में घर के मुखिया अमर सिंह पलियारा को दी, जिस पर सांप को पकड़ने के लिए सपेरे को बुलाया गया। सपेरा नाजर सिंह ने दोनों जहरीले कोबर सांपों को पकड़ कर काबू कर लिया तो परिवार ने राहत की सांस ली।

### बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** क्षेत्रीय प्रयोगशाला, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला द्वारा सिविल अस्पताल, पालमपुर में बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉक्टरों, स्टाफ नर्स, तकनीशियनों और अन्य अस्पताल कर्मचारियों को कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पूजा कौंडल द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया गया और बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की विशिष्ट विशेषताओं और बिंदु पर बायोमेडिकल कचरे का प्रबंधन कैसे किया जाए, इसके बारे में बताया गया। उत्पादन और सोडियम हाइपोक्लोराइट की उचित सांद्रता के साथ रासायनिक तरल अपशिष्ट का कीटाणुशोधन कैसे किया जाए, इसकी भी जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण में लगभग 70 प्रतिभागी उपस्थित थे। प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान संजीव शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, पीसीबी और पूजा कौंडल ने किया और सभी को कार्रवाई से बचने के लिए उचित बायोमेडिकल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अवगत कराया।

### पुढ़वा में बिजली की दुकान में लगी आग



**अनंत ज्ञान, डरोह।** वीरवार को रात्रि लगभग 8:45 बजे राजेश कुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी महाल पंजियाल मौजा पुढ़वा की गैर मुमकिन बिजली के सामान की दुकान में अचानक आग लगने से दुकान में रखा बिजली का सारा सामान पूर्ण रुप से जल कर राख हो गया। अग्निशमन के वाहनों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया।आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं लगा है। इसमें लगभग 18 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। एसडीएम धीरा व तहसीलदार धीरा पीड़ित राजेश कुमार से मिलने पहुंचे। इस मौके पर तहसीलदार धीरा द्वारा पीड़ित को दस हजार की अग्रिम राहत राशि प्रदान की गई।

### महिला केंद्रित कानूनों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला कांगड़ा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि इसके तहत आज शुक्रवार को धर्मशाला अस्पताल के सभा हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला केंद्रित कानून तथा उनसे संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी और महिलाओं को जागरूक किया। अशोक शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत चल रहे इस सौ दिवसीय अभियान के तहत 22 से 26 जुलाई को महिला केंद्रित कानून सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस दौरान महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विभाग द्वारा चलाई जा रही केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पालना, शक्ति सदन (स्वाधार गृह) के बारे महिलाओं को अवगत करवाया गया।

# युद्ध स्मारक धर्मशाला में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## जवानों ने प्राणों की आहूति देकर कारगिल में फहराया था तिरंगा: आरपी गुलेरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



25 मई, 1999 को शुरू हुए कारगिल युद्ध में हिमाचल के 52 जवानों ने जीवन का बलिदान दिया था। दो माह से भी अधिक समय तक चले करगिल युद्ध में भारतीय सेना ने अपने प्राणों की आहुतियां देकर दुश्मनों को देश की सीमा से खदेड़ कर आपरेशन विजय को सफल बनाया था। देश भर में कुल 527 योद्धा शहीद हुए, जिसमें 52 वीरभूमि हिमाचल के थे। कारगिल विजय पर देश भर में सेना के सर्वोच्च सम्मान में कुल चार परमवीर चक्र मेडल घोषित किए गए, जिसमें दो हिमाचल के वीरों के नाम हैं।

इसमें कैप्टन विक्रम बत्तरा मरणोपरांत और सूबेदार संजय कुमार जीवित को परमवीर चक्र से नवाजा गया। कारगिल युद्ध में मिली जीत की याद में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सिल्वर जुबली यानी 25 वर्षों का विजय दिवस का समारोह राज्य युद्ध स्मारक धर्मशाला में भव्य तरीके से मनाया गया। इसमें ब्रेगडियर जीएस पूरी, स्टेशन कमांडर योल नौंवी कोर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जबकि जिला प्रशासन, सेना के अधिकारियों, पूर्व सैनिकों व विभिन्न संस्थाओं ने भी पुष्प अर्पित किए। ब्रेगडियर जीएस पूरी ने कहा कि 25 मई से 26 जुलाई, 1999 तक हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में हिमाचल के 52 रणबांकुरों ने शहादत पाई थी। इसमें कांगड़ा जिले के सबसे अधिक 15 जवान शहीद हुए थे। मंडी जिले से 11, हमीरपुर के सात, बिलासपुर के सात, शिमला से चार, ऊना से दो, सोलन और सिरमौर से दो-दो जबकि चंबा और कुल्लू जिले से एक-एक जवान शहीद हुआ था।

प्रदेश सैनिक लीग के महासचिव सेवानिवृत कर्नल आरपी गुलेरिया ने कहा कि उन्हें 1999 का करगिल युद्ध आज भी याद है, कि देश के जवानों ने अपने प्राणों की आहूतियां देकर टाइगर हिल पर तिरंगा फहराया था। उन्होंने बताया कि हमारी सेनाओं ने अपनी पूरी बहादुरी से मातृभूमि में घुसे आक्रमणकारियों को मार भगाया और 26 जुलाई को आखिरी चोटी पर भी विजय पा ली थी।

इसी कारण इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय शुरू किया, जिसमें 30 हजार भारतीय सैनिक शामिल हुए थे। थल सेना की सपोर्ट में भारतीय वायु सेना ने 26 मई, 1999 को आपरेशन सफेद सागर शुरू किया, जबकि जल सेना ने कराची से पहुंचने वाले समुद्री मार्ग से पूर्ण सप्लाई रोकने के लिए अपने जहाजी बेड़े को अरब सागर में तैनात किया कारगिल युद्ध दो महीने से ज्यादा चला था। भारतीय सेना ने 26 जुलाई को आखिरी चोटी पर भी विजय पा ली थी। इसी कारण इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### डीसी कार्यालय में वीरों को किया नमन

**धर्मशाला।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में बलिदानी वीरों को नमन कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इस दौरान सभी कर्मचारी-अधिकारियों को देश के वीर जवानों के बलिदानों को हमेशा स्मरण करने और देश के गौरवमय इतिहास की रक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प भी दिलाया।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि की अर्पित



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को सैनिक भवन में पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व पूर्व सैनिकों के द्वारा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रविंद्र धीमान ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के वीर जवानों की बहादुरी, शौर्य और पराक्रम को याद करने का दिवस है। उन्होंने कहा कि यह दिवस असंख्य वीरों के सर्वोच्च बलिदान एवं साहस से प्राप्त कारगिल विजय की स्मृति दिलवाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को पूरे विश्व में अपनी बहादुरी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति कैप्टन कृष्ण जिन्होंने कारगिल युद्ध में हिस्सा लिया था उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए बिस्तर में सारी बातें सभी से साझा की। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति कर्नल डीसी राणा, सेवानिवृत्त कर्नल करतार चंद, अशोक कटोच, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, शिवा कटोच सहित वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा पूर्व सैनिक इस अवसर पर उपस्थित थे।

## जो कौम अपने इतिहास को नहीं भूलती, उसका भविष्य हमेशा ही उज्ज्वल रहता है : निक्का



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** स्थानीय विधायक रणबीर निक्का द्वारा कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह का आयोजन कंडवाल में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों सैनिक,पूर्व सैनिक तथा वीर नारियां इस मौके पर उपस्थित हुए। इस मौके पर विधायक रणबीर निक्का ने कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह में कारगिल में शहीदों को नमन करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक विजय जो भारत के सैनिकों द्वारा अपनी शहादत को देकर कारगिल पर पाकिस्तान के नापाक इरादों को नष्ट नपूत करते हुए जो कुर्बानी दी थी। आज भी पूरा भारत उनकी शहादत को कभी नहीं भूला है और ना ही भूलेगा। इस मौके पर उन्होंने पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

## कंदराल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र कंदराल में अपना अदम्य साहस, शौर्य व् सर्वस्व अर्पण करने वाले पराक्रमी शूरवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस मौके पर पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी द्वारा शहीद राकेश कुमार के पिता को शाल और टोपी पहना कर सम्मानित किया गया शहीदों की याद में पर पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने कहा कि देवभूमि हिमाचल के वीरों ने सदैव मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी बहादुरी और अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया है जब जब बहादुरी और पराक्रम की बात की जाती है तो प्रदेश का नाम अब्बल नंबर पर लिया जाता है।

## संजय पराशर ने पीरसलूही में वर्तमान व पूर्व सैनिक, वीर नारियां कीं सम्मानित

**पिंकी, डाडासीबा**



शुक्रवार को जसवां प्रागपुर क्षेत्र की पीरसलूही पंचायत में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता कैप्टन संजय पराशर शामिल हुए। इस अवसर पर पराशर और सैन्य परिवारों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए हिमाचल के 52 सैनिकों को पुष्पाजंलि अर्पित की। संजय ने इस कार्यक्रम में 1012 सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का फूलमाला से स्वागत किया और उन्हें स्मृति देकर सम्मानित किया। कैप्टन संजय ने कहा कि जो राष्ट्र, समाज और कौम अपने बलिदानी सैनिकों के इतिहास को याद रखती है, उनका भविष्य भी सदैव स्वर्णिम रहता है। वह कारगिल विजय दिवस के आयोजन पर हर वर्ष सैनिकों का सम्मान करते हैं और यह परंपरा आजीवन जारी रहेगी। इस कारण यह है कि हमें अपने देश के इतिहास का सदैव स्मरण करना चाहिए। इतिहास को याद करके ही हम अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकते हैं। पराशर ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिक समाज व देश के गौरव हैं। वीरता व अदम्य साहस को दिखलाने में हिमाचली सैनिकों का कोई सानी नहीं है। पहले परमवीर चक्र विजेता भी हिमाचल प्रदेश से संबधित थे। (अनंत ज्ञान)

## योल में ठेकेदारों ने की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, योल।** गैरीजन इंजीनियर एमईएस कार्यालय योल के गेट के बाहर शुक्रवार को आल इंडिया स्तर पर चल रही हड़ताल के चलते योल के एमईएस के ठेकेदारों ने एक दिवसीय टूल डाउन हड़ताल में दिन भर लगभग सौ के करीब ठेकेदार गेट के बाहर सड़क किनारे इकट्ठे होकर नारेबाजी करते रहे। योल बिल्डर यूनियन के अध्यक्ष संजीव खन्ना ने बताया कि विभाग की तरफ से एमईएस बिल्डर्स को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खन्ना ने बताया कि छोटे ठेकेदारों की निर्माण कार्य राशि की सीमा को बढ़ाया जाए और वर्षों से निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदारों की रजिस्टेशन को पुन: रजिस्टर्ड न किया जाए और कम रेटो वाले टैंडर स्वीकृत न किए जाए, जिससे ठेकेदारों को उत्तम दर्जे का निर्माण करने में परेशानी न उठानी पड़े और उत्तम दर्जे का कार्य की समाप्ति पर जो प्रतिशत राशि ठेकेदार जमा करवाता है तो कार्य की समाप्ति पर उसे तुरंत ठेकेदार को समय पर दे देनी चाहिए।

# नए कानून लागू, मगर संसाधनों की कमी बनी रोड़ा

## कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों से मांगी गई जरूरतों की सूची

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

एक जुलाई 2024 को देश भर में 3 नए आपराधिक कानून भले ही लागू हो गए हों, लेकिन प्रदेश भर में पुलिस के लिए इन कानूनों को पूरी तरह लागू कर पाना आधारभूत सुविधाओं के अभाव के चलते मुश्किल बना हुआ है, वहीं इससे फॉरेंसिक जांच का दायरा भी बढ़ गया है। पहले जहां अनुमानित 10 में से एक मामले में फॉरेंसिक जांच होती थी तो वहीं अब ये मामले बढ़कर 4 से 5 हो सकते हैं।

बताते चलें कि पूरे प्रदेश में 100 के करीब पुलिस थाने तथा चौकियां हैं। वहीं इन नए आपराधिक कानूनों को पूरी तरह से लागू करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों की पुलिस फोर्स में नए कानूनों से जुड़ी आवश्यकताओं को लेकर उपकरणों आदि को लेकर अपनी जरूरतों को लेकर एक सूची भी मांगी जा चुकी है, ताकि इन कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। बताते चलें कि नए कानूनों के अनुसार आपराधिक मामलों में जरूरत होने पर बुलाई जाने वाली फॉरेंसिक टीम को अब हर उस मामले में अपनी जांच करनी होगी, जिसमें 7 साल या उससे उपर सजा होने की संभावना हो। इसके अलावा पुलिस को क्राइम सीन की वीडियो रिकार्डिंग कर के उसे नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की वेबसाइट पर भी डालना होगा। बहरहाल इसके लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण इन कानूनों के तहत काम कर पाना प्रदेश पुलिस के लिए मुश्किल नजर आता है। ऐसे में पुलिस को मोबाइल फोन, डाटा कोर्ड, पोर्ट केबल, वीडियो एनेबलड समेत कई उपकरणों की जरूरत होगी। बहरहाल पुलिस के जांच अधिकारी अपने मोबाइल तथा संसाधनों से इस काम को अंजाम दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं पुलिस के अधिकारी



**कांगड़ा** पुलिस के जिला प्रवक्ता तथा धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में कुल 17 पुलिस थाने व चौकियां हैं तथा इसके लिए जरूरी उपकरणों की सूची पुलिस के प्रदेश मुख्यालय की ओर से मांगी गई थी जो भेज दी गई है। उपकरणों के प्राप्त होते ही इन कानूनों को सुचारू रूप से लागू करने में मदद मिलेगी।

### बढ़ गया फॉरेंसिक जांच का दायरा



**इस** बारे में जब धर्मशाला स्थित उत्तरी फॉरेंसिक लैब के सहायक निदेशक राकेश सोनी से संपर्क किया गया तो उन्होंने माना कि इन नए कानूनों से फॉरेंसिक जांच का दायरा भी विस्तृत हुआ है। उन्होंने बताया कि अब हर उस आपराधिक मामले में फॉरेंसिक जांच जरूरी होगी, जिसमें 7 साल या उससे उपर सजा हो सकती होगी।

## केंद्रीय बजट में भारत की विकसित अर्थव्यवस्था की झलक : डॉ. प्रदीप

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** केंद्रीय बजट विकसित अर्थव्यवस्था की आधारशिला की झलक प्रस्तुत करता है। इस 48.21 लाख करोड़ के बजट में विकसित भारत की झलक दिखाई देती है। इसमें 9 प्राथमिकताओं को महत्व दिया गया है। डीएवी कॉलेज कांगड़ा के पूर्व अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि जहां तक कृषि का संबंध है, इसके अंतर्गत एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। परंतु प्राकृतिक खेती जैसे कि आर्गेनिक फार्मिंग तभी सफल होगी जब किसानों को ऐसी फसलों के उचित दाम प्राप्त होंगे अर्थात उन्हें इस प्रकार की खेती से लाभ होगा तभी वे ऐसी खेती करना चाहेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। परंतु इसके लिए ग्रामीण स्तर पर बड़े पैमाने पर औद्योगिकरण की जरूरत है।

## कोके बग्गी में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ज्वालामुखी।** उपमंडल के अंतर्गत पुलिस थाना खुंडिया के थाना प्रभारी रंजीत परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना ज्वालामुखी से उन्हें दोपहर सूचना प्राप्त हुई की अतुल कुमार पुत्र रनवीर सिंह निवासी सलिहार तहसील खुंडिया जो एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से घायल था, उसे सिविल अस्पताल ज्वालामुखी में उपचार के लिए लाया गया था, परंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि कोके बग्गी के पास युवक बाइक पर जा रहा था कि निजी बस के साथ उसकी टक्कर हुई है। पुलिस ने लोगों के बयान दर्ज कर लिए हैं और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।




## अनुसंधान, सामुदायिक आउटरीच और क्षमता निर्माण पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला का पर्यटन और आतिथ्य पर एक सप्ताह की शोध पद्धति कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। हाइब्रिड मोड में आयोजित यह कार्यशाला, पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन में अनुसंधान और शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को लेकर है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। उन्होंने 2047 विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए प्रमुख चालकों के रूप में अनुसंधान, सामुदायिक आउटरीच और क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मजबूत नैतिक मूल्यों को बनाए रखते हुए और चल रहे व्यवधानों के अनुकूल होने के दौरान एआई को शिक्षा में एकीकृत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समापन 28 जुलाई को होगा।

कार्यशाला प्रबंधन में प्रो. सुमन शर्मा, डीन - स्कूल ऑफ टूरिज्म, ट्रैवल एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट और कुलसचिव, प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ, निदेशक, सेंटर फॉर द प्रमोशन ऑफ इकोलॉजिकल, एडवेंचर, हेल्थ एंड कल्चरल टूरिज्म के नेतृत्व और मार्गदर्शन के साथ आयोजित की जा रही है। वहीं कार्यशाला के संयोजन में प्रो. आशीष नाग, डॉ. अमरीक सिंह ठाकुर सहित शोधार्थियों राजन, अमित, मेघा व अन्य रिसर्च स्कॉलर्स की टीम सुबह और दोपहर के सत्रों का समन्वय कर रही है, जिसमें भारत भर के विभिन्न राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के 229 से अधिक प्रतिभागियों को शामिल किया है।

पूरे सप्ताह के दौरान, कार्यशाला में प्रमुख विषय विशेषज्ञों के नेतृत्व में सत्र होंगे, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों दृष्टिकोणों से अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। इन सत्रों को युवा, नवोदित शोधकर्ताओं को शिक्षाविदों के समृद्ध अनुभवों और वक्ताओं की व्यक्तिगत यात्रा के साथ रोशन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को उन्नत अनुसंधान पद्धतियों और उपकरणों से लैस करना है, जिससे पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन की गहरी समझ को बढ़ावा मिलता है।

**धार्मिक** सावन के महीने में शुरू होता है मेला, दो महीने आते रहते हैं श्रद्धालु

# जम्मू से पालकी में रानीताल पहुंचाए थे नाग देवता

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की पवित्र भूमि है। वहीं, कांगड़ा जिले का इसमें अपना विशेष महत्व है। कांगड़ा के साथ लगते रानीताल के पास स्थित नाग देवता का मंदिर, जिसे जमुआला दा नाग के नाम से जाना जाता है। यहां पर सावन के महीने से मेला लगता है, जो कि दो महीने तक चलता है। इस नाग मंदिर के बारे में मंदिर के पुजारी नीतिक जम्वाल ने बताया की नाग देवता का जन्म इसी सावन महीने में हुआ था। इस मंदिर में नाग देवता श्री शेष नाग के रूप प्रकट होते हैं। उन्होंने बताया कि सदियों पहले जमुआल परिवार जम्मू से आकर गांव चेलियां में बस गया था। श्री नाग देवता, जमुआल परिवार के कुल देवता हैं और इन्हें जम्मू से जमुआल परिवार के बुजुर्ग अपने साथ गांव चेलियां नहीं लाए थे। वहीं, श्री नाग देवता गांव चेलियां में आना चाहते थे। जब यह जमुआल परिवार पूर्ण रूप से यहां बस गया तो श्री नाग देवता ने बुजुर्ग को रात में स्वपन दिया और कहा, 'मैं आपका कुल देवता हूं और आपके साथ गांव चेलियां में आना चाहता हूं।'

जमुआल बजुर्ग इस असमंजस में पड़ गए कि इतनी दूर से कैसे श्री नाग देवता को यहां लाने का प्रबंध किया जाए। श्री नाग देवता को लेकर उन्होंने पालकी लेकर पैदल जम्मू को प्रस्थान किया। क्योंकि उस समय आवागमन के साधन बहुत कम थे वहां से श्री नाग देवता को पालकी में बैठाकर गांव चेलियां पहुंचाया गया। यहां पर श्री नाग देवता की मूर्ति (पिंडी) को विधि-विधान से वर्तमान जगह पर विराजमान किया गया।

इस पवित्र स्थल में पहुंचकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि (जामुआला दा नाग) छोटे सांप के स्वरूप में अपनी इच्छानुसार सार्वजनिक दर्शन अपने स्थान पर देते है। यहां की मान्यता को देख यहां दर्शनों के लिए बाहरी राज्यों से भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगभग दो माह तक चलता रहता है। (अनंत ज्ञान)

# बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा के साथ जुड़ेगा जीएस बाली का नाम : धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा, नगरोटा बगवां में कंप्यूटर साइंसिज के लिए आधारभूत संरचना पर खर्च होंगे 50 करोड़ रुपए


लोगों का अभिवादन स्वीकर करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली।


नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं कलाकार।


नगरोटा बगवां कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र द्वारा लगाया गया स्टॉल।

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा तथा प्रशिक्षण पर भी विशेष बल दिया जाएगा, वर्तमान दौर में निजी क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को तैयार किया जाएगा, ताकि युवाओं को आसानी से रोजगार प्राप्त हो सके।

शुक्रवार को नगरोटा में स्व. जीएस बाली की जयंती पर मेगा मेडिकल कैंप का शुभारंभ करने के उपरांत तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य के विकास में स्व. जीएस बाली का अमूल्य योगदान रहा है तथा उनके तकनीकी शिक्षा तथा परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे, जिसका लाभ आज प्रदेश को मिल रहा है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्व. जीएस बाली के योगदान को देखते हुए कांगड़ा के बहुतकनीकी संस्थान का नामकरण जीएस बाली के नाम से किया जाएगा इसके साथ ही नगरोटा इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस का कोर्स आरंभ करने के लिए 50 करोड़ की राशि व्यय की जाएग, ताकि युवाओं को शिक्षा की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक इंजीनियरिंग कॉलेज तथा दो बहुतकनीकी संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डाटा साइंस, इंटरनेट आफ थिंग्स तथा मेटरोनिक्स जैसे नए विषय आरंभ किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 17 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नए युग के कोर्स इंटरनेट, मैकेनिकल, इलेक्टिक वाहन, फाइबर टू होम टेक्निशियन इत्यादि करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाहपुर में डोन प्रशिक्षण के लिए नए कोर्स आरंभ किए गए हैं, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। (अनंत ज्ञान)


मेगा मेडिकल कैंप में एक लड़की का चेकअप करते डॉक्टर्स।

## अभ्यर्थियों को ऑन स्पॉट जॉब लेटर मिले

**रोजगार** मेले में करीब 70 विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया है। रोजगार मेले में आठवीं, दसवीं और जमा दो पास बेरोजगारों के साथ आईटीआई, डिप्लोमा धारकों, स्नातक, स्नातकोत्तर, फार्मा बीटेक, एमबीए और जीएनएम प्रशिक्षओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में कुछ अभ्यर्थियों को ऑन स्पॉट जॉब लेटर भी प्रदान किए गए।

## मेगा मेडिकल कैंप में पहले दिन 3000 लोगों ने करवाया चेकअप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा के सीनियर सेंकेडरी स्कूल में स्व जीएस बाली के जन्म दिन पर आयोजित मेगा मेडिकल कैंप में 3000 लोगों ने चेकअप करवाया इसमें करीब 50 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान डा बीएल कपूर हॉस्पिटल दिल्ली, रोटरी आई हॉस्पिटल पालमपुर, फोर्टिज्स, डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कालेज टांडा, हिमाचल डेंटल कालेज सुंदरनगर तथा दृष्टि बाधितों के लिए आईआईटी दिल्ली तथा समक्ष संस्था के चिकित्सकों की टीम ने मेडिकल कैंप में रोगियों का चेकअप किया गया। मेडिकल कैंप में निशुल्क दवाइयां तथा मेडिकल टेस्ट की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की गई इसके साथ ही आंखों का चेक अप भी किया गया तथा लोगों को नजर की चश्में तथा श्रवण यंत्र भी निशुल्क वितरित किए गए।

इसके अलावा रोगियों के लिए खान पान भी व्यवस्था कैंप के दौरान की गई थी तथा दूरदराज के क्षेत्रों से लोगों को आने जाने के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई थी। मेडिकल कैंप का समापन 27 जुलाई को किया जाएगा।


रोजगार मेले में एक अभ्यर्थी का साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी।

## नगरोटा विस क्षेत्र के 5000 युवाओं को रोजगार देने का है लक्ष्यः बाली

### बोले, स्व. जीएस बाली ने बेरोजगारी भत्ता तथा रोजगार के लिए किया था संघर्ष



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में पांच वर्षों में 5000 युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इस दिशा में वर्ष में दो बार नगरोटा में रोजगार मेले का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को घर द्वार पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष नगरोटा विस क्षेत्र के एक हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे।

शुक्रवार को मेगा मेडिकल कैंप तथा रोजगार मेले में लोगों को संबोधित करते हुए आरएस बाली ने विकास पुरुष स्व. जीएस बाली ने सबसे पहले युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तथा रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष आरंभ किया था उनकी प्रेरणा से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प भी लिया था। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि पर्यटन में भी रोजगार की असीम संभावनाएं हैं इसी के दृष्टिगत पर्यटन विकास का प्लान तैयार किया जा रहा है जिसमें स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।

### हर वर्ष 26 जुलाई को होंगी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

**कैबिनेट** रैंक आरएस बाली ने शैक्षणिक संस्थाओं के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ अवसर पर कहा कि हर वर्ष 26 जुलाई को बच्चों के हुनर को तराशने के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया जाएगा इसमें वालीबुड के कलाकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि बच्चों को भी और बेहतर परफॉर्मेंस के अवसर मिल सकें। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शालिनी अग्निहोत्री ने भी स्कूलों के बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बाल मेले में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### मुमता की श्रेष्ठा देवी ने करवाई रक्त जांच



**मुमता** की श्रेष्ठा देवी जो कि रक्त जांच करवाने आई थी, उन्होंने बताया वह काफी दिनों से बीमार थी। जब उन्हें 'बाल मेले' में लगे मेडिकल कैंप के बारे पता चला यहां आकर उन्होंने रक्त की जांच करवाई। उन्होंने बताया कि रक्त के सैंपल लेने के बाद इसकी रिपोर्ट शनिवार को मिलेगी।

### मीनाक्षी ने मेडिकल कैंप की सराहना की



**नगरोटा** में लगे मेडिकल कैंप में जांच करवाने आई समलोटी की मीनाक्षी देवी का कहना है कि उन्हें शरीर में कमजोरी महसूस होती थी। इसलिए उन्होंने मेडिकल कैंप में अपने रक्त के कम होने की जांच करावाई है, जिसकी रिपोर्ट उन्हें आज ही मिल गई है। उन्होंने कैंप की सराहना की।

### मेडिकल कैंप में किए गए हैं विशेष प्रबंध



**रढ़** की नीलम कुमारी ने बताया उन्हें काफी दिनों से शरीर में तेज दर्द हो रही थी। उन्होंने मेडिकल कैंप में आकर अपने शरीर की जांच करवाई। जांच के बाद उन्हें फ्री में ही दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि कैंप में लोगों को कोई परेशानी न हो इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए है।

### माहिर डॉक्टरों की टीम कर रही जांच



**नगरोटा** निवासी बिंता देवी ने बताया कि खाना बनाने और काम करते समय उन्हें शरीर में सुन्नपन महसूस होता था। जब मेडिकल कैंप के बार पता चला तो यहां माहिर डॉक्टरों ने उनके शरीर की जांच की, जिसमें रक्त जांच भी शामिल है। जांच के बाद उन्हें फ्री में दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।

### जांच के बाद पुष्पा को फ्री में मिलीं दवाइयां



**नगरोटा बगवां** में लगे मेडिकल कैंप में जांच करवाने आई अटवास निवसी पुष्पा देवी बताती है कि उन्हें काफी दिनों से पीठ में दर्द थी। डॉक्टरों ने जांच करने के बाद फ्री में दवाइयां भी दी। उन्होंने बताया हर साल लगने वाले इस कैंप में हजारों लोगों का स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

## इंदु गोस्वामी ने कांगड़ा के दो रेलवे स्टेशनों को बजट का प्रावधान करने का किया स्वागत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने भारत सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कांगड़ा जिला के बैजनाथ-पपरोला, पालमपुर रेलवे स्टेशनों पर अति आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के लिए चालू बजट में पर्याप्त धनराशि का प्रावधान करने के लिए रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया है। उन्होंने कहा की रेल मंत्री अश्विनी बैष्णव ने उन्हें बताया कि इन स्टेशनों को नवीनतम विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करके रेल यात्रियों को मुफ्त वाई-फाई, मल्टी डिजाइन फर्नीचर, दिव्यांगों की सुविधाओं, एप्रोच रोड को चौड़ा करना, उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, इंटर कनेक्टिविटी, सुरक्षा, एयर कंडीशनर वेटिंग हॉल, एक्सेलेटर , पेय जल सहित अनेक नई सुविधाएं विकसित करने के लिए इस साल के रेलवे बजट में पर्याप्त धनराशि प्रदान की गई है और अगर जरूरत पड़ेगी तो अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया की रेलवे मंत्री ने इन रेल स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशनों के रूप में विकसित करने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य करने का आदेश दिया है ताकि इस पुरे क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से बिकसित किया जा सके तथा स्थानीय लोगों को सुबिधा के साथ ही हाई एंड व धनाढ्य पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके ताकि क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि के नए युग का सूत्रपात किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## एक लाख रुपए रिश्वत लेते हुए जेई को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने शुक्रवार को जूनियर इंजीनियर, इंजीनियरिंग शाखा-कम-बिल्डिंग इंस्पेक्टर, नगर निगम पठानकोट और अतिरिक्त चार्ज एमसी बटाला जतिंदर कुमार को एक लाख रुपए रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को रशपाल सिंह निवासी गांव भारोली कलां जिला गुरदासपुर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उसकी (शिकायतकर्ता) की कृषि योग्य भूमि को उक्त जेई द्वारा जांच की जा रही अवैध कॉलोनी का हिस्सा न बताने के बदले में उक्त आरोपी ने उससे एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की। विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में 100,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

## स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट की वेरिफिकेशन अगस्त में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड सीईटी सत्र 2024 की जनरल स्पोर्ट्स, एससी स्पोर्ट्स, एसटी स्पोर्ट्स तथा ओबीसी स्पोर्ट्स श्रेणी की स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन काउंसलिंग 1 तथा 2 अगस्त को बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। इसमें कुल 116 अभ्यर्थी पात्र पाए गए हैं। बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी डीएलएड सीईटी सत्र 2024 के प्रोस्पेक्टस में प्रकाशित नियम, सूचना के अनुसार संबंधित बायो डाटा फॉर्म के साथ अपने सभी प्रमाण पत्र को भी सत्यापन हेतु लेकर आएं।

## सभी वर्गों के लिए हितकारी है बजट : मुल्ख राज प्रेमी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

केंद्र की मोदी सरकार के तीसरे वर्ष के कार्यकाल का पहला बजट निर्धन, युवा, किसान, महिलाओं व मध्यम वर्ग की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए एक बहुत बड़ा कदम है। यह शब्द पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने कहे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह इन वर्गों को सामने रखकर बजट पेश किया है वह काबिले तारीफ है जिसके लिए वित्त मंत्री बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के लिए जहां रोजगार के द्वार खुले हैं, वहीं महिलाओं के लिए जिस तरह केंद्र सरकार ने प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाले स्टांप ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की है इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टांप ड्यूटी पर बड़ी राहत मिल सकेगी। पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि हिमाचल को रेलवे के विस्तार के लिए 2698 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन प्रदेश में रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगा। (अनंत ज्ञान)

## ज्वालामुखी से 73 वर्षीय रिटायर्ड सैनिक प्रीतम तीन दिन से लापता

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**



ज्वालामुखी से एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की गुमशुदा होने की खबर मिली है। बुजुर्ग अपनी बेटी के घर ज्वालामुखी में आया था। इस बाबत उनके दामाद ने आज ज्वालामुखी थाने में शिकायत दर्ज करवा दी है। दामाद ने शिकायत में बताया है कि उनके ससुर 24 जुलाई को सुबह 5 बजे उनके घर आए थे और सुबह 10 बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गए। दामाद ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर उनकी काफी तलाश की पर उनका कोई पता नहीं चल पाया है। गुमशुदा हुए बुजुर्ग का नाम प्रीतम चंद है और गांव खनपल तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर के रहने वाले हैं।

बुजुर्ग आर्मी से रिटायर हैं और थोड़े मानसिक रूप से परेशान भी हैं और उनके पास कोई मोबाइल भी नहीं है। ज्वालामुखी पुलिस थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि बुजुर्ग की गुमशुदगी की शिकायत आई है और बुजुर्ग की तलाश जारी है और सभी नजदीकी थानों में फोटो भेज दिए गए हैं और पुलिस अपने स्तर पर हर संभव कोशिश कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**स्पोर्ट्स** सुरड़वा में 80 लाख रुपए से बनेगा खेल स्टेडियम, बीस लाख रुपए की पहली किस्त जारी

## विधायक मलेंद्र ने किया खेल स्टेडियम का शिलान्यास

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरड़वा में शुक्रवार को विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन द्वारा खेल स्टेडियम का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर एसडीएम इंदौरा ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल स्टेडियम का होना जरूरी है जिसके लिए सुरड़वा में स्थान चयनित किया गया है।

स्टेडियम के लिए लगभग 80 लाख रुपए की अनुमानित राशि प्रदान की गई है, जिसकी बीस लाख की किस्त जारी कर दी गई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रही है, जिसके रोकने के लिए उनका ध्यान नशे को छोड़कर खेलों के प्रति जागरूक करना है जिसके लिए स्टेडियमों का होना आवश्यक है, जिसके लिए सुक्खू सरकार की तरफ से बजट की कोई कमी नहीं आएगी।

इस मौके पर विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन के अलावा थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानीया, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी जगतार, एसडीओ सिकंदर पठानिया, जेई निश्चल सैनी, पूर्व प्रधान जगन कुमार, महिला मंडल प्रधान आशा कुमारी आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



पंचायत सुरड़वा में खेल स्टेडियम का शिलान्यास करते विधायक मलेंद्र राजन।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, रीमा कुमारी** (40 वर्ष) पुत्री श्री देव राज निवासी गांव परनोली, डाकघर भड़वार , तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) मेरी शादी श्री गुलजिन्दर सिंह निवासी गांव कियोर ब्राह्मणा, डाकघर चौंकी, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) के साथ हुई है। मेरे पिता भूतपूर्व सैनिक हैं तथा उनकी डिस्जार्च बुक में मेरा नाम रीमा देवी व जन्म तिथि 27.03.1984 गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम रीमा कुमारी व सही जन्म तिथि 24.03.1984 है। सभी नोट करें।

**व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

क्रमांक 599 रीडर दिनांक 09/07/2024
मुकदमा नं. 1072/तह./2024, किस्म मुकदमा गैर मारुसी तारीख पेशी 06/09/2024

**शीर्षक** विजय कुमार संजय कुमार आदि

नोटिस बनाम:- 1 संजय कुमार पुत्र सुमेर नाथ 2 अजय कुमार पुत्र सुमेर नाथ 3 निवासी महाल व मौजा नगरोटा बगवां तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.।

भूमि खसरा नंबर 227, 417/239 रक्वा तदादी 00-01-87 है।, खसरा नंबर 210-222-238-412/225 रक्वा तदादी 00-04-26, है। खबरा नंबर 224-226-237-420/240 किता 04, रक्वा तदादी 00-03-32 है। खसरा नंबर 192-229-409/223 रक्वा तदादी 00-03-05 है। स्थित महाल कनेहड़, मौजा ठारू तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**अखबारी इश्तार**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त प्रतिवादीगण को अखबारी इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो जो वह दिनांक 06/09/2024 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन व वकालतन हाजिर होकर मुकदमा पैरवी करें। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 25/07/2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### टौणी देवी में कारगिल शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** टौणी देवी मंदिर में कारगिल शहीद दिवस मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि सुजानपुर के एमएलए रणजीत सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर कारगिल शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, सेक्टर कमांडर रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेश, कैप्टन मदन, कैप्टन राकेश, कैप्टन अशोक, कैप्टन प्रेमचंद आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर कारगिल में शहीद हुए जवानों के परिवारों को सम्मानित किया गया।

### 28 को होगी जेल वार्डरों की लिखित परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग में वार्डरों के 91 पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे शिमला, मंडी और धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। महानिदेशक ने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा आरंभ होने से 2 घंटे पहले यानी सुबह 10 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपील की है।

### कोट लांगसां की महक बनी नर्सिंग ऑफिसर



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत के भोरंज तहसील के कोट लांगसां की बेटी महक वर्मा ने एआईएमएस गोरखपुर में नर्सिंग ऑफिसर बनकर अपने गांव का नाम रोशन किया है। महक ने बताया कि उनकी 10वीं तक की शिक्षा डीएवी स्कूल गरयोह स्काघट से उत्तीर्ण की और बीएससी नर्सिंग गौतम कॉलेज हमीरपुर से की है। उन्होंने बताया कि अपनी मेहनत और लगन से आज नर्सिंग ऑफिसर बनी है। (अनंत ज्ञान)

### तकनीकी विवि में बीटेक की 175 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार को दूसरे दिन जेईई मेन की मेरिट के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसलिंग हुई। दूसरे दिन ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उप श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई, जिसमें 175 सीटें आवंटित की गई। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि जेईई मेन के आधार पर भरे जाने वाली बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसलिंग पूरी हो गई है। जिन विद्यार्थियों को पहले दिन सीटें आवंटित हुई हैं, उन्हें 29 जुलाई सायं चार बजे तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। जो विद्यार्थी आवंटित शिक्षण संस्थान में तय समय तक रिपोर्ट नहीं करेगा, वह सीट खाली मानी जाएगी। वहीं, तकनीकी विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (एचपीसीईटी) के आधार पर जिन अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग के लिए आवेदन किया है, उनकी काउंसलिंग 27 जुलाई से होगी। 28 जुलाई को ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उप श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी।

### पंचायत स्तर पर तैयार किए जा रहे वालंटियर्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** किसी भी तरह की आपदा से निपटने हेतु प्रभावी तंत्र विकसित करने के लिए पंचायत स्तर पर युवा वालंटियर्स की टास्क फोर्स तैयार करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की ओर से 29 जुलाई से ब्लॉक स्तर पर द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किए जा रहे हैं। उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर की प्रत्येक पंचायत में कम से कम 10-20 स्वयंसेवी प्रशिक्षित किए जाएंगे, ताकि किसी भी तरह की आपात परिस्थिति में इनकी सेवाएं ली जा सकें। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से आरंभ किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जिला के सभी विकास खंडों में कुल 1288 वालंटियर्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाने वाली तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, सर्च एवं रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पूर्व सचिव रमेश के निधन पर शोक व्यक्त

**टौणी देवी।** उटपुर सहकारी सभा के पूर्व सचिव रमेश चंद का गत दिनों निधन हो गया, जिस पर आज सहकारी सभाएं ब्लॉक टौणी देवी में शोक व्यक्त किया गया व् 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर निरीक्षक सुनील कुमार व पवन पठानिया सहित सभी सचिव उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## देश के वीर जवानों ने कारगिल में लिखी थी शौर्य और बलिदान की गाथा: अमरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को सलामी देते पुलिस अधीक्षक, स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा व पुलिस की टुकड़ी।

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर और अन्य अधिकारियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हिमाचल प्रदेश पुलिस की टुकड़ी ने भी सलामी दी।

इस अवसर पर शहीद सैनिकों को नमन करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि 25 वर्ष पूर्व भारत के वीर सैनिकों ने कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर अदम्य साहस और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान की एक ऐसी गाथा लिखी थी, जिसे भारतवासी कभी भी नहीं भुला सकते हैं। इस युद्ध में भारत के वीर सैनिकों ने बेहद कठिन परिस्थितियों में जीत हासिल करके दुश्मन को एक बार फिर यह चेतावनी दी थी कि हमारी सीमाओं की ओर कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता है।

उपायुक्त ने कहा कि इस युद्ध में भारत के 527 वीर सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया थाए जिनमें हिमाचल के 52 सैनिक शामिल थे। प्रदेश के दो वीर सैनिकों शहीद कैप्टन विक्रम बतरा और सूबेदार संजय कुमार को वीरता के सर्वोच्च पुरस्कार परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया था। जिला हमीरपुर के भी 8 सैनिकों ने अपनी शहादत दी थी। सैनिकों और इनके परिजनों को सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर एक सैनिक बाहुल क्षेत्र है। इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सैनिकों के परिवारों से संबंधित समस्याओं के निवारण तथा उनके अन्य कार्यों में तत्परता दिखानी चाहिए। हमीरपुर में शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क और निर्माणाधीन युद्ध स्मारक की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इसका कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण और रोजगार के लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाओं आरंभ की हैं तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान किया है। भूतपूर्व सैनिकों को इनका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कारगिल युद्ध के 8 शहीदों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने उपस्थित लोगों को शहीदों के सम्मान की शपथ दिलाई। इससे पहले जिला सैनिक कल्याण उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने उपायुक्त, एसपी और अन्य अधिकारियों, शहीद सैनिकों के परिजनों और भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत किया तथा कारगिल युद्ध की गाथा का स्मरण किया।

### शहीद सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित



**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर में मृदुल स्मारक पार्क में जिला प्रशासन की ओर से कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों ने हिस्सा लिया।

मृदुल स्मारक पर उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह एसपी हमीरपुर भगत सिंह तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने वीर सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से कारगिल युद्ध में शहीद हुए परिजनों को तिरंगा और 13 राइफल्स का फ्लैग देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कारगिल युद्ध में हिस्सा लेने वाले वीर सैनिक मेहर सिंह ने भी युद्ध के दौरान हुए ऑपरेशन को लोगों के साथ साझा किया है। हालांकि, कारगिल युद्ध में उन्होंने अपनी एक बाजू को भी खो दिया है, लेकिन देश की सेवा का जज्बा आज भी उनमें देखने को मिला है।

मेहर सिंह बताया कि 13 सैनिकों ने इस लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई है। कारगिल युद्ध में 13 जैक को जो भी कार्य मिला बखूबी निभाया। उन्होंने कहा कि आज भी वह अपनी जीत पर फक्र करते हैं। वहीं इस मौके उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि कारगिल युद्ध को हुए 25 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज भी इस युद्ध की यादें ताजी है। (अनंत ज्ञान)

## शिविर में 106 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच करते डॉक्टर।

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल हमीरपुर इकाई ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर गांधी चौक हमीरपुर में पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों व आम लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इस स्वास्थ्य शिविर में सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था के सौजन्य से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की 2 टीमों ने लोगों का स्वास्थ्य जांचा। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीक्षित गौतम ने बताया वीर सैनिकों की याद में गांधी चौक पर विजय दिवस के उपलक्ष्य पर ज्योति प्रज्वलित की गई।

स्वास्थ्य शिविर में 106 लोगों की स्वास्थ्य जांच, रक्त जांच व मरीजों को दवाइयों का वितरण निशुल्क किया गया। जिसमें 11 लोग उच्च रक्तचाप, 12 लोग मधुमेह, 19 लोग हड्डियों के रोगों से व 52 लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बड़सर में भाजपा ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र में शहीद परिवारों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में शहीद सैनिक के परिवार सहित 150 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

समारोह में कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए शहादत पाने वाले वीर सपूतों की याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लखनपाल ने शहीद के परिजनों सहित देश के लिए सर्वोच्च कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया और कहा कि आज पूरा देश अपने उन सैनिकों की याद में विजय दिवस मना रहा हैं जिन्होंने अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए अपने परिवार व अपने प्राणों की परवाह किए बगैर अपनी मातृभूमि के लिए दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहादत पाई थी।

लखनपाल ने कहा कि देश के भीतर यदि हम सुरक्षित हैं तो उसके पीछे हमारी सेना के जवान हैं जो शरहदों पर खड़े रहकर दिन-रात हमारे लिए गोलियों का सामना करते हैं। मैं देश के हर सैनिक व उनके परिवारों के जज्बे को सलाम करता हूं। इस दौरान विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कारगिल शहीद दीप चंद के पिता बसंत सिंह को सम्मानित किया। कर्नल सुरेश शर्मा, कैप्टन मदनलाल बन्याल, कैप्टन देवराज शर्मा, सूबेदार मेजर बीडी शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## जेओए आईटी के आंदोलन को कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी ) राज्य चयन आयोग हमीरपुर कार्यालय के बाहर बैठे जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (817) के परीक्षार्थियों के आंदोलन का समर्थन करती है। शुक्रवार को सीपीएम का प्रतिनिधिमंडल डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर की अगुवाई में अभ्यर्थियों से मिला और आंदोलन का समर्थन किया।

गौर रहे कि इनके बारे में सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन परीक्षार्थियों के पक्ष में फैसला आने के बाद भी परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जा रहा है। राज्य चयन आयोग अनावश्यक तरीके से देरी कर रहा है जो कि इन युवाओं के साथ सरासर अन्याय है। इससे पहले फरवरी में भी इन लोगों ने शिमला विधानसभा के बाहर आंदोलन किया था और सरकार के आश्वासन के बाद उस समय पर आंदोलन स्थगित कर दिया था, परंतु अब भी सरकार अपने वादे पर अमल नहीं कर रही है। सीपीएम सरकार से मांग करती है कि इनकी मांगों को तुरंत माना जाए और इन सभी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम तुरंत घोषित किया जाए।

सीपीएम के राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. कश्मीर ने कहा कि हमीरपुर का सर्विस सिलेक्शन बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है पिछली भाजपा सरकार के दौरान भी कई परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के कई मामले सामने आए थे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में भी सरकार ने जान-बूझकर कड़ी कारवाई नहीं की है जो सरकार के भ्रष्टाचार से मजबूती से कारवाई के वादे को खोखला करता है।

## एचआरटीसी प्रबंधन के प्रति पेंशनर्स में रोष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



एनजीओ भवन में बैठक करते केसी चौहान, साथ हैं अन्य।

पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष केसी चौहान की अध्यक्षता में एनजीओ भवन में आयोजित की गई।

बैठक में पेंशनरों के देय भत्तों को समय पर भुगतान न किए जाने पर सरकार और एचआरटीसी प्रबंधन के प्रति रोष व्यक्त किया। इस बात पर भी आक्रोश व्यक्ति किया गया कि इस आयु के पड़ाव पर सरकार और प्रबंधन पेंशनर्ज को कोर्ट कचहरी और सड़कों पर न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य कर रही है। सरकार और प्रबंधन पेंशनरों से बातचीत करने का भी समय नहीं दी रही है। संघ के प्रधान ने कहा कि सर्वसम्मति से बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि सरकार और प्रबंधन समस्याओं का समाधान नहीं करती है और संगठन के साथ वार्ता नहीं करती है तो निकट भविष्य में निगम मुख्यालय व विधानसभा के बाहर धरना-प्रदर्शन करने पर विवश होना पड़ेगा। पथ परिवहन कल्याण संगठन के राज्य प्रधान राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि पेंशनर्ज से वित्तीय मामले हैं उन पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार और निगम हमारे पेंडिंग डयूज हैं जिसे नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और निगम प्रबंधन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसका कोई हल नहीं निकला है।

उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य समस्या पेंशन की है, पेंशन हमें समय पर नहीं मिल रही है। जो दो से चार महीनों से पेंडिंग चल रही थी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में फिर वही पुराना पैटर्न अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मीटिंग के दौरान भी परिवहन मंत्री से मिले लेकिन हमारी कोई बात नहीं सुनी गई।

## विधायक सुरेश कुमार ने लदरौर संतोषी माता मंदिर में नवाया शीश



विधायक सुरेश कुमार मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नंदलाल रणौत से बातचीत करते हुए।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

हमीरपुर और बिलासपुर जिला के संगम स्थल उत्तरी भारत के प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर लदरौर में जुलाई माह के अंतिम शुक्रवार को दिनभर श्रद्धलुओं की भीड़ रही तथा मंदिर परिसर माता की भेंटों को गूंजा रहा।

इस दौरान भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने संतोषी माता के दर्शन करके शीश नवाया तथा आशीर्वाद लिया। उन्होंने संतोषी माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नंदलाल रणौत से मंदिर की व्यवस्ताओं को जायजा लिया तथा मंदिर के सौंदर्यकरण के कार्य की सराहना की। विधायक ने कहा कि संतोषी माता मंदिर लदरौर लोगों की आस्था का केंद्र है। इसके विकास के मंदिर कमेटी के सदस्य सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

इस दौरान भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप, भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल ने मंदिर में माथा टेका और बाद में लंगर ग्रहण किया।

### बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर में शिव पुराण कथा से माहौल हुआ भक्तिमय

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध एवं प्राचीनतम शिव मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में आज नौ दिवसीय शिव पुराण कथा का शुभारंभ गांव बटाहली से बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर तक वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा कलश यात्रा निकालकर किया गया। इस कलश यात्रा में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नौ दिन तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुज अंगरिस भगवान शिव की महिमाओं का स्त्रोताओं के समक्ष व्याख्यान करेंगे। वर्तमान समय में मंदिर परिषर की, देख-रेख कर रही बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा के सचिव हंस राज ने बताया कि ये धार्मिक कार्यक्रम सभा द्वारा स्थानीय लोगों के जनसहयोग से करवाया जा रहा हैं । (अनंत ज्ञान)

## कारगिल युद्ध के शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, नादौन**



भारतीय जनता पार्टी नादौन द्वारा राजेंद्र पैलेस गगाल में कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में शहीदी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें देश के लिए शहादत देने वाले अमर शहीदों को नमन किया तथा श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडलाध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने की।

इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि वीर जवानों ने अपने अदम्य साहस और वीरता से भारत माता की आन और तिरंगे की शान बरकरार रखने वाले कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज का दिवस कारगिल विजय दिवस हम सभी स्वतंत्र भारतवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ।

### एडवोकेट प्रवीण जिला कांग्रेस के कानूनी सलाहकार नियुक्त



**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के चोड़ू गांव के एडवोकेट प्रवीण कौशल को ऑल इंडिया कांग्रेस ब्रिगेड कार्यकारिणी में जिला हमीरपुर का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। प्रवीण ने अपनी इस नियुक्ति के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री सुक्खू व अन्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह उन्हें दी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

## 7 पार्षदों ने किया नगर परिषद की बैठक का बहिष्कार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



नगर परिषद हमीरपुर में आयोजित बैठक में उपस्थित पार्षद व अधिकारी ।

नगर परिषद हमीरपुर में अध्यक्ष पद की कुर्सी को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस और भाजपा के पार्षद दो गुटों में बंट गए हैं, उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि किस तरफ जाएं। वीरवार के दिन भी अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भाजपा और कांग्रेस समर्थित पार्षदों काफी गहमा-गहमी रही। कई पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त करवाने के लिए दौड़े तो कई पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक करने के लिए।

हालांकि, नगर परिषद अध्यक्ष के साथ जो पार्षद वीरवार को उपायुक्त के पास गए थे, उनमें से दो पार्षद नगर परिषद की बैठक में नहीं आए, वहीं अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त करने को लेकर जिन पार्षदों ने हस्ताक्षर किए थे उनमें से एक पार्षद शाम को मुकर गई, जबकि भाजपा समर्थित पार्षद भी अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक आयोजित कर चर्चा करने को लेकर उपायुक्त से मिले थे, क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव पर एक बार भी चर्चा नहीं हुई थी।

बता दें कि शुक्रवार को नगर परिषद हमीरपुर में विकास कार्यों को लेकर चर्चा और बजट पारित करने को लेकर दो बैठकें रखी थीं, कोरम पूरा न होने पर कार्यकारी अधिकारी को इन बैठकों को स्थगित करना पड़ा। इस बैठक में कांग्रेस समर्थित 3 पार्षद और 4 मनोनीत पार्षद नगर परिषद के अध्यक्ष सहित कार्यकारी अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में 7 पार्षद नहीं आए, लगभग एक घंटे इंतजार करने के बाद बैठक को स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा।

भाजपा समर्थित पार्षद संदीप भारद्वाज, सुदेश भारद्वाज, विनय कुमार, पुष्पा शर्मा, वकील सिंह, डिंपल बाला और सुशील शर्मा का कहना है कि अविश्वास प्रस्ताव दिया था, उस पर आज दिन तक चर्चा नहीं हुई, इसलिए जो भी फैसला हाउस में होगा उसके पक्षधर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए नगर परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक बहिष्कार किया। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मीटिंग होनी चाहिए और इसका फैसला हाउस में होना चाहिए। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंप दिया है। उन्होंने भी कानून के तहत इस पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 9 की पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त करने को दिए हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन से मुकर गई। उपायुक्त अमरजीत सिंह का कहना है कि इस पर कार्रवाई चली हुई है। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सैनिकों के पदों को भरने के लिए साक्षात्कार शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व सैनिकों, विकलांग पूर्व सैनिकों तथा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के अनुबंध के आधार पर भरे जाने वाले पदों के लिए जाने वाले साक्षात्कार शुक्रवार से शुरू हो गए हैं। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर एमएस शर्मा ने बताया कि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों को भरने के लिए साक्षात्कार कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि अकाउंटेंट केवल एससी कैटेगरी, जूनियर अकाउंटेंट केवल एससी कैटेगरी, सीनियर असिस्टेंट अकाउंटस केवल एससी कैटेगरी आदि के पदों के साक्षात्कार के लिए प्रदेश भर से 46 उम्मीदवार आए थे। उन्होंने बताया कि डाटा एंट्री ऑप्रेटर के पदों के लिए 33, पंचायत ऑडिटर के पदों के लिए 3, सीनियर असिस्टेंट अकाउंटस के लिए 2, जूनियर अकाउंटेंट के लिए 3 और जेओए अकाउंट के पदो के लिए 5 उम्मीदवार साक्षात्कार देने पहुंचे।

**सतर्कता** ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए चौकस रहना बहुत आवश्यक

## साइबर क्राइम से निपटने के लिए साइबर सेल गठित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, साथ हैं अन्य।

हमीरपुर जिला ही नहीं देश में ऑनलाइन ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं, जिससे निपटना एक बहुत बड़ी चुनौती है। साइबर ठगी करने वाले नए नए तरीके अपना कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसी साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस ने एक साइबर सेल स्थापित किया है जहां पर लोग अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि शुक्रवार को भी एक ऑनलाइन ठगी का मामला आया है, उसमें 5 लाख रुपए पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने एफडी तुड़वाकर इसकी पेमेंट की, लेकिन उन्हें यह बाद में पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। उन्होंने कि एक व्यक्ति को फोन किया कि आपके संबंध करने वाले ने फोन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की ठगी से बचने के लिए हमीरपुर की जनता को जागरूक करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के प्रलोभन में न फंसे और शातिर रिश्तेदार बनकर, अधिकारी बनकर या बैंक प्रबंधक बनकर फोन कर रहे हैं, इसलिए फोन कॉल आने के बाद इसकी जांच कर लें, उसके बाद ही कोई कदम उठाएं और अपनी पर्सनल डिटेल किसी को न दें। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले ही हमीरपुर पुलिस द्वारा साइबर सेल का गठन किया गया है जिसमें तीन लोगों को तैनात किया गया है। इन्हें ट्रेनिंग भी दी है जिससे यह साइबर क्राइम पर तुरंत कार्रवाई कर सकें। उन्होंने कहा कि साइबर सेल का गठन इसलिए किया है ताकि इस तरह के मामले आने पर इसकी जांच और इन मामलों को अच्छे तरीके ट्रैक कर पाएं। इसके लिए हमीरपुर जिला की जनता के लिए हेल्पलाइन नंबर 01972-222053 जारी किया गया है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1930 जो पूरे देश में साइबर क्राइम की शिकायत दर्ज करवाने के लिए है, उस पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम के प्रमुख सलाहकार ने अंगदान की ली शपथ



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के रिज मैदान पर इन्नरव्हील क्लब शिमला की ओर से रक्तदान व अंगदान जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार गोकुल बुटेल ने अंगदान का शपथ पत्र भरकर लोगों को अंगदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बनने के बाद अंगदान करके कई लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती है।

### कांग्रेस ने झूठी गारंटियों से वोट बटोरे : अनिता



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** जुब्बल नावर कोटखाई महिला मोर्चा की अध्यक्षा अनिता खलासटा, शरोंथा पंचायत प्रधान उषा चौहान, बीडीसी सदस्य कांत्ता डिपटा, पूर्व प्रधान शकुंतला डोड, मीनाक्षी मानटा, जुब्बल नगर पंचायत सुधा सूद आदि ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक वादा किया था 18 वर्ष से 60 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने का वादा किया था पर आज क्षेत्र की महिलाएं अपने आप को ठगा महसूस कर रही हैं। मातृ शक्ति ने कहा है कि जुब्बल नावर कोटखाई में कांग्रेस ने घर-घर जाकर झूटी गारंटियों से वोट बटोरे हैं पर उसका जनाब मातृ शक्ति आगामी विधानसभा चुनाव में जरूर देगी।

### छात्रों को लूटना बंद करे प्रदेश सरकार : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो की विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है अपने स्थापना काल से ही छात्रहित में काम करती आई है। विद्यार्थी परिषद का कहना है की प्रदेश सरकार अपने छात्र विरोधी निर्णयों से बाज नहीं आ रही है। एवं प्रदेश भर के आम छात्रों को लूटने का काम किया जा रहा है। प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बयान जारी करते हुए कहा की टैट की परीक्षा के लिए जहां अभ्यर्थियों को सामान्य कैटेगरी को केवल 800 एवं सूचित अनुसूचित कैटेगरी को 500 रुपए देने पड़ते थे वहीं सरकार द्वारा इस फीस को दुगना करके सामान्य कैटेगरी के लिए 1600 एवक सूचित अनुसूचित कैटेगरी के लिए 1000 कर दिया गया है। जहां छात्र पहले ही अपनी पढ़ाई के लिए इतना खर्चा कर के टैट की परीक्षा देने के लिए योग्य बनते हैं, लेकिन उसके बाद भी उन्हें ऐसी परीक्षाओं को देने के लिए इतनी भारी भरकम फीस देनी पड़ रही है। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा एवम जिसकी सरकार स्वयं जिम्मेवार होगी।

### गोकुल बुटेल ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ




**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन गोकुल बुटेल ने इनरव्हील क्लब शिमला द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान शिमला में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। गोकुल बुटेल ने भी रक्तदान किया। प्रधान सलाहकार ने रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। रक्तदान शिविर में लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमे 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### रोटरी क्लब ने जच्चा-बच्चा वार्ड में बांटे पैकेट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** रोटरी क्लब मंडी के सदस्यों ने जोनल अस्पताल मंडी के जच्चा-बच्चा वार्ड में दाखिल महिलाओं को उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए रस बिस्कुट, फल व दलिया के 150 पैकेटों का वितरण किया। रोटरी क्लब मंडी के प्रधान हेम राज शर्मा की अगुवाई में सदस्यों ने स्वयं यहां पर उपचाराधीन महिलाओं को इन पैकेटों का वितरण किया। इस मौके पर प्रधान हेम राज शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को जोनल अस्पताल के यह आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधान हेमराज शर्मा के साथ सदस्य धर्मेंद्र राणा, दिनेश मल्होत्रा, सुरेंद्र मोहन, अरूणा कपूर एवं कृष्णा मोहन आदि शामिल रहे।




### कारगिल दिवस भाजयुमो के कार्यक्रमों में अव्यवस्थाएं

**अनंत ज्ञान, मंडी।** कारगिल विजय दिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भी जोशीले अंदाज में मनाया गया पर कुछ कमियां रह गईं। विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भाजयुमो द्वारा निकाले गए मशाल जुलूस में ही अव्यवस्था सामने आई। पहले तो निर्धारित समय से देर बाद यह आरंभ किया गया। दूसरा जब युवाओं व आला पदाधिकारियों ने मशालें हाथ में उठा लीं तो कुछ खाली हाथ ही जुलूस में शामिल हो गए। तीन चार जलती हुई मशालें बच गईं जिन्हें तुरंत ही कूलर के पास पानी से बुझाया गया। यही नहीं संभवतः मशालों पर तेल की कुछ कमी रह गई इसलिए चौहट्टा बाजार से शहीदी स्मारक संकन पार्क तक पहुंचते पहुंचते कुछ मशालें बुझ चुकी थीं। सर्किट हाउस टारना के मुख्य कार्यक्रम में जहां शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाना था, तो कार्यक्रम भी देरी से शुरू हुआ।

---

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

# वीर नारियों व पूर्व सैनिकों का सम्मान

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और कारगिल में शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद, शौर्य सम्मान से सम्मानित वीर नारी और कारगिल युद्ध का हिस्सा रह चुके सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि ने कहा कि प्रदेश को वीर भूमि होने का श्रेय प्राप्त करने में हिमाचल के वीर सपूतों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। राष्ट्र धर्म के लिए अपने प्राणों की बलि दे देना पूजनीय है। उन्होंने कहा कि सैनिक अपने प्राणों की आहुति देने से पीछे नहीं रहे हैं। कारगिल युद्ध में हिमाचल के 52 वीरों ने अपने प्राण देश के लिए न्योछावर किए हैं। हमें उनके बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति से आज तक हिमाचल प्रदेश के लगभग 1714 वीरों ने अपने प्राण देश के लिए न्योछावर किए हैं।




मौजूद गणमान्य व इनसेट में शहीद की पत्नी को सम्मानि करते डॉ. धनीराम।



### कार्यक्रम में इन्हें किया गया सम्मानित

**शहीद** ग्रेनेडियर नरेश कुमार की धर्मपत्नी शकुंतला गांव मूल भजी डा. थैला तहसील सुन्नी जिला शिमला और शौर्य चक्र सम्मानित बलिदानी राइफलमैन कुलभूषण मांटा की धर्म पत्नी नीतू कुमारी गांव गौंठ तथा शहीद लांस नाइक किशोरी लाल की धर्म पत्नी प्रवीण कुमारी को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। इसके साथ ही कारगिल युद्ध का हिस्सा रहे पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सुबेदार रतन सिसोदिया, सूबेदार मेजर दिवाकर दत्त शर्मा, सूबेदार मेजर शाम लाल शर्मा, सूबेदार मेजर कैलाश चौहान, सूबेदार वेद प्रकाश शर्मा, हवलदार लक्ष्मी दत्त शर्मा, हवलदार राम लाल, हवलदार प्रवीण, सुबेदार राम लाल शामिल रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** कारगिल विजय दिवस पर उपमंडल मुख्यालय चौपाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार रेखा शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि कारगिल में 52 सैनिक हिमाचल से ही शहीद हुए थे, जिसमें नेरवा के कलारा गांव का जाबांज श्याम सिंह भी दुश्मन से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ था। इसी उपलक्ष्य में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।



शपथ लेते हुए गणमान्य।

# वामपंथी मित्रों के दबाव में सरकार ने जल्दी में लागू किया यूनिवर्सल कार्टन

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन की शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश सरकार के फैसले के बाद इस साल सेब यूनिवर्सल कार्टन में फल मंडी पहुंच रहा है, लेकिन सिंगल लेयर यूनिवर्सल कार्टन डब्बे की क्वालिटी बागवानों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। इसी बीच अब इस मामले ने राजनीतिक तूल भी पकड़ लिया है। भाजपा ने इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस सरकार ने वामपंथी मित्रों के दबाव में आकर जल्दबाजी में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला ले लिया। जिसका नुकसान अब बागवानों को झेलना पड़ रहा है। साथ ही टेलिस्कोपिक कार्टन के पूरी तरह बैन पर भी भाजपा ने सवाल उठाए हैं। साथ ही भाजपा ने इस साल बागवानों को टेलिस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल पर रिलैक्सेशन देने की भी मांग की है।हिमाचल भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस साल प्रदेश में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला लिया है, लेकिन इस कार्टन की क्वालिटी बेहद खराब होने से बागवान को सेब का नुकसान हो रहा है। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने वामपंथी मित्रों के दबाव में आकार जल्दबाजी में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला किया। चेतन बरागटा ने इसके अलावा कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इस साल सेब में बीमारियां लग रही है, लेकिन सरकार ने अभी तक इसको लेकर एडवाइजरी जारी नहीं कही है। वहीं इतना सब होने के बावजूद अभी तक शिमला कांग्रेस की लीडरशिप पूरे प्रकरण से गायब है।



जानकारी देते हुए गणमान्य।

# मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए हो घोषित



सम्मलेन के दौरान मौजूद कमेटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन संबंधित सीटू इकाई सुन्नी बांध हाइड्रो परियोजना का पहला सम्मेलन में ओमप्रकाश को अध्यक्ष, प्रेम प्रकाश को महासचिव, हेमराज को कोषाध्यक्ष, नेकचंद, देवेंद्र, संदीप, जितेंद्र, मनीष को उपाध्यक्ष, दुष्यंत, राज शाही, टेक चंद, यशपाल, सतीश को सचिव, केशव, मीन चंद, अजय, मलूक, दुनी चंद, संजय, अरुण, सेवानंद, नमन, बच्चू राम, गुलशन, गोपाल, विनोद, रमेश, पारस, राकेश, कैलाश, घनश्याम, भूपेंद्र, किट्टू व तोता राम सहित 35 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

सीटू प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, अध्यक्ष ओमप्रकाश, महासचिव प्रेम प्रकाश, हिमाचल किसान सभा अध्यक्ष कुंदन शर्मा, भीमी राम शर्मा, मनु पाल व मोहन शर्मा ने मांगों को पूरा करने की मांग की है।

## नौटीखड्डु में छात्र की नहाते समय डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नौटीखड्डु में एक एनसीसी छात्र की नहाते समय डूबने से मौत हो गई है। यह हादसा चाबा नामक स्थान पर हुआ। मृतक छात्र की पहचान कुश ठाकुर (20) निवासी अर्की जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक सुन्नी के सरकारी स्कूल में 16 से 24 जुलाई तक एनसीसी शिविर का आयोजन हुआ था। बच्चे अपने स्कूल व घरों को लौट गए। जबकि 25 बच्चे विभिन्न स्कूलों के शिविरों में ही ठहरे थे। बुधवार को शिविर इंचार्ज श्याम लाल के पर्यवेक्षण में ये बच्चे नौटीखड्डु स्थित चाबा में नहाने व कपड़े धोने गए थे। इस दौरान एक छात्र कुश ठाकुर नहाने के लिए पानी में उतर गया। नहाते समय डूब गया।

पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# जुन्गा अस्पताल में न खोला जाए नशा मुक्ति केंद्र : डॉ . तंवर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से सिविल अस्पताल जुन्गा में नशा मुक्ति केंद्र खोला जाना प्रस्तावित है जिसके लिए प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है । सूत्रों के अनुसार आगामी 29 जुलाई को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम इस प्रस्तावित नशा मुक्ति केंद्र के स्थान व व्यवस्था का निरीक्षण करेगी। इसमें नशे से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के लिए 16 बिस्तर, लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी ।

किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने जुन्गा के लिए नशा मुक्ति केंद्र स्वीकृत करने का स्वागत किया है। इन्होने सरकार से आग्रह किया है कि इस केंद्र को सिविल अस्पताल में खोलने की बजाए जुन्गा में किसी अन्य स्थान पर खोला जाए । डॉ. तंवर का कहना है कि वर्तमान में यह अस्पताल 25 बिस्तरों वाला है। निकट भविष्य में इस अस्पताल का दर्जा प्रदेश सरकार आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाने जा रही है जिसमें विशेषज्ञों चिकित्सकों की टीम के अलावा 50 से एक 100 बिस्तरों की व्यवस्था होगी। जुन्गा पंचायत के प्रधान बसी लाल कश्यप ने बताया कि वह शीघ्र की इस समस्या को लेकर सचिव स्वास्थ्य विभाग से भेंट करेंगे और पंचायत की ओर से जुन्गा में किसी भी अन्य स्थान पर केंद्र खोलने बारे प्रस्ताव दिया जाएगा।

जिला कल्याण अधिकारी शिमला केआर चैहान ने बताया कि सिविल अस्पताल जुन्गा में शीघ्र ही नशामुक्ति केंद्र खोलना प्रस्तावित है जिसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है।

## कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि की अर्पित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसएफआई शिमला जिला कमेटी द्वारा शिमला जिला के विभिन्न महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एस एफ आई उन तमाम शहीदों की शहादत को याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि दी।

जिला भर में एसएफआई ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम आयोजित किए। एसएफआई ने शिमला शहर के कोटशेरा, संजौली, सांध्यकालीन और रामपुर,सावडा कॉलेज के अंदर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# 50 वर्ष बाद सड़क व पुल की सुविधा से जुड़ेगा बगड़ू गांव

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

▶ **नाबार्ड के तहत 8.55 करोड़ रुपए हुए मंजूर**

50 वर्षों के बाद विधानसभा क्षेत्र भरमौर का बगड़ू गांव सड़क व पुल की सुविधा से जुड़ जाएगा इसके लिए सरकार ने 8.50 करोड रुपए की लागत की बड़ी परियोजना के तहत सड़क व पुल को मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही इस सड़क का टेंडर होगा और यह गांव सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा।

जब भरमौर के खड़ामुख में पुल का काम चला था इस दौरान इस गांव के लिए सड़क के सर्वे का काम शुरू हो गया था। हालांकि कई जगह सड़क बन भी गई है, लेकिन बजट व पुल न होने के कारण इस सड़क का अधूरा निर्माण ही हो पाया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता मीत कुमार शर्मा ने कहा है जल्द ही उक्त सडक का टेंडर हो जाएगा और यहां के लोगों की बरसों पुरानी मांग पूरी हो जाएगी। इस सडक का निर्माण हो जाने के बाद ग्राम पंचायत पूलन दोनों तरफ से सड़क सुविधा से जुड जाएगा। सहायकाअभियंता विशाल चौधरी ने कहा है कि 4 किलोमीटर बनने वाली इस सड़क निर्माण पर 8.55 करोड़ खर्च किये जाएंगे,जिसके तहत इस सडक को पक्का भी किया जाएगा।

# मिंजर मेले से संबंधित सभी तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

▶ **आखिरी सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड सिंगर जावेद अली प्रमुख कलाकार होंगे**

अंतरारष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित प्रबंधो के अलावा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरारष्ट्रीय मिंजर मेला कमेटी मुकेश रेपसवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि इस बार मिंजर मेले में जिला चंबा के कलाकारों सहित हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकारों को विशेष महत्व दिया जा रहा है ताकि प्रदेश की युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रस्तुत करने का ज्यादा से ज्यादा मौका मिल सके। मेले की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में 4 अगस्त को बॉलीवुड सिंगर जावेद अली प्रमुख कलाकार होंगे इसके अतिरिक्त मेले के दौरान तीन बॉलीवुड सांस्कृतिक संध्याएं, तीन पंजाबी सांस्कृतिक संध्याएं तथा तथा प्रत्येक प्रत्येक सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के प्रमुख कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।



अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले संबंधी जानकारी देते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल व अन्य।

उन्होंने बताया कि जिला चंबा सहित प्रदेश के अन्य जिलों से कुल 22 प्रमुख हिमाचली कलाकार मिंजर मेले की विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं में लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने कहा क्योंकि मिंजर मेला को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है इसलिए इस बार मेले में अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियां शामिल करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इस बार मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या शहीदों के नाम रहेगी, जिसमें जिला के विभिन्न हिस्सों के शहीदों के परिजनों तथा वीर नारियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

इसे पूर्व पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने मिंजर मेले के दौरान सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं बारे जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत मिंजर मेला क्षेत्र को 3 सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

---

**सूडोकु 0008** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

---

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 जुलाई, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** सप्तमीः (9:21) **: नक्षत्र :** रेवती (1:00), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** धृति (10:43) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (9:03 -10:45 ।

**विशेष दिन**

» 27 जुलाई 2024 : शीतला सप्तमी आज।

» 27 जुलाई 2024 : पंचक आज होंगे समाप्त।

**मेषः** आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से कर्ज लेना चाहें तो कदापि न लें।

**वृषभः** आज का दिन बहुत व्यस्त रहेगें। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

**मिथुनः** आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित हो सकता है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी।

**कर्कः** भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

**सिंहः** माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे, मधुरवाणी का प्रयोग करें, अन्यथा संबंधों में कटुता आएगी।

**कन्याः** आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय का योग भी है।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्तिभाव व निष्ठा रखें।

**वृश्चिकः** आज आपका मन अशांत एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**धनु :** आपकी विद्या, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकरः** ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें, भविष्य में लाभ होगा।

**कुंभः** बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आपको अपने परिजनों से विश्वासघात मिलने की आशंका है। सांसारिक सुख भोग, नौकर-चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा।

**मीनः** बहुत समय से पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे।

---

# शहीद साथियों को श्रद्धांजलि हेतु 1,400 किमी का सफर

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

▶ **55 सालों बाद कारगिल पहुंचे 83 वर्षीय नायब सूबेदार**

भारतीय सेना में रहकर जो जज्बा सैनिक के दिलो दिमाग में आ जाता है उसे वह जीवन पर्यंत बरकरार रखता है। सेवानिवृत्त नायब सूबेदार रतन सिंह रावत ने इस सैनिक जज्बे को बरकरार रखा हुआ है।

इसी जज्बे के साथ मंडी शहर के पास गांव दूदर (छपौण) निवासी रतन सिंह रावत 83 साल की उम्र में 55 साल बाद कारगिल स्थित सैनिक कुड में 1971 के युद्ध के शहीद स्मारक पर गत दिनों अपने उन साथियों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे जिनके साथ मिलकर उन्होंने दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। 24 साल फौज में और उसके बाद 10 साल पुलिस सेवारत में रहे रावत ने बताया कि उनकी बहुत पहले से इच्छा थी कि कारगिल जाकर अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी जाए। आखिरकार उन्होंने अपने साथ मंडी के ही सिवलीयन दोस्तों अवनीश पटियाल, सरदार मनजीत काका और हरेंद्र पठानिया विक्की को तैयार किया व कारगिल में जाकर अपनी इच्छा को अमली जामा पहनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके लिए आने जाने में उन्होंने लगभग 1400 किलोमीटर का सफर तय किया।

उल्लेखनीय है कि 1971 की लड़ाई पाकिस्तान के साथ एक वृहद स्वरूप में हुई थी। उस दौरान रतन सिंह रावत नायक के पद पर 18 पंजाब रेजीमेंट में कार्यरत थे। 1971 की लड़ाई के शहीदी स्मारक सैनिक कुंड कारगिल में श्रद्धांजलि देकर लौटने के बाद वे ऐसे खुशी महसूस कर रहे हैं जैसे उन्होंने एक और जंग जीती हो। (अनंत ज्ञान)

# मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन प्रक्रिया संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए कलाकारों की चयन प्रक्रिया आज संपन्न हो गई जिसमें आज अंतिम दिन स्क्रीनिंग कमेटी ने उपमंडल चंबा से संबंधित और बाहर के 155 कलाकारों का ऑडिशन लिया।

उन्होंने बताया कि पांच दिन चले इस ऑडिशन प्रक्रिया में जिला चंबा के विभिन्न उपमंडल और जिला से बाहर के 700 कलाकारों का ऑडिशन लिया।

उन्होंने बताया कि जैसा कि विदित है कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 28 जुलाई से 4 अगस्त के बीच आयोजित होगा जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। भाषा अधिकारी ने बताया कि ओडिशन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात गायकों व नृतक दलों को मेरिट के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के मंच पर प्रस्तुतियां देने का मौका दिया जाएगा।

# मजदूर यूनियन ने सुन्नी के चेवड़ी में किया सम्मेलन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन संबंधित सीटू इकाई सुन्नी बांध हाइड्रो परियोजना का पहला सम्मेलन चेवड़ी में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, शिमला जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, यूनियन अध्यक्ष ओमप्रकाश, महासचिव प्रेम प्रकाश, हिमाचल किसान सभा अध्यक्ष कुंदन शर्मा, भीमी राम शर्मा, मनु पाल व मोहन शर्मा ने कहा कि मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द करने, किसान मजदूर एकता को मजबूत करने, काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 घंटे करने के खिलाफ मजदूरों को लामबंद होने की जरूरत है।सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमजोर करने के कारण बढ़ती महंगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है।

कमेटी में ओमप्रकाश को अध्यक्ष, प्रेम प्रकाश को महासचिव, हेमराज को कोषाध्यक्ष, नेकचंद, देवेंद्र, संदीप, जितेंद्र, मनीष को उपाध्यक्ष, दुष्यंत, राज शाही, टेक चंद, यशपाल, सतीश को सचिव, केशव, मीन चंद, अजय, मलूक, दुनी चंद, संजय, अरुण, सेवानंद, नमन, बच्चू राम, गुलशन, गोपाल, विनोद, रमेश, पारस, राकेश, कैलाश, घनश्याम, भूपेंद्र, किट्टू व तोता राम सहित पैंतीस सदस्य मनोनित किए गए ।(अनंत ज्ञान)

# नेरवा के श्याम ने 1999 में देश के लिए दिया था सर्वोच्च बलिदान

**सपना सूद, नेरवा**

1999 में हुए कारगिल युद्ध में मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले नेरवा के जाबांज शहीद श्याम सिंह के बलिदान को कृतज्ञ क्षेत्रवासी कभी भी नहीं भुला पाएंगे । नेरवा के निकटवर्ती गांव कलारा में 26 जनवरी 1974 को नन्द राम व देवकू देवी के घर जन्मे श्याम सिंह को स्कूल के समय से ही सेना में भर्ती होने का सपना था व 29 दिसंबर 1994 को उनका यह सपना उस समय पूरा भी हो गया जब उनकी भर्ती सेना की 13 जेक राइफल कंपनी में हुई । साल 1999 में पाक ने नापाक हरकत करते हुए कश्मीर के कारगिल में घुसपैठ कर डाली । भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन विजय के नाम से अभियान चलाया गया ।



श्याम सिंह भी ऑपरेशन विजय की चार्ली कंपनी कमांडर असॉल्ट टीम का हिस्सा बने व सेना की कंपनी के साथ 5 जुलाई को कारगिल में टाइगर हिल की मश्कोह घाटी सेक्टर के प्वाइंट 4875 की ओर दुश्मनों से लोहा लेने के लिए निकल पड़े । सेना की यह टुकड़ी बेहद खराब मौसम व विपरीत परिस्थितियों के बीच उस और बढ़ रही थी जहां भारी मात्रा में दुश्मन छुपे थे,जिस का सेना को कोई अंदाज नहीं था।

इस दौरान अचानक श्याम सिंह का सामना दुश्मन से हो गया व मुठभेड़ में उन्हों ने एक दुशमन को वहीं पर मार कर ढेर कर दिया जबकि एक अन्य को बुरी तरह घायल कर दिया । श्याम सिंह दुश्मन की एक स्नाइपर राइफल से चली गोली का शिकार होकर शहीद हो गए। श्याम सिंह की शहादत के बाद मरणोपरांत विशेष सेना मैडल वीर चक्र प्रदान किया गया तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा का नाम वीर चक्र शहीद श्याम सिंह के नाम पर रखा गया।(अनंत ज्ञान)

**खुशी** कोई पहले से बनाई हुई चीज नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है।
-दलाई लामा

## संपादकीय

# कब्जाधारियों पर सख्ती

हिमाचल में वन भूमि पर अवैध कब्जे अब नियमित नहीं किए जा सकेंगे। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार वन भूमि पर अवैध कब्जों को नियमित करने की शक्ति नहीं रखती। हाईकोर्ट की इस सख्ती के कई मायने हैं। दरअसल, हिमाचल में पर्यावरण का स्तर पिछले कुछ सालों से गिरता चला जा रहा है। इस वजह से मौसम चक्र में भी बदलाव आए हैं। हाईकोर्ट के इस फैसले का असर कब्जाधारियों पर पड़ना निश्चित है। कोर्ट के आदेश के बाद, वन भूमि पर कब्जाधारियों को अपनी जमीन की किस्म बताने के आदेश जारी किए गए हैं इससे उन लोगों पर असर पड़ेगा जिन्होंने वन भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। ऐसे में उन्हें अपनी जमीन छोड़नी पड़ सकती है। इस फैसले से वन भूमि का संरक्षण होगा और अवैध कब्जों पर निश्चित रूप से रोक लगेगी। हिमाचल प्रदेश के वन क्षेत्रों की सुरक्षा होगी और वन्य जीवन को बचाया जा सकेगा।

राजनीतिक और सामाजिक असर भी पड़ेगा। इससे उन लोगों पर असर पड़ेगा जो वन भूमि पर कब्जा करने के लिए राजनीतिक और सामाजिक दबाव डालते थे। उन लोगों पर आर्थिक असर पड़ेगा जो वन भूमि पर कब्जा करके सेब बागीचे और अन्य फसलें उगाते थे इससे उन्हें अपनी आय का स्त्रोत खोना पड़ सकता है। वन भूमि पर अवैध कब्जे करने के कई तरह के नुकसान होते हैं। सबसे ज्यादा वनस्पति और जीव-जंतुओं की क्षति होती है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो जाता है। यही नहीं, अवैध कब्जों से मिट्टी का क्षरण होता है, जिससे भूमि की उर्वरता कम होती है। वन भूमि पर अवैध कब्जे से जल संकट पैदा होता है, क्योंकि वन भूमि जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वन्य जीवन की क्षति होती है, जिससे जैव विविधता कम होती है। आदिवासी समुदायों की क्षति होती है, जो वन भूमि पर निर्भर होते हैं। राज्य को आर्थिक नुकसान पहुंचता है, क्योंकि वन भूमि से प्राप्त होने वाले संसाधनों का दोहन नहीं हो पाता है। 1990 और 2000 के दशक के बीच पहाड़ों पर मीलों तक हरियाली फैली होती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में विकास की अंधी दौड़ के चलते चीजें तेजी से बदली हैं। अब हिमाचली समाज और पहचान में प्रांतीयता नहीं, बल्कि विकास शामिल हो गया है।

इस पहाड़ी राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बिजली जैसे क्षेत्रों में तेजी से तरक्की की है और दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए एक मॉडल बन गया, लेकिन हिमाचल की मौजूदा स्थिति के पीछे एक बड़ा विरोधाभास भी छिपा है। एक बेहतर वर्तमान और भविष्य की ओर अपना रास्ता बनाते हुए राज्य ने उस विशेषता को नजरअंदाज कर दिया है जिसने इसकी पहचान है तथा जो एक विशिष्ट चरित्र प्रदान करती है। लोगों ने वन भूमि पर ऐसे ऐसे ढांचे खड़े कर लिए हैं कि थोड़ी सी हलचल होने पर मंजिलें धराशायी हो जाती हैं। वर्ष 2023 में मानसून सीजन के दौरान जुलाई और अगस्त में राज्य पर प्राकृतिक आपदा ने जमकर कहर बरपाया था, लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी जिंदगी को दांव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं और रातोंरात अवैध ढांचे सरकारी जमीनों पर खड़े कर दे रहे हैं। हालांकि सरकार ने भी सख्त कानून बनाए हैं, लेकिन मनमानी करने वाले लोग उन कानूनों को ठेंगे पर रखते हैं और जब प्राकृतिक आपदा से नुकसान होता है तो उसकी भरपाई के लिए सरकार से गुहार लगाने लग पड़ते हैं।

हाल के वर्षों में हिमालय क्षेत्र में सबसे ज्यादा नुकसान निर्माण गतिविधियों से हुआ है। अगर हम अतीत से लेकर आज तक पहाड़ों को हुए पर्यावरणीय नुकसान का चार्ट बनाएं, तो हमारी आधुनिक गलतियां औपनिवेशिक योजनाओं की वजह से पैदा हुई परेशानियों से कहीं ज्यादा होंगी। पृथ्वी पर पड़ने वाला यह एक ऐसा बोझ है, जिसे कभी भी बहुमंजिला संरचनाओं, अंधाधुंध पनबिजली परियोजनाओं या विशाल अपशिष्ट निपटान मुद्दों से नहीं जूझना पड़ा। दो साल पहले शिमला में कच्ची घाटी नामक एक बस्ती में एक बहुमंजिला इमारत ढह गई थी। वायरल वीडियो क्लिप ने भले ही सभी को भयभीत कर दिया हो, लेकिन उसका हैरानीजनक पहलू यह था कि वह विशाल इमारत उस इलाके में बनी थी जिसके बारे में पहले चेतावनी दी गई थी। कच्ची घाटी का मतलब ही कमजोर घाटी होता है। अगर इंसान में इतनी सी समझ आ जाए कि दलदली या कच्ची जमीन पर निर्माण नहीं करना है तो सारी समस्या ही हल हो सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिने अभिनेता और टीवी कलाकार

**आसिफ** बसरा भारतीय सिने अभिनेता और टीवी कलाकार थे। इसके साथ ही वह रंगमंच के प्रसिद्ध कलाकार थे और कई नाटकों में काम किया था। आसिफ बसरा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। उन्होंने टीवी सीरीज 'वो' से करियर की शुरुआत की थी। हाल ही वह 'हॉस्टेजेस' वेब सीरीज में भी दिखे। इसके अलावा आसिफ बसरा 1998 में आई हॉरर सीरीज 'एक्स जोन' में भी नजर आए। 'ब्लैक फ्राइडे', 'परजानिया', 'काई पो चे', 'जब वी मेट', 'वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई', 'कृष', 'एक विलन', 'मंजूनाथ', 'कलाकंदी', 'फिक्री अली' और 'द ताशंकद फाइल्स' जैसी दर्जनों फिल्मों में आसिफ बसरा ने अहम रोल निभाए। आसिफ बसरा ने फिजिक्स में बीएससी किया था और इसके अलावा एक कंप्यूटर कोर्स भी। बताया जाता है कि आसिफ ने ऐक्टिंग की कोई ट्रेनिंग नहीं ली थी और बहुत ही कम उम्र से उन्होंने स्टेज पर ऐक्टिंग करना शुरू कर दिया था। ग्रेजुएशन और फिर कंप्यूटर कोर्स करने के बाद आसिफ मुंबई में नौकरी करने लगे थे और जो भी सैलरी मिलती, उसे वह नाटक देखने में खर्च कर देते थे। यहीं से उन्हें एक्टिंग का और भी चस्का लगा। आसिफ बसरा मुंबई में एक्टिंग के अलावा 'पृथ्वी थिएटर' में युवाओं को ट्रेनिंग देते थे और उन्हें एक्टिंग के गुर सिखाते थे। बताया जाता है कि आसिफ बसरा ने अंतिम के 5 साल मैक्लोडगंज में एक किराये के मकान में गुजारे। ■



आसिफ बसरा
जन्म : 27 जुलाई, 1967
मृत्यु : 12 नवंबर, 2020

## अपनी बात

**आज** हर राज्य में फोरलेन बन रहे हैं। फोरलेन बनना कोई बुरा नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है इसके लिए भी भौगोलिक परिस्थितियों को देखना समझना बहुत जरूरी है। कहीं हम विकास की इस अंधी दौड़ में बड़े खतरे तो नहीं मोल रहे हैं। कहीं फोरलेन के लिए पेड़ों की यह अंधाधुंध कटाई हमारे पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र को तो नहीं बिगाड़ रही। कहीं हम विकास की दौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ रहे। यह सवाल आज मानव सभ्यता के लिए है, क्योंकि मानव सभ्यता ने आज अपनी सुविधाओं के स्वार्थ में हर तरफ कंकरीट के जंगल फैला रखे हैं। ये कंकरीट के जंगल प्राणियों के लिए जीवनदायी कई पेड़ों की हत्या के बाद बने हैं। ऐसा लगता है अब इन हालात को रोकना होगा और पर्यावरण के बारे में सोचना होगा, तभी भविष्य के सर्वनाश को रोका जा सकता है, तभी हमारी आगे आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।
-मुकेश शर्मा, धर्मशाला

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारत के वीर सैनिकों का बलिदान अतुलनीय

कारगिल युद्ध में जहां कई वीर सपूतों को हमने खोया, वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं में सन् 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो करीब 60 दिनों तक चला। इसी कारण 26 जुलाई का दिन देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को इस दिन श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को स्मरण किया जाता है।

अटूट विश्वास क्यों न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश का कुल 16500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन के अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं।

3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। पूर्व केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी देश अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएगा।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

एनडीए सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमा पार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं तो बड़ी आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं।

सार्क अधिवेशनों में वैसे हर साल आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं की जाती हैं। भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश की मदद करके हमेशा ही बेहतरीन पड़ोसी देश होने का अपना दायित्व निभाया है। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया। दक्षिण एशिया के देशों में पड़ोसी देश पाकिस्तान हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एकमात्र वजह है कि आज दक्षिण एशिया के देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से घिरे हुए हैं। उधर, पश्चिमी साम्राज्यवाद की नीति ने खलल डाला कि एक अमीर पश्चिमी और दूसरा उत्तरी गरीब पश्चिमी देश बन गया।

जो बजट जनता के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था, अब वही आधुनिक तकनीक के हथियारों को खरीदने और दूसरे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने पर खर्च किया जा रहा है।

वर्तमान समय में पड़ोसी देश चीन के सहारे भारत की सीमाओं पर घुसपैठ बढ़ाने की फिराक में मशगुल है। भारत और चीन सीमा विवाद की वजह से चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया था। भारत की इस पहल पर अन्य देश भी अमल कर रहे हैं। यह भी एक तरह भारत-चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कूटनीति का सबूत दे रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भी भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बिगुल फूंका है। पूर्व केंद्र सरकार प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जम्मू-कश्मीर को पर्यटन का बेहतरीन स्थल बनाने के लिए प्रयास किया है। इस राज्य के विकसित होने के बाद इसका संपूर्ण विकास संभव है। भारत बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक बैठक करने जा रहा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर का कायाकल्प किया जाना प्रमुख उद्देश्य रहेगा। भारत जम्मू-कश्मीर को व्यापारिक हब बनाकर वहां की जनता के लिए रोजगार के साधन सृजित करने वाला है। जम्मू-कश्मीर पर अपना आधिपत्य जमाने वालों के लिए यह करारा जवाब होगा। पड़ोसी देश की बजाय कल तक मित्र देश नेपाल भी विरोधी स्वर दिखा रहा था।

भारत पर अटूट विश्वास रखने वाले नेपाल को भी चीन ने अपने रंग में फिलहाल रंग लिया था। नेपाल भारत का कुछ हिस्सा अपना बताकर तनावपूर्ण स्थिति बनाए हुए था। ठीक यही वजह है कि नेपाल में महंगाई चरम सीमा में बढ़ गई। नेपाल की अधिकांश जनता आज भी भारत की समर्थक है जो कि अपनी सरकार के इस ऐलान का विरोध कर रही थी। पड़ोसी देश पाकिस्तान की जनता भी चीन की मददगार नीति को जान रही है। दक्षिण एशियाई देशों में भारत से बड़ा कोई और मददगार नहीं हो सकता, यह बात सभी को स्मरण रखनी होगी। पूर्व केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर पड़ोसी देश का मीडिया उसकी खूब प्रशंसा करता है। पड़ोसी देश की जनता भी अगर नरेंद्र मोदी की कायल होती जा रही है तो यह उनके कुशल नेतृत्व का नतीजा है। बहरहाल कारगिल के योद्धाओं को नमन है। सेनाओं का सशक्त होना हर्ष का विषय है। केंद्र में एनडीए सरकार सत्तासीन होते ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद एक बार फिर क्यों उभर रहा देश की जनता के मन में यह सवाल उठ रहा है।

आतंकवादियों द्वारा माता बैष्णों देवी मंदिर को जा रहे श्रद्धालुओं पर कायरता पूर्ण तरीके से गोलीबारी करके लोगों को मौत के घाट उतारकर दहशत पैदा करने की कोशिश की है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बेशक सीमा पार के आतंकवादी फैला रहे, मगर जब तक देश के अंदर बैठे गद्दार उनकी मदद नहीं करें तो वह कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकते है।

भारत को खतरा आतंकवादियों से कम देश के गद्दारों से अब ज्यादा है। बढ़ती आतंकी गतिविधियों से देश में दहशत का माहौल बनाने की कोशिश चल रही है। एनडीए सरकार ने भारतीय सैनिकों को आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने को लेकर अभियान छेड़ रखा है। आतंकवादियों की अचानक गतिविधियां बढ़ना, निरंतर पटरियों से रेलगाड़ियां नीचे उतरना जनता के गले नहीं उतर रहा है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# हिमाचल में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न सूखे की उग्र समस्या

विश्व में जलवायु परिवर्तन आज के समय में सबसे बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। यह समस्या न केवल इस पीढ़ी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक गंभीर समस्या बनकर उभरेगी और इन सभी समस्याओं के लिए आज के युग का समाज पूर्ण इतिहास जिम्मेदार होगा, ऐसा इसलिए है क्योंकि आज का इंसान अपनी सुख-सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों एवं प्रकृति का अंधाधुंध उपयोग कर रहा है। जिसका कुछ परिणाम हम महसूस कर पा रहे हैं जैसा कि प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी, अत्यधिक मौसम परिवर्तन, पृथ्वी का अत्यधिक गर्म होना तथा कोरोना महामारी जैसे मानव निर्मित आपदाएं इसके सबसे अच्छे उदाहरण हैं।



लेखक : राजन शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ

इसी के संदर्भ में भारत के उत्तर-पश्चिम हिमालय क्षेत्र में बसे हुए सुंदर हिमाचल प्रदेश में भी जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिल रहा है। जैसा कि हर वर्ष हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी नवंबर माह में आरंभ हो जाती थी, जिससे कि बागवानों के चेहरे खुशी से खिलते थे तथा निचले क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने से गेहूं की फसल पैदावारी में चार चांद लगाती थी। इसी जलवायु परिवर्तन के कारण ही हिमाचल प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न होने को है।

इस सूखे की स्थिति से हिमाचल के बागवानों एवं किसानों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है तथा जिससे कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी कमजोर होगी एवं रोजगार के अवसर भी कम बनेंगे।

इन फसलों की कम पैदावारी होने पर बाजार में वस्तुओं के मूल्य में भी आने वाले समय में भारी उछाल देखने को मिल सकता है। इस सूखे की स्थिति से केवल फसलों को ही नहीं बल्कि पेयजल योजनाओं एवं सिंचाई योजनाओं में भी समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके कारण शिमला जैसे बड़े शहरों में जल संकट उत्पन्न होने की संभावना है। हिमाचल के सिरमौर जिला की बात करें तो यहां पर विश्व प्रसिद्ध अदरक एवं लहसुन की पैदावार की जाती है तथा इस जलवायु परिवर्तन एवं सूखे की स्थिति होने पर इन बहुमूल्य फसलों पर भी नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा, जिससे कि बाजार में इनकी कीमतें अधिक होगी।

सूखे से सिर्फ इंसानों को ही नहीं बल्कि पशुओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे कि उनके पीने का जल एवं खाने के लिए चारा इत्यादि की भारी कमी भी देखने को मिलती है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए केवल सरकार ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को भी आगे आना होगा तथा इसके दुष्परिणामों को समझना होगा एवं जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले कारणों पर रोक लगानी होगी। इस सूखे की स्थिति से निपटने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार कर पानी के प्रयोग को कम से कम किया जाए अर्थात अनावश्यक रूप से जल को व्यर्थ न गवाएं एवं वर्षा के जल को संचित किया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### वीर गति

अन्नू रानी शर्मा
साहित्कार, चंडीगढ़

*हे वीर! लहू जब तेरा गिरकर बहा धरा पर*
*हाय! क्या बीती होगी, मरदानी मां पर*
*जिसके अनमोल रतन ने की जां कुर्बान वतन पे*
*वह कितना तड़पी होगी योद्धा लाल गंवाकर*
*हे वीर! लहू जब तेरा गिरकर बहा धरा पर।*
*माता का कोमल दिल तो छलनी हो जाता है*
*जब गोद में खेला बेटा 'धरणी' हो जाता है*
*जाने वह कितनी बार गिरी होगी गश खाकर*
*हे वीर! लहू जब तेरा गिरकर बहा धरा पर।*
*पृथु का सुत होकर आहत, गोदी में तड़पा होगा*
*मां वसुधा के मन प्रांगण में कहर सा बरपा होगा*
*जब विदा हुआ होगा सुत मां को शीश झुकाकर*
*वह कितना तड़पी होगी योद्धा लाल गंवाकर*
*हैं वे ही सच्चे नायक जो प्रण ऐसा लेते हैं*
*जो देश की खातिर प्राणों की आहूति देते हैं*
*नहीं आने देते कष्ट राष्ट्र की जो भूमी पर*
*उनका ऋणी है जग, बलिहारी है उनकी मां पर।*

# वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन और भारत की वित्तीय प्रणाली

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है जो अपने आप में रिकॉर्ड है।

न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आशय यह है कि इन बैंकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैंकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आशय यह है कि बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ

उक्त प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पनप रहे कुछ जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं, क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है, परंतु भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बढ़ा है और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है।

उक्त प्रतिवेदन में विशेष रूप से इन दो जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, एक अन्य मानक के अनुसार, वर्ष 2013 से 2022 के बीच भारतीय नागरिक अपनी कमाई का औसतन 39.8 प्रतिशत भाग बचत करते थे परंतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह भाग घटकर 28.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। बचत, दरअसल दो प्रकार की होती है, एक वित्तीय बचत और दूसरी संपत्ति निर्मित करने हेतु बचत। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत जरूर कम हुई है, परंतु संपत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत में वृद्धि दृष्टिगोचर है। जैसे मकान बनाने हेतु एवं कार खरीदने हेतु की गई बचत को संपत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत की श्रेणी में रखा जाता है।

भारत में हाल ही के वर्षों में संपत्ति निर्मित करने हेतु बचत का रुझान बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। आवास एवं कार आदि जैसी संपत्तियां खरीदने हेतु भारत में मध्यवर्गीय परिवार अपनी बचत के साथ ही बैंकों से ऋण लेकर भी इन संपत्तियों का निर्माण कर रहे हैं।

इससे अर्थव्यवस्था के चक्र में भी तेजी दिखाई देने लगी है, क्योंकि मकान बनाने के लिए स्टील, सीमेंट आदि पदार्थों की खपत भी बढ़ रही है एवं इन उत्पादों का उत्पादन भी विनिर्माण इकाइयों द्वारा अधिक मात्रा में किया जा रहा है, इससे देश में रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। कुल मिलाकर इससे देश के अर्थ चक्र में तेजी दिखाई देने लगी है। साथ ही वित्तीय बचत कम इसलिए भी हो रही है, क्योंकि अब देश का पढ़ा-लिखा नागरिक वित्तीय रूप से अधिक साक्षर हो गया है एवं अब यह स्थिति समझने लगा है कि बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस में बचत करने पर मिल रहे ब्याज की तुलना में शेयर बाजार में निवेश करने तथा सोने एवं चांदी जैसे पदार्थों में निवेश करने से अधिक आय का अर्जन संभव होता दिखाई दे रहा है।

साथ ही भूमि का टुकड़ा खरीदकर उस पर भवन का निर्माण कर तुलनात्मक रूप से अधिक आय का अर्जन किया जा सकता है। अत: बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस के स्थान पर अब देश के नागरिक देश के पूंजी बाजार में अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं। दूसरे मध्यवर्गीय परिवार अब अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। इससे, इनकी कुल आय का अधिक प्रतिशत अब इन मदों पर खर्च होता दिखाई दे रहा है, इससे अंतत: इन परिवारों की बचत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पर्यावरण की सलामती के लिए प्रदेश सरकार हर परिवार को पौधरोपण करे अनिवार्य

अनेक वर्षों से जो विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न हो रही है, वे किसी से छिपी नहीं हैं, जिन विपरीत परिस्थितियों ने मानों मनुष्य और पशु पक्षीयों का जीना दुश्वार कर दिया है।

तो वहीं इन तमाम विपरीत परिस्थितियों के लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो कोई और नहीं इसके जिम्मेदार भी शायद हम ही है साथियों हम आज सभी के समक्ष जिस गंभीर समस्या एवं परिस्थितियों के बारे में चर्चा एवं विश्लेषण करना चाह रहे हैं, वह है दिन-प्रतिदिन पर्यावरण का विपरीत होना और तापमान का बढ़ता स्तर, जिसका आभास आज हर व्यक्ति को हो रहा है।

जिसमें सबसे ज्यादा अगर कोई क्षेत्र प्रभावित हो रहा है तो वह है हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में बढ़ता तापमान,जहां मानों तापमान 45 डिग्री से 50 डिग्री तक पहुंच रहा है। जहां मानों तापमान आग उगल रहा है। इन सभी परिस्थितियों के लिए जनता खुद भी कुछ हद तक जिम्मेदार है, क्योंकि जैसे देखा जाता है कि गांव से दिन-प्रतिदिन शहरों की ओर पलायन हो रहा है, जिन शहरों में कुछ बचे खुचे पेड़ हैं वे भी काटे जा रहे, परंतु हम उन क्षेत्रों में पौधे लगाने से गुरेज कर रहे हैं या फिर अपने भविष्य से ही मानों खिलवाड़ कर रहे हैं। तो वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापित होने से भी तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही हैं, वहीं आज हर घर में सुख-सुविधा के लिए वाहन उपलब्ध है, जिन वाहनों से वातावरण दूषित हो रहा है। तो वहीं अब हम आप पंखे, कूलर और एसी पर आश्रित हो रहे हैं, परंतु साथियों अगर यही हाल भविष्य में भी रहा तो मनुष्य का जीना दुश्वार हो जाएगा। आज अगर सबसे बड़ी जरूरत और मांग बन रही है, तो वह यह है कि हिमाचल प्रदेश सरकार विधानसभा में नीति निर्धारित करें कि हर व्यक्ति या हर परिवार इतनी समय अवधि में इतने पेड़ पौधे लगाएंगे, जिसकी जवाबदेही संबंधित वन विभाग समय-समय पर पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करवाएं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वर्तमान में जो तापमान बढ़ रहा है, उसका असर अब हिमाचल प्रदेश के गांवों में भी देखने को मिलता है। जहां लोगों ने अपने निजी स्वार्थ और विभिन्न उद्देश्य के लिए जंगलों से सैकड़ों पेड़ों को नष्ट कर रहे हैं। तो वहीं उनकी जगह पौधें लगाने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है। जो बहुत ही दुखद और चिंतनीय विषय है।

इसी प्रकार अगर प्रदेश सरकार पौधे लगाना अनिवार्य करती हैं, तो हिमाचल प्रदेश निश्चित तौर पर ऐसा पहला प्रदेश माना जाएगा, जहां पौधे लगाने अनिवार्य किए गए हैं और यह अन्य प्रदेशों के लिए भी कदाचित अनुकरणीय पहल मानी जाएगी।

इसलिए आज हिमाचल प्रदेश सरकार और माननीय मुख्यमंत्री से जनहित में निवेदन और मांग रहेगी कि हिमाचल प्रदेश में हर व्यक्ति और हर परिवार को पौधे लगाना अनिवार्य करें, ताकि हम पौधे लगाना अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, तो साथ ही सरकार के आदेशानुसार और नियमों के अनुसार हर युवा, हर बच्चा और हर व्यक्ति पौधे लगाने के लिए कृतसंकल्प रहे।

अन्यथा सुझाव और सलाह से आज के परिप्रेक्ष्य में समाज में पौधे लगाने के प्रयास मानों नाकाफी साबित हो रहे हैं। क्योंकि आज हम सभी प्रदेश वासियों को इस बात को सुनिश्चित करना पड़ेगा कि अगर हमें भविष्य में शुद्ध हवा शुद्ध वातावरण और उचित आक्सीजन चाहिए, तो पौधे को बरसात के मौसम और साल भर लगाने के भरसक प्रयास होने चाहिए।

अन्यथा जिस प्रकार हर वर्ष तापमान बढ़ता जा रहा है और ग्लेशियर पिघल रहे हैं तो वहीं पानी के स्रोत सूख रहे हैं, ये सब विपरीत परिस्थितियां हम सभी और पशु पक्षीयों के लिए मानों काल बनकर उभर चुकी है। तो वही आजकल हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जंगलों में आग लगने की खबरें आए दिन देखने एवं सुनने को मिलती हैं, जहां पशु पक्षीयों और लोगों को रहना मुश्किल हो रहा है। तो वहीं हरे-भरे जंगल नष्ट होने से मानों जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

आज हम सभी युवाओं और समाज को जागृत और सकारात्मक कदम उठाने की परम् आवश्यकता भी बनी हुई है। तथा जिस हरियाली, घने जंगलों और खुशहाली के लिए देवभूमि हिमाचल प्रदेश को जाना जाता है, उस प्रदेश की सलामती के लिए प्रदेश सरकार को भविष्य में कड़े फैसले और नीति बनाने की भी मानों आज सख्त जरूरत बन चुकी है । अगर प्रदेश सरकार इस गंभीर विषय की ओर विशेष ध्यान देती है तो। मैदानी इलाकों में आए दिन गर्मियों से लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो वहीं अनेक क्षेत्रों में पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। इसलिए अगर सरकार हर व्यक्ति और हर परिवार को पेड़-पौधे लगाने सुनिश्चित करवाते हैं, तो भविष्य में निश्चित तौर पर हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी प्रदेश में फिर से भरपूर मात्रा में हरियाली, वातानुकूलित तापमान और पानी भी भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एमएलएसएम कॉलेज ने मनाया कारगिल विजय दिवस




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर में एनसीसी इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान कैडेट्स द्वारा रैली निकाली गई और कैडेट्स द्वारा स्लोगन व पोस्टर बनाएं गए। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान कॉलेज स्टाफ व कैडेट्स द्वारा कारगिल में शहीद हुए जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कारगिल विजय दिवस पर शपथ समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम स्वाति डोगरा ने कार्यालय कर्मचारियों को देश के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक सुरिंदर कुमार, कार्यालय कानूनगो सुरेंद्र व सलिता ठाकुर सहित ललिता कुमारी, नरेश ठाकुर, कृष्ण कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया कारगिल विजय दिवस



**अनंत ज्ञान, पधर।** कारगिल विजय दिवस पधर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा अतिरिक्त कार्यभार उपमंडला अधिकारी नागरिक पधर ने की। इस अवसर पर वीर नारी और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा ने इस कारगिल विजय दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता




**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पूर्व सैनिक लीग इकाई लडभड़ोल ने गागल में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक प्रकाश राणा ने गागल में कारगिल विजय दिवस अवसर पर पूर्व सैनिक लीग इकाई लडभड़ोल के सदस्यों के साथ मिलकर तिरंगा ध्वजारोहण किया गया। विधायक प्रकाश राणा ने कारगिल शहीद मेहर सिंह की पत्नी राजो देवी को सम्मानित भी किया। इसके साथ ही राख गांव के कारगिल युद्ध घायल हुए कैप्टन विनोद कुमार को भी सम्मानित किया गया।

### पीलिया से ग्रसित लोगों में वितरित किए फल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने स्थानीय अस्पताल में पीलिया से ग्रसित लोगों में फल वितरित किए। फल वितरण के दौरान डॉ. राकेश धरवाल ने रोगियों से मुलाकात की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। डॉ. राकेश ने डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ की भी सराहना की, जिन्होंने मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### भाजपा ने किया कारगिल शहीदों को नमन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जनता पार्टी सरकाघाट द्वारा कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर सरकाघाट हलके के विधायक दिलीप ठाकुर ने विजय दीप प्रज्वलित किया गया। विधायक दिलीप ठाकुर ने कारगिल विजय युद्ध में शहीद हुए जवानों को नमन करके उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यकर्ताओं को शहीद सैनिकों की वीरगाथा से अवगत करवाया उन्होंने बताया कि शाम को एक रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री पवन ठाकुर, संदीप जसवाल, भाजपा प्रवक्ता विनय राणा मंडल कार्यालय सचिव कमलेश नेगी, एससी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप भारद्वाज, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनीत ठाकुर, अध्यक्ष विनीत ठाकुर, युवा मोर्चा महामंत्री, वासुदेव शर्मा, शिवम ठाकुर, ऐसी मोर्चा जिला महामंत्री इंद्र भारद्वाज, प्रदेश मीडिया भाजयुमो सह प्रभारी प्रदीप शर्मा वह अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गालियां देकर भगाई बुरी शक्तियां

**अनंत ज्ञान, मंडी।** देव सुमूनाग व नगलवाणी के पारंपरिक मेले में सात हारियों के हरियानों के साथ देव विष्णु मतलोड़ा ने भी शिरकत की। देवता के गुर मोहर सिंह, पुजारी गिरधारी, गुर पुरुषोत्तम, पुजारी मिथुन ने बताया कि सराज घाटी में तीनों ही देवों की अनंत महिमा है। यहां बुरी शक्तियों को भगाने के लिए तीव्र स्वर से तीखे शब्द बोले जाते हैं, जिससे बुरी शक्तियां भाग जाती हैं।



## कारगिल विजय दिवस पर मंडी में गूंजे भारत माता की जय के नारे

# शहीदों की शहादत पर नमन

**पुष्पराज, मंडी**

26 जुलाई को पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है इस दिन कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाकर जीत का परचम लहराया था। इसलिए इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। बता दें कि इस युद्ध में हिमाचल के वीर जवानों ने भी अपना शौर्य प्रदर्शन किया और हिमाचल प्रदेश के 52 बहादुर सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए। कारगिल युद्ध में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के सबसे अधिक 15 जवान शहीद हुए और मंडी जिला का नाम आता है जहां से 11 जवानों ने वीरगति को प्राप्त किया। कारगिल विजय दिवस पर जिला भर में कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मंडी शहर के इंदिरा मार्केट स्थित संकन गार्डन में शहीद स्मारक पर एनसीसी कैडेट, पुलिस जवान, और पूर्व सैनिकों ने भी वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कि। इस दौरान उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन भी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपायुक्त ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक में मौजूद पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट व अन्य उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। (अनंत ज्ञान)





शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उपरांत सामूहिक चित्र में अधिकारी, जवान व अन्य तथा (नीचे) शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

### शहीद स्मारक में दिलाई शपथ

**करसोग।** देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि। उपमंडल करसोग में कारगिल विजय दिवस पर के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक एसडीएम व उपमंडलाधिकार नागरिक कैलाश कौंडल की अध्यक्षता में शहीद स्मारक करसोग में किया गया। एसडीएम ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक में मौजूद पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट व अन्य उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।



श्रद्धांजलि अर्पित करते गणमान्य।

## कारगिल की विजय, बहादुरी और बलिदान की कहानी



विजय दिवस के दौरान एसडीएम पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

कारगिल विजय दिवस पर उपमंडल अधिकारी कार्यालय में उपमंडल स्तर पर कारगिल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत हुए व विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपमंडल गोहर से भारतीय सेवा में सेवाएं दे चुके भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि व भूतपूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में एसडीएम गोहर में उपस्थित भूतपूर्व सैनिक व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल की विजय, बहादुरी और बलिदान की कहानी है।

### वीर शहीदों को किया याद



कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाते हुए एसडीएम।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

कारगिल युद्ध विजय दिवस के उपलक्ष्य पर एसडीएम कार्यालय जोगिंद्रनगर में वीर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया। एसडीएम मनीश चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा सहित एसडीएम कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस शौर्य व पराक्रम का प्रतीक



एनसीसी कैडेट, डॉ. चमन व उपप्राचार्य डॉ. रविंद्र सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

एनसीसी वायु सेना विंग मंडी व आर्मी विंग ने कारगिल विजय दिवस की 25 वी वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजित किया।

इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय कैडेट कोर ने एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने की।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, कुशल युद्ध नीति, वीरता, जवानों की बहादुरी, शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है।

## विधायक चंद्रशेखर ने शहीदों को किया नमन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

विश्राम गृह टीहरा में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। शहीद स्मारक स्थल टीहरा विश्राम गृह टीहरा परिसर में मुख्य अतिथि और अधिकारियों सहित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर रहे। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शामिल हुए सैनिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न मेडल से सम्मानित सेवानिवृत्त सैनिक प्रतिनिधि वर्ग अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



विश्राम गृह टीहरा परिसर में मुख्य अतिथि और अधिकारी सामूहिक चित्र में।

## जोगिंद्रनगर कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में आज कारगिल दिवस एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य सुनीता सिंह ने कारगिल के शहीदों को याद किया और उनके बलिदान एवं बहादुरी को सराहा।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शहीदों के बलिदान को दर्शाते हुए विभिन्न पोस्टर्स भी बनाए तथा शहीदों के बलिदान के ऊपर अपने विचार भी प्रकट किए।



राजीव गांधी स्मारक कॉलेज में विजय कारगिल दिवस पर भाग लेते विद्यार्थी।

## मजदूरों को क्लेम दिलवाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

सराज क्षेत्र में हजारों मजदूरों के रुके हुए क्लेम व श्रम कल्याण अधिकारी मंडी की मनमानी तथा बोर्ड के उदासीन रवैये को लेकर हिमाचल प्रदेश मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया।

कामगार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संत राम ने कहा कि सराज क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अति दुर्गम व कठिन और कबीलाई किस्म का क्षेत्र है सर्दियों में इस पूरे क्षेत्र के ज्यादातर हिस्से में भारी बर्फबारी होती है। मनरेगा व अन्य निर्माण काम में लगे हुए कामगार जिनकी संख्या हजारों में है जो बीओसीडब्ल्यू कानून के तहत श्रमिक कल्याण बोर्ड से पंजीकृत हुए है परंतु पूर्व सरकार व श्रमिक कल्याण बोर्ड के उदासीन रवैये के कारण इन पंजीकृत भुक्तभोगी गरीब मजदूरों को पिछले 4 वर्षों से बोर्ड से मिलने वाली सुविधाएं जैसे शादी, प्रसूता, छात्रवृति, चिकित्सा, मृत्यु इत्यादि के आवेदन जो कामगारों ने श्रम कार्यालय में जमा किए हुए हैं, उनको उनके लाभ नहीं मिल रहे हैं।

कामगार नेता संत राम ने कहा कि इन हजारों कामगारों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन शीघ्र सरकार को प्रेषित किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)



हस्ताक्षर अभियान चलाने के दौरान सामूहिक चित्र में मनरेगा मजदूर।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी सबूतों के अभाव में बरी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर 1 ने 2.74 लाख रुपए के चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है।

गौरतलब है कि आरोपी इंदर सिंह पुत्र संतराम निवासी गांव समौण डाकघर नालग तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के खिलाफ पंजाब नेशनल बैंक शाखा चनोल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने चेक बाउंस मामले में न्यायालय के समक्ष केस दर्ज करवाया था। जानकारी देते हुए आरोपी के अधिवक्ता जीआर ठाकुर ने बताया कि शिकायतकर्ता बैंक पंजाब नेशनल बैंक शाखा चनोल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने आरोपी ने बैंक से ऋण लिया था। वहीं ऋण राशि के भुगतान के लिए आरोपी ने शिकायतकर्ता बैंक को 2.74 लाख रुपए का एक चेक दिया था। लेकिन आरोपी का चेक बाउंस हो गया था। शिकायतकर्ता बैंक ने आरोपी को कानूनी नोटिस भी जारी किया। न्यायालय में केस के दौरान दोनों पक्षों द्वारा अपने गवाह प्रस्तुत किए गए और साक्ष्यों के अभाव में न्यायालय ने आरोपी को बरी करने का फैसला सुनाया है।(अनंत ज्ञान)

## बगस्याड़ अस्पताल में लगाया दिव्यांगता अवलोकन शिविर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला दिव्यांगता समिति जिला मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि संवेदना कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए थुनाग उपमंडल में नागरिक चिकित्सालय बगस्याड़ में 27 जुलाई को दिव्यांगता अवलोकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा जिला रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आर्मी कैंटिन परिसर में पूर्व सैनिक लीग के जवानों के द्वारा 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर माल्यार्पण कर विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान कर्नल शर्मा, कर्नल धवन,मेजर बरवाल, कैप्टन चन्द्र सिंह, सूबेदार शेष राम सहित आदि मौजूद थे।

## घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत के छह दशकों का मनाया जश्न

**अनिल शर्मा, मंडी**

भौतिकी और पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने आईआईटी रोपड़ और आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत डीएफटी की 60वीं वर्षगांठ पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सिद्धांत और संगणना में प्रगति की मेजबानी की।

स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज द्वारा आयोजित इस सम्मेलन ने क्वांटम मैकेनिकल मॉडलिंग में एक महत्वपूर्ण उपकरण डीएफटी को चिह्नित किया। घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत, सैद्धांतिक और कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान और भौतिकी की उन्नति में एक आधारशिला रहा है, जो परमाणुओं, अणुओं और संघनित पदार्थ की इलेक्ट्रॉनिक संरचना में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

सम्मेलन की संयोजक प्रो. आरती कश्यप ने कहा कि यह सम्मेलन अपने दो-भागीय ढांचे के कारण अद्वितीय था। पहले भाग में घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत की यात्रा और इसकी वर्तमान स्थिति की मौलिक, बुनियादी अवधारणाओं को शामिल किया गया। दूसरे भाग में, विभिन्न संस्थानों के संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न समूहों के शोध कार्य प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम ने न केवल डीएफटी की पिछली उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि इस क्षेत्र में भविष्य के नवाचारों और अनुप्रयोगों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षा में अग्रणी के रूप में आईआईटी मंडी की स्थिति मजबूत हुई। (अनंत ज्ञान)



सम्मेलन के भागीदार एवं आईआईटी परिसर सालगी।

## छात्रों को लूटना बंद करे प्रदेश सरकार : अभाविप

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अभाविप हिमाचल प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट और डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट में की गई फीस वृद्धि के फैसले का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हिमाचल प्रदेश कड़े शब्दों में निंदा करती है।



प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के पहले दिन से ही शिक्षा क्षेत्र में नकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कड़े प्रहार किए हैं, चाहे वह शिक्षण संस्थान बंद करना हो, एसपीयू मंडी का दायरा घटाना हो या टूरिज्म विलेज के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की जमीन हड़पना हो। 25 जुलाई को स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टैट और डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की फीसों में लगभग दोगुनी वृद्धि कर दी जाती है, इस फैसले के कारण छात्रों में आर्थिक बोझ काफी बढ़ गया है। फीस वृद्धि के इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**मनमानी** चुनाहन खड्ड में खनन माफिया हुआ सक्रिय, खनन माफिया के आतंक से परेशान है किसान

# जेसीबी से रेत-बजरी निकालकर माफिया कूट रहा चांदी

**आदर्श, नेरचौक**

नाचन विधानसभा क्षेत्र की सलवाहन व कोट पंचायत की सीमा के साथ लगती चुनाहन खड्ड पर खनन माफिया ने कब्जा कर रखा है। खनन के लिए सक्रिय हुआ माफिया खड्ड में जेसीबी लगाकर लाखों रुपए की रेत बजरी का अवैध खनन कर रहा है जिससे जहां खनन माफिया को मोटी कमाई हो रही है, खड्ड के साथ लगती किसानों की भूमि खतरे की जद में आ गई है। यहां के किसानों की मलकीयत भूमि का कटाव हो रहा है।

अवैध खनन को अंजाम दे रहे खनन माफिया ने जेसीबी से खड्ड में कई जगह पत्थर रखकर खड्ड के रास्ते को ही रेत बजरी के लिए विपरीत दिशा में बदल दिया है। कुदरत के साथ हो रही इस छेड़छाड़ से यहां किसानों की साथ लगती भूमि को खतरा बना हुआ है। खनन माफिया के सक्रिय होने से बीबीएमबी नहर को भी नुकसान पहुंच सकता है। माफिया नहर के नीचे बनी टनल के साथ भी अवैध खनन कर रहा है।(अनंत ज्ञान)



चुनाहन खड्ड में अवैध खनन से खतरे की जद में आई किसानों की मलकीयत भूमि।

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की शिकायत

**खनन** माफिया के इस तांडव के खिलाफ किसानों ने बीबीएमबी प्रबंधन, वन व खनन विभाग सहित सभी विभागों को लिखित शिकायत कर अवैध खनन पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। यहां के किसान लाल सिंह ने बताया कि अवैध खनन से उनकी मलकीत भूमि खतरे की जद में आ गई है।

### शिकायत के बाद खनन विभाग की टीम ने चुनाहन खड्ड का किया दौरा

**किसानों** की शिकायत पर खनन विभाग की टीम ने शुक्रवार को चुनाहन खड्ड का दौरा किया। खनन विभाग के निरीक्षक प्रकाश राणा की अगुवाई में मौके पर पहुंची टीम ने खनन माफिया द्वारा खड्ड से निकालकर साइड में लगाए गए रेत बजरी के ढेरों को चिन्हित किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए निरीक्षक प्रकाश राणा ने बताया कि चुनाहन खड्ड में हो रहे हैं अवैध खनन पर अंकुश लगाया जाएगा तथा अवैध खनन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सैनिक का सम्मान हम सबका दायित्व : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 'कारगिल विजय दिवस' के मौके पर मंडी में भाजयुमो की ओर से आयोजित शहीद सम्मान समारोह में भाग लिया। समारोह में उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं शहीद जवानों के परिवारजनों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व उन्होंने इंदिरा मार्किट के शहीद स्मारक पहुंचकर कारगिल युद्ध के महानायक वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनके साथ स्थानीय विधायक अनिल शर्मा, विधायक बल्ह इंद्र सिंह गांधी और मेयर वीरेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले कल सभी मंडलों में मशाल जुलूस निकाल वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और आज प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। बड़े खेद का विषय है कि सरकारी तौर पर भी ये कार्यक्रम आयोजित हुए लेकिन वहां स्थानीय जन प्रतिनिधियों को नहीं बुलाया गया। ये कार्यक्रम सिर्फ रस्मी नहीं होने चाहिए। मैंने अपने कार्यकाल में ये सुनिश्चित किया था कि ऐसे कार्यक्रम में सभी की भागीदारी हो और सभी दलों के नेताओं को निमंत्रण दिया जाए। दुर्भाग्यवश आज ऐसा नहीं हो रहा है।

एक सैनिक जो देश की सीमाओं की रक्षा करता है, जब वो देश की खातिर अपनी प्राणों की आहुति देता है तो उसका और उसके परिवार का सम्मान करना हम सबका दायित्व बनता है।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेस की कांग्रेस सरकार ने अब छात्रों को ही झटका देना शुरू कर दिया है जोकि गलत है।



वीर नारियों को सम्मानित करने के दौरान सामूहिक चित्र में नेता प्रतिपक्ष व अन्य।

# कारगिल विजय दिवस पर ऊना ने किया शहीदों को याद

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर अमर सपूतों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि





ऊना के शहीदी स्मारक पर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते उपायुक्त जतिन लाल। (दाएं) शहीद बृजेश कुमार स्मारक गेट पर शहीदों को ननावीं में श्रद्धांजलि देते हुए विधायक विवेक शर्मा विक्कू और अन्य।

**राजेश शर्मा, ऊना**

कारगिल विजय दिवस के राज्य जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शहीदों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठनों के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों की ओर से शहीदी स्मारक पर शहीदों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वीरांगनाएं भी मौजूद रहीं।

कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एमसी ऊना के शहीद स्मारक में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त जतिन लाल और कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित वीर चक्र से अलंकृत (रि.) हवलदार देव प्रकाश तथा तथा शौर्य चक्र से सम्मानित ऑनरेरी कैप्टन चरण दास ने शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, जिला कांग्रेस के प्रधान रणजीत राणा, जिला कांग्रेस के ओबीसी सैल के प्रधान प्रमोद कुमार, एमसी ऊना की अध्यक्ष पुष्पा देवी, एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान, जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल एसके कालिया, जिला सैनिक कल्याण विभाग के पूर्व उपनिदेशक मेजर रघवीर सिंह, एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति चंद, राजेंद्र शर्मा, ओपी शर्मा, एसपी शर्मा के अलावा वीर नारियों और पूर्व सैनिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्पांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

समारोह में जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल एसके कालिया ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर जवानों ने कठिन परिस्थितियों में युद्ध लड़कर पाकिस्तान के सैनिकों को खदेड़ा और कारगिल युद्ध में विजय हासिल की।

**25 मई से 26 जुलाई, 1999 तक चला था कारगिल युद्ध :** कारगिल का युद्ध 25 मई, 1999 से 26 जुलाई, 1999 तक चला था। इस युद्ध में पाकिस्तान को भारी क्षति के साथ मुंह की खानी पड़ी थी। 25 जुलाई, 1999 तक भारतीय सेनाओं ने पूर्णतया अपनी सरहदों तथा मोर्चों पर कब्जा कर लिया था तथा 26 जुलाई 1999 को युद्ध विराम होने से हर साल 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस युद्ध में हिमाचल के 52 रणबांकुरों ने, जिनमें ऊना जिले के 2 वीर सैनिक भी शामिल थे, ने अपनी शहादत दी थी। इस युद्ध में 4 सर्वोच्च सम्मान, 4 परमवीर चक्र मिले थे, जिसमें 2 परमवीर चक्र प्रदेश के शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत) तथा सेवारत सिपाही संजय कुमार (अब सूबेदार मेजर) को मिला था। इन वीर सैनिकों पर देश तथा प्रदेश वासियों को नाज है।

**बंगाणा।** क्षेत्र के ननावीं गांव में भी कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कुटलैहड़ के विधायक ने शहीदों को नमन करते हुए क्षेत्र के शाहिद बृजेश कुमार की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश को अपने सैनिकों पर गर्व है और शहीदों के प्रति श्रद्धा का भाव है। उन वीर सपूतों की वजह से हम आजादी का आनंद प्राप्त कर रहे हैं, जिन्होंने अपने खून से देश की सुरक्षा को आंच नहीं आने दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने कहा कि सैनिक एक दिन में तैयार नहीं होता है। जब वह पढ़ता है, उस समय ही उसके मन में देश के प्रति सेवा का जज्बा पैदा हो जाता है। मन से वे तैयार होना शुरू होता है। सेना के सामने पहाड़ी, मैदानी, बर्फीली और रेगिस्तानी अलग-अलग परिस्थितियों के लिए जवान को तैयार करना होता है। ऐसे में सरकार की वर्तमान में अग्निविर योजना पूरी तरह गलत है। इसमें आप एक सैनिक को कैसे तैयार करवा सकते हैं। यह युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। हमें पुरानी परंपरा से ही भर्ती करनी चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, शहीद बलिदानी बृजेश कुमार की पत्नी, प्रधान सुषमा कुमारी, उपप्रधान रमन शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### शहीदों के योगदान को स्मरण रखें : डीसी

इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि कारगिल युद्ध जैसी वीरता की मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलेगी। इसमें हमारे वीर सैनिकों ने भीषण ठंड और विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला कर विजय हासिल की थी। इन वीर सैनिकों का यह बलिदान देश कभी नहीं भुला पाएगा। देश के प्रति सैनिकों की सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हिमाचली युवा हमेशा देश सेवा में तत्परता से आगे रहे हैं। उन्होंने ऊना जिले के युवाओं से अपील की कि वे देश सेवा में अपना योगदान देने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। शहीदों के योगदान को स्मरण रखें। उनसे प्रेरणा लेकर अपनी फिटनेस पर ध्यान दें और नेश से दूर रहें।

### पूर्व सैनिकों के लिए खुलेगा विशेष हेल्प डेस्क

कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त जतिन लाल ने अपने कार्यालय में पूर्व सैनिकों की चाय पान पर मेजबानी की। इस अवसर पर उन्होंने वीर चक्र से अलंकृत (रि.) हवलदार देव प्रकाश तथा तथा शौर्य चक्र से सम्मानित ऑनरेरी कैप्टन चरण दास को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इस दौरान एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति चंद ने उन्हें पूर्व सैनिकों की विविध मांगों से अवगत कराया। उपायुक्त ने उनकी सभी मांगों को गौर से सुना तथा तत्काल उनको पूरा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व सैनिकों की सुविधा व सहायता के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से ईसीएचएस अस्पताल रामपुर में डेंटल चेयर भेंट की जाएगी। इसके अलावा ईसीएचएस के समीप रामपुर सड़क पर जल्द ही रेन शेल्टर का निर्माण भी किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेल वार्डरों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग में जेल वार्डरों के 91 पदों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा 28 जुलाई को होगी। जिला ऊना, कांगड़ा व चंबा के अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। इस परीक्षा केंद्र पर कुल 1149 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में बैठेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक एवं एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि विभाग के महानिदेशक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभ्यर्थी अपने परीक्षा प्रवेश पत्र कारगार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग की वेबसाइट से या अपने पंजीकृत ई-मेल से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आरंभ होने से दो घंटे पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा हॉल में पेन, कार्डबोर्ड, एडमिट कार्ड एवं पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल, केलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ बैग को परीक्षा हॉल में ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 0177-2628852 पर संपर्क किया जा सकता है।

### थहड़ा में घरेलू हिंसा से बचने का दिया संदेश



**विनोद शर्मा, लठियानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला के अंतर्गत वृत्त रायपुर की ग्राम पंचायत थहड़ा में चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना के तहत चल रहे सौ दिवसीय जागरूकता शिविर के महिलाओं को मिशन शक्ति योजना के बारे में जानकारी दी। इसी दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा के बारे जानकारी दी।

### बंगाणा कॉलेज में कारगिल विजय दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस और एनसीसी यूनिट्स के और से कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उपप्राचार्य रेखा शर्मा थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य रेखा शर्मा, प्रो. अणु लखनपाल, एनसीसी केयर टेकर डॉ. विनोद कुमार, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी, प्रो. कृष्ण चंद, रोवर हेड कमलेश महाजन, एनएसएस, एनसीसी और छात्रों ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### डिजिटल लिटरेसी कैंप का किया आयोजन



**सन्नी पुरी, गगरेट।** गगरेट के एक गांव के एक सेवानिवृत्त अधिकारी साइबर ठगों के चंगुल में ऐसे फंसे कि साइबर ठग उन्हें बदनामी का डर दिखाते और उनसे पैसे ऐंठते रहते। उक्त सेवानिवृत अधिकारी बदनामी के डर से पुलिस सहायता लेने में भी शर्म महसूस करते रहे। ऐसे ही कई मामले हैं, जिनमें इंटरनेट मीडिया ऐसे खलनायक बना कि कई इज्जतदार इज्जत के डर से अंदर ही अंदर घुटने को मजबूर हो गए। ऐसे ही कई मामलों के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा में डिजिटल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विधायक राकेश कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर जनता को डिजिटल रूप से साक्षर करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान को खूब सराहा। कैंप में एसडीएम सौमिल गौतम, नायब तहसीलदार जागृति, पुलिस थाना गगरेट के सह प्रभारी सुरेश वरियाल, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा के आशीष कालिया ने उपस्थित लोगों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हो रही ठगी व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हो रहे चरित्र हनन के प्रति लोगों को न सिर्फ जागरूक किया, बल्कि इसके लिए क्या-क्या कानूनी प्रावधान हैं, उनसे भी अवगत करवाया।

### टब्बा-2 में जागरूकता शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के तहत आगनबाड़ी केंद्र टब्बा-2 वृत्त रक्कड़ में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत 100 दिन विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा शिविर की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल ने की। जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि आजकल ऑनलाइन फ्रॉड बहुत ज्यादा हो रहा है, इसलिए कभी भी अपने बैंक के खाते से संबंधित जानकारी को किसी से भी शेयर न करें और साथ ही अपने विभाग की योजनाओं बारे जागरूक किया।

### अंब कॉलेज के कैडेट्स ने शहीदों को किया नमन



**विवेक शर्मा, अंब।** महाराणा प्रताप उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस पर एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार और एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर प्रोफेसर अनिल वर्मा भी शामिल रहे। इस दिन एनसीसी कैडेट द्वारा विभिन्न गतिविधियों की गईं।

### विजय दिवस देश को करता है गौरवान्वित : ठाकुर



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के छिन्नमस्तिका धाम हरवाल में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों पर नाज है। इस अवसर पर वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कैप्टन जोगिंद्र पॉल, शोर्य चक्र विजेता कैप्टन सुशील कुमार, भाजपा नेता एवं समाजसेवी विश्वजीत सिंह, जिला परिषद सुशील कालिया, गगरेट भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष राजीव कुमार तथा गणमान्य उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर में छात्रों ने की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी रायपुर मैदान द्वारा आज विद्यालय में साफ-सफाई का अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी पवन कुमार की देखरेख में चलाया गया। इसके बाद कारगिल विजय दिवस समारोह आयोजित किय। कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कैप्टन तिलक ठाकुर मुख्य अतिथि थे।

## युवाओं ने चोरी करते युवक को धरा, किया पुलिस के हवाले

**अनंत ज्ञान, हरोली**

घालूवाल हरौली मुख्य मार्ग पर स्थित शिव मंदिर अर्जुनपुरा में वीरवार को चोर को मंदिर का दान पात्र तोड़ते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पकड़े गए चोर की पहचान सुखजिंद्र पुत्र अमरजीत निवासी पूबोवाल के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार वीरवार दोपहर समय करीब 2 बजे एक युवक बाइक पर सवार होकर आया।



मंदिर के बाहर बाइक खड़ी कर मंदिर के अंदर चला गया, काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो स्थानीय युवकों को उस पर शक हुआ। युवकों ने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो वह दान पात्र को तेजधार नुमा चाबी से खोल रहा था, तभी उन्होंने उसे पकड़ लिया। युवकों ने इसकी सूचना पुलिस तथा उपप्रधान अनिल जसवाल को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया तथा लोगों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने औजार बरामद कर लिए है। चोर पर पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं तथा वह सजा भी काट चुका है।

## जलवायु स्थिरता की खोज कार्यक्रम पर सेमिनार शुरू



**अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमंडल हरोली के तहत पड़ते संत डांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में 'जलवायु स्थिरता की खोज कार्यक्रम के तहत अवसर व चुनौतियों नामक विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल ने की। इसमें विभिन्न देशों के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल ने इस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ करते हुए सभी वक्ताओं ओर प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होने अपने सम्बोधन में सम्मेलन के उद्देश्य पर बात करते हुए कहा कि आज जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती है, इसलिए जलवायु स्थिरता की खोज एक महत्वपूर्ण विषय ओर आवश्यक प्रयास है, जो पर्यावरण को संरक्षित करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है।

## लॉ कॉलेज बढेड़ा में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा में 23 जुलाई से शैक्षणिक सत्र 2024/25 के लिए कक्षाएं शुरू हुईं। चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़ाई शुरू होने से काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि बीएएलएलबी ऑनर्स तथा एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एससी/एसटी स्कॉलरशिप के तहत भी प्रवेश लिया जा सकता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रजोल**
**विकास खंड देहरा , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सामग्री का विवरण :-**इकाई/मात्रा 1. रेता धूला /प्रति घन मीटर ,2. रेता दरिया / प्रति घन मीटर, 3. रेता क्रैशर / प्रति घन मीटर , 4. बजरी क्रैशर 10 MM, 20MM , प्रति घन मीटर , 5. बजरा दरिया / प्रति घन मीटर , 6. बजरी दरिया 10 MM, 20MM, प्रति घन मीटर , 7.बजरा क्रैशर 40MM/ प्रति घन मीटर , 8. बोल्डर पत्थर /सोलिंग प्रति घन मीटर , 9. मिक्सचर मशीन तेल सहित ,अदायगी तकनीकी मूल्याकन अनुसार प्रति दिन , 10. शैटरिंग लकड़ी (रनिंग निर्माण नाली व ड्ंगो के लिए) प्रति वर्ग फुट, 11.
शटरिंग स्टील प्लेट(रनिग निर्माण नाली व ड्ंगो के लिए) प्रति वर्ग फुट, 12. शैटरिंग लकड़ी लैंटल डालना व सरिया बांधना सहित प्रति वर्ग फुट , 13. शटरिंग स्टील प्लेट लेंटर डालना व सरिया बांधना सहित प्रति वर्ग फुट , 14.जे सी बी हैम्बर /ब्रेकर प्रति घण्टा , 15. पानी का टैंकर किराया /प्रति दिन , 16. इंटरलॉक टायल 40MM, 60MM ,80MM /प्रति टायल ,17.टूटा पत्थर /प्रति पत्थर ,18. सीमेंट ढुलान लोडिंग व अनलोडिंग (मनरेगा) सहित देहरा सिविल सप्लाई से पंचायत घर तक , 19. लोकल मेटीरियल व माल ढुलवाई इत्यादि, 20. साइन बोर्ड / प्रति बोर्ड, 21. ईंटें , दोयम/प्रति ईट ,
**नियम व शर्ते**-उपरोक्त हेतू विक्रेता से निविदा 02.08.2024 तक पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे या डाक द्वारा आमन्त्रित है 7 यह निविदा 03.08.2024 को 12:00 PM पर सबके समक्ष खोली जाएगी । इच्छुक फर्म या ठेकेदार का जी.एस.टी.नंबर होना अनिवार्य है व मैटीरियल की तय दर जी.एस. टी में ही सम्मिलित होगी । निर्माण सामग्री बिल के साथ खनन विभाग का M फार्म देना अनिवार्य होगा । तथा एकमुस्त 30,000/ रूपये का बिल होने या वार्षिक एक लाख का भुगतान होने पर सरकारी दरों अनुसार TDS कटौती की जाएगी आपूर्तिकर्ता को धरोहर राशि एफडी के रूप में 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे । मैटीरियल की गुणवता और दर्शायी गयी जगह पर पहुँचानी होगी । यह निविदा एक वितीय वर्ष हेतु मान्य होंगी । फाइनल पेमेंट तकनीकी मूल्यांकन उपरान्त दी जायेगी । निविदायें स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा ।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रजोल**
**विकास खंड देहरा , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## है नमन उन वीर शहीदों को... : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

है नमन उनको कि जो इस देह को अमरत्व देकर, इस जगत में शौर्य की जीवित कहानी हो गए हैं, है नमन उनको कि जिनके सामने हिमालय, जो धरा पर गिर पड़े, पर आसमानी हो गए हैं, है नमन उनको कि जिनकी शहीदी पाकर हुई पावन, शिखर जिनके चरण छुकर और मानी हो गए हैं, है नमन उनको कि जिनके सामने प्यारा हिमालय जो धरा पर गिर पड़े, पर आसमानी हो गए हैं।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री कंवर।

ज्ञात रहे कारगिल विजय दिवस पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा छपरोह कलां में रखे कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथी पहुंचे पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने दीप प्रज्वलित करके शहीदों की शहादत पर इन पंक्तियों को पढ़कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व में मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर ने कहा कि वर्ष 1999 में पाकिस्तानी सेना के साथ हुए कारगिल युद्ध में जब एक भारतीय वीर सैनिक का शव तिरंगे में लिपट कर आया तो शौर्य, बलिदान, श्रद्धा और आंसुओं के सैलाब को प्रत्यक्ष देखकर भारत का हर नागरिक अपने आंसू रोक नहीं सका। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय सैन्य बल को और ज्यादा ताकतवर बना दिया है। कार्यक्रम में हाल ही में शहीद हुए दिलावर खान, शहीद बृजेश कुमार एवं अन्य शहीदों को भी श्रद्धांजलि प्रदान की।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मदन राणा, बीडीसी अध्यक्ष देवराज देवू, बलवंत वर्मा, कर्नल केसी शर्मा, कै. सुभाष, रणबीर, कै. प्रीतम डढवाल, राजेंद्र रिंकू के अलावा सैकड़ों भारतीय सेना से सेवानिवृत्त एवं भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मौके पर निपटाईं पूर्व सैनिकों की समस्याएं

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल की शुक्रवार को पूर्व सैनिकों के साथ सौहार्द पूर्ण वार्तालाप हुई। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद ने, पूर्व सैनिकों की दफ्तरों में कार्य करवाने में आ रही कठिनाइयों, ईसीएचएस रामपुर सड़क पर वार्षशालिका, पूर्व सैनिकों के लिए सामुदायिक भवन भवन की मांग की, मेजर रघवीर ने इसीएचएस के लिए डेंटल चेयर की मांग की। उपायुक्त ने पूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और सभी समस्याओं का उसी समय समाधान कर के पूर्व सैनिकों का दिल जीत लिया।

## देश को अपने वीर सपूतों पर नाज : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कारगिल शहीद दिवस पर शहादत देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करके कोटि कोटि नमन किया। भुट्टो ने कहा कि शहादत शब्द देश के 140 करोड़ भारतीय को झकझोड़ कर रख देता है और कारगिल जैसा युद्ध न पहले कभी हुआ था और न ही आगे होगा और न ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हिमाचल के कई बहनों के भाई कई माता-पिता के लाडले और कई परिवारों ने अपनों को खोया था। भुट्टो ने कहा कि आजादी के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच वैसे तो 3 युद्ध हो चुके हैं। पहला 1965, दूसरा 1971 और तीसरा 1999 में, लेकिन सबसे भयानक और लंबा चलने वाला युद्ध था कारगिल युद्ध। भुट्टो ने कहा कि भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि और उनकी वीरता को नमन करने के लिए कारगिल दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है। ये दिन भारतीय सेना के हर उस जवान को समर्पित है, जिन पर हर हिंदुस्तानी को गर्व है।



**कार्यालय ग्राम पंचायत जालंधरलाहड़**
**विकास खंड देहरा , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सामग्री का विवरण:-** रेता धूला/ प्रति घन मीटर, 2. रेता डस्ट प्रति घन मीटर 3. रेता क्रैशर प्रति घन मीटर, 4. बजरी क्रैशर 10MM, 20MM/ प्रति घन मीटर, 5. बजरा क्रैशर 40MM प्रति घन मीटर, 6. बोल्डर पत्थर/प्रति घन मीटर, 7. मिक्सचर मशीन तेल सहित प्रति दिन 8. शैटरिंग लकड़ी/प्रति वर्ग फुट, 9. शटरिंग स्टील प्लेट प्रति वर्ग फुट, 10. जेसीबी हैम्बर/ब्रेकर प्रति घंटा, 11. इंटरलॉक टाइल 40MM, 60MM, 80MM/प्रति टाइल, 12. टूटा पत्थर/प्रति पत्थर, 13. लोकल मेटीरियल व माल ढुलवाई इत्यादि/प्रति चक्कर 14.साइन बोर्ड/प्रति बोर्ड, 15. ईंटे,अव्वल/ प्रति ईंट,
**नियम व शर्तें:-** उपरोक्तसामग्री के लिए निविदा 03-08-2024 तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। यह निविदा 05-08-2024 को 12:00 बजे खोली जाएगी। इच्छुक फर्म या ठेकेदार के पास जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। बिल के साथ खनन विभाग का एम फार्म देना अनिवार्य होगा। एकमुस्त30,000/ रुपए का बिल होने या वार्षिक एक लाख का भुगतान होने पर सरकारी दरों अनुसार TDS कटौती की जाएगी। आपूर्तिकर्ता को 10,000 रुपए धरोहर राशि एफडी के रूप में जमा करवाने होंगे। मटिरियल की गुणवत्ता का ख्याल रखना होगा। फाइनल पेमेंट तकनीकी मूल्यांकन उपरांत दी जाएगी। पंचायत के पास निविदाएं स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत जालंधरलाहड़**
**विकास खंड देहरा , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



## न्यूज ब्रीफ

### आईटीबीपी इंस्पेक्टर की नदी में बहने से मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल के तहत काजा में आईटीबीपी के एक इंस्पेक्टर की नदी में बहने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार आईटीबीपी के 54 वर्षीय इंस्पेक्टर चंद्र मोहन वीरवार शाम लगभग 4.30 बजे गश्त पर थे। इस दौरान जब वह काजा उपमंडल में करग्यूपा नल्लन में नदी पार कर रहे थे तो वह नदी के तेज प्रवाह में बह गए। लगभग 200 मीटर दूर उनका शव बरामद हुआ। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए काजा अस्पताल में लाया गया है। मृतक की पहचान चंद्रमोहन निवासी देहरादून उत्तराखंड के तौर पर हुई है।

### बाढ़ प्रभावितों की मदद को आगे आया हिमालय पुत्रा ट्रस्ट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली।** अंजनी महादेव की पहाड़ी में बादल फटने से ब्यास नदी में आई बाढ़ से पलचान के चार परिवार प्रभावित हुए हैं। शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद को मनाली का हिमालय पुत्रा ट्रस्ट आगे आया। ट्रस्ट के लोगों ने प्रभावित परिवारों को फौरी राहत के तौर पर अपनी ओर से 40 हजार के चैक भेंट किए। हालांकि, प्रभावित परिवारों के हाल जानने बहुत से लोग पहुंचे, लेकिन हिमालय पुत्र ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी चमन कपूर राहत राशि वितरित करने वाले पहले व्यक्ति बने। उन्होंने देरी किए बिना इस नेक कार्य की शुरुआत की। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष एवं भाजपा शहरी निकाय के संयोजक चमन कपूर ने कहा कि जैसे ही उन्हें पता लगा तो वह तुरंत अपने साथियों के साथ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे और बाढ़ से वेघर हुए परिवारों को 40 हजार के चैक राहत के तौर पर बांटे। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि बाढ़ से बेघर हुए लोगों को घर बनाने के लिए दो विस्वा भूमि उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनके घर बनाने में हिमालय पुत्रा ट्रस्ट पूरी मदद करेगा।

### नेचर पार्क की पार्किंग जनता को समर्पित



अजय ठाकुर को प्रशस्ति पत्र देते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली।** मनाली गांव के ब्यास बिहाल में 31 लाख की लागत से तैयार नेचर पार्क व बुद्ध ध्यान अनुभाग शुक्रवार को जनता को समर्पित कर दिए। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इसका विधिवत शुभारंभ किया। वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण में बेहतर कार्य के लिए शनाग वासी भी सम्मानित किए। इस दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित अरण्यपाल वन वृत्त कुल्लू, वन मंडल अधिकारी कुल्लू व अन्य पदाधिकारियों मौजूद रहे। नेचर पार्क ब्यास बिहाल में बुद्ध ध्यान अनुभाग लगभग 14 लाख से जबकि पार्किंग नेचर पार्क पर 17 लाख की राशि खर्च हुई है। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पौधारोपण कर आम जनमानस को पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोग बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और जंगलों की देखभाल में वन विभाग का सहयोग दें। विधायक ने पर्यावरण के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए गांव समिति शनाग, महिला मंडल शनाग, युवक मंडल शनाग व गांव वन विकास समिति को प्रशस्ति पत्र के साथ 11 हजार की मानदेय राशि देकर प्रशंसा की। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पर्यावरण सरंक्षण में अपने अहम योगदान के लिए वन विभाग में कार्यरत अजय ठाकुर वन रक्षक प्रभारी शनाग बीट को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मनाली के बाहणु में पलटी बस, आठ घायल

## पठानकोट जा रही थी न्यू प्रेम बस, 12 यात्री थे सवार





मनाली के बाहणु पुल के पास सड़क से नीचे लुढ़की बस तथा (दाएं)घायल को राहत राशि देते हुए विधायक गौड़।

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के बाहणु पुल के पास शुक्रवार को एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। सुबह करीब 7.45 बजे मनाली से पठानकोट की ओर जा रही न्यू प्रेम बस एचपी68ए 0259 बाहणु पुल के समीप अचानक पलट गई जिसमें बैठक आठ यात्री घायल हैं।

बस में करीब 12 सवारियां बैठी थी। बस बाहणु पुल के पास पहुंची तो अचानक सड़क से नीचे ब्यास नदी के किनारे लुढ़क गई । उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि प्राथमिकी जांच में यह हादसा गाड़ी में आई तकनीकि खराबी से पेश आया है। सूचना मिलते ही पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। विधायक भुवनेश्वर गौड़ और पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना और यथासंभव मदद का आश्वासन दिया। बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### घायलों की सूची

**लछि** राम पुत्र सोझु राम गांव दवाड़ा जिला कुल्लू, नीमा लामा पुत्री सगे दोरजे लामा निवासी पालमपुर जिला कांगड़ा, हीरा पत्नी चंद्र कांत गांव सोहिल हरिपुर जिला कुल्लू, मुस्कान पुत्री शोभा बहादुर निवासी पालमपुर जिला कांगड़ा, योग राज पुत्र प्रेम सिंह गांव सिलग जिला मंडी, देसराज पुत्र धनक राम निवासी काथला जिला चंबा, योग राज पुत्र रमेश कुमार गांव मुराहन जिला मंडी और जितेंद्र कुमार पुत्र प्रकाश चंद गांव मुराहन जिला मंडी।

हरिहर अस्पताल, सिविल अस्पताल व मिशन अस्पताल मनाली में पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम जाना और फौरी राहत के तौर पर सभी घायलों को तीन-तीन हजार रुपए की राशि सरकार की ओर से प्रदान की। घायल यात्रियों की सरकार और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता की जाएगी।

**-भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली**

### घायलों का निशुल्क उपचार करे प्रशासन : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बस में आठ यात्री सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं और सभी घायलों का उपचार मनाली के सरकारी और निजी अस्पतालों में चला है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने अस्पताल पहुंचकर सभी घायलों से मुलाकात की और उनके कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन सभी घायलों का निशुल्क उपचार करें।



# राज्य कैडर का निर्णय वापस ले सरकार : भीमसेन शर्मा



पटवारी एवं कानूनगो संघ के सदस्य एसडीएम मनाली को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भीमसेन शर्मा पूर्व प्रधान पटवारी एवं कानूनगो संघ जिला कुल्लू ने हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस समय राजस्व विभाग के कर्मचारी सरकार से पटवारी कानूनगो का प्रदेश केडर करने का विरोध कर रहे हैं। इस समय कर्मचारी वर्ग ने ऑनलाइन कार्य करना बंद कर दिया है, जिससे आम जनता के काम नहीं हो पा रहे हैं और जनता भी परेशान हो रही है।

जनता के कार्यों को ध्यान में रखते हुए सरकार को राजस्व विभाग के (पटवारी एवं कानूनगो) के प्रदेशाध्यक्ष को कार्यकारिणी सहित बैठक बुलाकर समाधान करना चाहिए, यह न हो कि यह रोष उग्र हो जाए, जिस कारण सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारियों को भी साथ आना पड़े। हिमाचल प्रदेश सरकार से आग्रह है कि अपने सभी नेताओं बात करके इस समस्या का समाधान करें। ऐसा न हो कि सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारियों को भी पटवार एवं कानूनगो महासंघ के साथ सड़कों पर उतरने के लिए विवश न होना पड़े। हमारा पटवार एव कानूनगों महासंघ के साथ पूरा समर्थन है।

राज्य कैडर के विरोध में उठाया कदम शुक्रवार को पटवार एवं कानूनगो तहसील संघ मनाली ने अध्यक्ष मनीष ठाकुर की अध्यक्षता में पटवार कानूनगो महासंघ की कार्यकारणी के निर्णयानुसार जिला कैडर से राज्य कैडर के विरोध में अतिरिक्त कार्यभार की चाबियां तहसीलदार मनाली को आगामी महासंघ के आदेश तक सौंप दी हैं।

मनीष ने बताया कि स्टेट कैडर की नीति स्वीकार्य नहीं होगी। अभी केवल अतिरिक्त कार्यभार छोड़ा गया हैं, लेकिन आपदा बचाव का कार्य सुचारु रूप से चलता रहेगा।

# कारगिल विजय दिवस पर भूतपर्व सैनिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



समारोह डीसी कुल्लू के साथ पूर्व सैनिक लीग कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के सदस्य।

जिला प्रशासन एवं भूतपूर्व सैनिक लीग कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कुल्लू मनाया गया। कारगिल विजय दिवस का रजत जयंती समारोह उपायुक्त उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सभी को कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद कारगिल युद्ध सहित अन्य युद्धों में हिमाचल प्रदेश के वीर सपूतों का देश की सीमाओं की रक्षा में अहम योगदान रहा है।

कारगिल युद्ध में हिमाचल प्रदेश के 52 वीर सैनिकों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल के हवलदार डोला राम ने भी कारगिल युद्ध में शहादत पाई। उन्होंने शहीद सैनिकों को नमन करते कहा कि देश की सीमाएं आज हमारे वीर सैनिकों की बदौलत ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में अदम्य वीरता व शौर्य के लिए 4 परमवीर चक्र दिए गए थे, जिनमें से 2 परमवीर चक्र हिमाचल के वीर सपूतों ने पाए, जिनमें से एक कांगड़ा के कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत तथा बिलासपुर के संजय कुमार को दिया गया। आज देश कारगिल विजय दिवस की 25वीं सालगिरह मना रहा है। 25 साल पहले कारगिल की चोटी पर पाकिस्तान को परास्त कर हमारे वीर जवानों ने कारगिल की पहाड़ियों पर तिरंगा लहराया था। 1999 में दुश्मन देश को धूल चटाकर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की याद में देश विजय दिवस मना रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भूतपूर्व सैनिक सामुदायिक भवन में किया गया कार्यक्रम में उपायुक्त उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश और भूतपूर्व सैनिकों द्वारा शहीदों की शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला गया और साथ ही शहीदों को पुष्पांजलि दी। सहायक आयुक्त एवं सैनिक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शशिपाल ने मुख्यातिथि, पूर्व सैनिक लीग के पदाधिकारियों व उपस्थित पूर्व सैनिकों का स्वागत किया।

## कारगिल के वीर योद्धाओं को केलांग में किया नमन



अधिकारियों को शपथ दिलाते हुए एसडीएम रजनीश शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में एक समारोह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने प्रतिज्ञा दिलाकर 2 मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसडीएम ने प्रतिज्ञा दिलवाई की हम कारगिल युद्ध के उन वीर शहीदों, जिन्होंने देश की अखंडता व सम्मान की रक्षा हेतु अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए, अपने प्राण न्योछावर किए हैं, उनकी पुनीत स्मृति एवं शौर्य को नमन करते हुए प्रतिज्ञा करते हैं कि, देश के गौरवमय इतिहास की रक्षा हेतु, पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे।

एसडीएम ने यह भी कहा कि देश में हर वर्ष 26 जुलाई विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला इसमें भारत विजय हुआ। उन्होंने कहा कि हिमाचल के वीर जवानों ने भी इस युद्ध में 'पहाड़' जैसा शौर्य दिखाया और हिमाचल के 52 वीर सपूतों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि समूचा राष्ट्र आज इन वीर सपूतों को नमन कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

# अवैध भवनों के बिजली-पानी का कनेक्शन काटें : उपायुक्त रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्तरीय समन्वय समिति (नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग) की बैठक वीरवार को उपायुक्त तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने नगर एवं ग्राम नियोजन नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अंतर्गत बजौरा से मनाली के मध्य में जितना भी क्षेत्र पड़ता है उसमें गैर-कानूनी निर्माण कार्य पर नजर रखें, ताकि समय रहते ही अनियोजित तथा अवैध निर्माण कार्य को रोका जा सके। इस क्षेत्र में नदी तट के साथ हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को इसमें सख्ती बरतने के निर्देश दिए, ताकि आपदा के समय ऐसे स्थान पर होने वाली जान-माल की क्षति होने से पूर्व में ऐसे निर्माण कार्य को रोक कर बचा जा सकता है। उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर अवैध निर्माण कार्य चल रहा है ऐसी साइट्स की जॉइंट इंस्पेक्शन करके आगामी आवश्यक कदम उठाए। उपायुक्त ने फोरलेन के आसपास भी नियमों की अवहेलना करके निर्माण करने वालों पर नजर रखने तथा रोकने के निर्देश दिए। विद्युत बोर्ड के अधिकारियों को ऐसे अवैध भवनों के बिजली-पानी का कनेक्शन काटने के लिए कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने के सेक्शन 16 के अंतर्गत गैर कानूनी प्लोटिंग तथा प्लॉट के ऐसे क्रय विक्रय पर नियंत्रण रखने की बात की गई जिसमें भविष्य में कॉलोनी बनने की संभावनाएं दिखाई देती हों। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को ऐसे स्थान पर जाकर दौरा करके नियमों की अहवेलना करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में उपस्थित उपायुक्त तोरूल एस रवीश व अन्य।

उपायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने विभाग के संबंधित पटवारियों को भी बैठक करके इन नियमों को लागू करने के बारे में तैयार करें। उपायुक्त ने इस संबंध में सभी एसडीएम को मासिक बैठक करने के भी निर्देश दिए। विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि विभाग द्वारा नियमों की अवहेलना करने वाले ऐसे 2000 से अधिक की संख्या में लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं तथा उन्हें आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला योजनाकार के रसिक शर्मा ने किया बैठक में एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

# सीएम से मिला आनी प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

प्रेस रूम आनी के निर्माणधीन भवन के निर्माण कार्य पूरा करवाने के लिए बजट की मांग को लेकर प्रेस क्लब ऑफ आनी का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मिला।

यह प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर की अगुवाई में आनी से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे और वर्तमान में कांग्रेस सेवा दल के राज्य संयुक्त सचिव परस राम के साथ मुख्यमंत्री से मिला। अध्यक्ष हरिकृष्ण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकर जितेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चमन शर्मा, महासचिव राकेश बिन्नी शर्मा और सहसचिव हितेश भारती शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि उपमंडल मुख्यालय आनी में प्रेस रूम भवन का निर्माण हो रहा है, जिसके लिए सरकार से मिला 2 लाख रुपए बजट खर्च हो चुका है, जबकि प्रेस रूम भवन 20 लाख रुपए से बनना प्रस्तावित है। ऐसे में प्रेस रूम भवन के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने के लिए बजट की आवश्यकता है। जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अपने निजी सचिव को निर्देश दिए कि उपमंडल मुख्यालय आनी में प्रेस रूम भवन के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि जारी करवाएं, ताकि इसका निर्माण कार्य पूरा हो सके, जिस पर प्रेस क्लब ऑफ आनी ने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)



प्रेस क्लब कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल सीएम के साथ।

# प्रदेशभर में फील्ड तकनीकी कर्मियों की कमी : लक्ष्मण कपटा



आम सभा में उपस्थित मुख्यातिथि लक्ष्मण कपटा व अन्य।

**शीला कौल, बंजार**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई विद्युत मंडल थलौट की आमसभा इकाई प्रधान दिने राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में लक्ष्मण कपटा प्रदेशाध्यक्ष तकनीकी कर्मचारी संघ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कपटा ने कहा कि पूरे प्रदेशभर में फील्ड तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी है। कई विद्युत अनुभाग में मात्र एक या दो कर्मचारी ही 40-50 ट्रांसफार्मर के मरम्मत व रखरखाव की जिम्मेदारी एचटी लाइन तथा एलटी लाइन के देखभाल का जिम्मा बड़ी कर्तव्य निष्ठा से निभा रहे हैं। लक्ष्मण कपटा ने कहा कि प्रबंधक वर्ग हमेशा कर्मचारियों की न्ययोचित मांगों को बोर्ड की अर्थिक बदहाली का हवाला देकर टाल देता है। वहां दूसरी तरफ प्रबंधक वर्ग ने फील्ड अधिकारियों को ट्रक 90,000 रुपए प्रति माह भाड़े में लेने के लिए स्वीकृति दे दी।

उपरोक्त भाड़े में लिए ट्रक लगभग महीना भर खड़े रहते हैं उनका सद्पयोग नहीं हो रहा है तथा जो बोर्ड के ट्रक ड्राइवर घास उखाड़ने का कार्य कर रहे हैं जो अनुचित है। उन्होने प्रबंधक बर्ग फजूलखर्ची का सख्त विरोध किया तथा इस प्रथा को तुरंत बंद करने का आग्रह किया। प्रदेशाध्यक्षा ने 132 केएन कुर्थला बाथरी व बाघरी जसर लाइन को विद्युत बोर्ड से एचपीपीटीसीएल को देने के प्रस्ताव का भी कड़ा विरोध किया। (अनंत ज्ञान)

**मुहिम** नगर परिषद कुल्लू की अतिक्रमण व अवैध कब्जे हटाने की मुहिम जारी

# ढालपुर, भुट्टी कॉलोनी व लोअर ढालपुर से हटाईं रेहड़ी-फड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नगर परिषद कुल्लू की ओर से शहर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को तहसीलदार एवं नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी के कार्यभार देख रहे हरि सिंह यादव के नेतृत्व में नप की टीम ने ढालपुर, भुट्टी चौक व लोअर ढालपुर से जहां 10 के करीब रेहड़ियों को हटाया।

वहीं, 70 के करीब दुकानदारों जिन्होंने कमेटी व प्राइवेट दुकानें एक्सटेंड की थी, उनको हटाने को कहा। साथ ही करीब 14 दुकानदारों को जिन्होंने अपने मकान बनाकर नाली के ऊपर छज्जे बढ़ाकर उसके ऊपर चार पांच मंजिलें खड़ी कर पूरी गली को संकरी कर दिया है और पैदल चलने वाली गली को किराए पर चढ़ा उसका किराया ऐंठ रहे हैं उन लोगों को भी आगाह किया कि इस अतिक्रमण को बंद करें नहीं तो उनकी एप्रूवल रद्द करने और बिजली-पानी के कनेक्शन काटने को लेकर भी नप तैयार है। इस दौरान कई दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर लगाए गए बोर्ड व सामान को भी हटाया गया।



तहसीलदार हरि सिंह यादव लोअर ढालपुर में अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए।

सनद रहे कि नगर परिषद कुल्लू की ओर से चलाई जा रही इस मुहिम से शहर के अतिक्रमणकारियों और अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है। नगर परिषद कुल्लू की ओर से रोजाना शहर में कार्रवाई जारी है। अब धीरे धीरे शहर से फुटपाथ व सड़क किनारे सजाकर रखी रेहड़ी-फड़ी व दुकानदारों के सामान सिमट गया है।

नप कुल्लू पुलिस की मदद से अतिक्रमणकारियों व अवैध कब्जाधारियों पर शिकंजा कस रही है और पहले दो-तीन दिन का समय दे रही है, लेकिन फिर भी जो नहीं मान रहे हैं, उनका सामान जब्त कर चालान भी किया जा रहा है।

उधर, यादव ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने के लिए यह मुहिम चली है। अगले एक से डेढ़ महीने में इस तरह से सभी अतिक्रमणकारियों व अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाएगा। उन्होंने इसके लिए शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की है।



## न्यूज ब्रीफ

### गौरवमय इतिहास की रक्षा के लिए शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपमंडलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बसंल ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां कारगिल शहीद स्मारक पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. पूनम बसंल ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के वीर जवानों की बहादुरी, शौर्य और पराक्रम को याद करने का दिवस है। इस उपलक्ष्य पर जिले के सभी उपमण्डलों एवं विकास खंडों में भी शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और शपथ भी दिलाई गई।

### अर्की में कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, अर्की।** कारगिल विजय दिवस अर्की प्रशासन द्वारा शहीद कैप्टन विजयंत थापर स्मारक अर्की नजदीक नागरिक अस्पताल के पास बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहीद कैप्टन विजयंत थापर और अन्य कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से तहसीलदार विपिन वर्मा, नायब तहसीलदार डीपी शर्मा, नगर पंचायत प्रधान अनुज गुप्ता सुपरिटेंडेंट परमेंद्र वर्मा, सचिव अभिनव शर्मा, पूर्व सैनिक लीग प्रधान मेजर पदम् देव ठाकुर, शहीद कैप्टन विजयंत थापर, वरिष्ठ माध्यमिक कन्या स्कूल एनसीसी प्रभारी हेम लता शर्मा, एनएसएस प्रभारी रेणु बाला, कैप्टन विजयंत थापर के मामा केके भारद्वाज की पत्नी द्वारा पुष्पांजलि दी गई।

### देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि की अर्पित



**अनंत ज्ञान, नाहन।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विधायक अजय सोलंकी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के अमर शहीदों को पुष्पचक्र भेंट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलवाई।

### हिमालयन संस्थान कालाअंब में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस कालाअंब में समाजसेवी संस्था परवाज-एक उड़ान के साथ मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर हिमालयन ग्रुप के चेयरमैन रजनीश बंसल, वाइस चेयरमैन विकास बंसल, परवाज संस्था के प्रधान मनमोहन मित्तल, अध्यक्ष जगदीप ढांडा, महासचिव नरेन्दर गर्ग के अलावा अन्य वरिष्ठ सदस्य प्रवीण मित्तल, राजेश महाजन ,विकास गर्ग, जुगनु सनीवेल, राजीव पूरी, डॉ. अमित, संदीप गर्ग, कमल गुप्ता, अजय गुप्ता इत्यादि भी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रदेश निजी शिक्षण विनयमक आयोग के अध्यक्ष मेजर अतुल कौशिक ने कार्य की प्रशंसा की।

### रोटरी ने पौधरोपण कर किया शहीदों को नमन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** रोटरी क्लब सोलन व आर्मी सोलन के तत्वाश्धान में आर्मी एरिया सोलन में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां कारगिल विजय में जान की बाजी लगाने वाले देश के वीर जवानों का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मोके पर प्रधान नवनीत मोहिंद्रू ने बताया कि रोटरी क्लब पौधरोपण व अन्य समाज सेवा के कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रही है व शहीदों को नमन कर उन्हें पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के असिस्टेंट गवर्नर जोन 2 अनिल चौहान, मनीष तोमर, सुधीर मोहिंद्रू, मनोज कोहली, विजय भुवनेश, सुखदेव रतन, अजेश शर्मा, नंदलाल शर्मा आईडी सेतीआ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद



**रेणुका जी ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एकेएम स्कूल ददाहू में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रिंसिपल सुरेंद्र ठाकुर ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के अमर शहीदों को पुष्प भेंट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों को एकता और अखंडता की शपथ दिलवाई। इस दौरान रिटायर्ड सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी स्थित ददाहू में हिस्टोरिकल सोसायटी द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रो. दिनेश कुमार ने कारगिल विजय दिवस के इतिहास के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी।

# उद्योग मंत्री ने मेडिकल डिवाइस पार्क नालागढ़ का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

## कहा-350 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जा रहा पार्क युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करेगा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क का उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने निरीक्षण किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि नालागढ़ उपमंडल की ग्राम पंचायत मंझोली के घीड़ और तेलीवाल गांव में मेडिकल डिवाइस पार्क लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 1623 बीघा भूमि पर निर्मित किया जा रहा यह पार्क बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करेगा।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सोलन जिला ने देश में औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई है। जिला का बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र हिमाचल का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर मेडिकल डिवाइस पार्क के कार्य में तेजी लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित करने और उन्हें सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी, नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बाबा, हिमाचल प्रदेश राज्य उद्योग विकास निगम (एचपीएसआईडीसी.) के प्रबंध निदेशक राजेश्वर गोयल, बीबीएनडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी सिंह तोमर, उपमंडलाधिकारी (ना.) नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



मेडिकल डिवाइस पार्क नालागढ़ का उद्योग मंत्री निरीक्षण करते हुए।

### कारगिल दिवस पर हर्षवर्धन ने किया रक्तदान

**बीबीएन।** 25वें कारगिल विजय दिवस पर नालागढ़ के चौकीवाला में एफिलाइफ कार सीट कवर इंडस्ट्री में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ हिमाचल उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने किया। उद्योग मंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर खुद अपना रक्तदान करते हुए दूसरों को भी प्रेरित किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि विजय कारगिल दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है जिससे कई जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान शिविर में कमांड अस्पताल चंडी मंदिर व पीजीआई चंडीगढ़ की टीम ने रक्त एकत्रित किया।

### दसौर माजरा स्कूल के नवीनीकरण का किया उद्घाटन

**बीबीएन।** सन फार्मा उद्योग ने सीएसआर के तहत दसौरा माजारा स्कूल के भवन का नवीनीकरण किया, जिसका शुक्रवार को उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने उद्घाटन करते हुए स्कूल को समर्पित किया। सन फार्मास्यूटिकल उद्योग ने आदर्श शाला अभियान 2024-25 के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला दसौरा माजरा के नवीनीकरण का जिम्मा उठाया जो कि पिछले काफी समय से खस्ताहाल में था। स्कूल परिसर की चारदीवारी के साथ स्कूल की छत से पानी के रिसाव की समस्या थी। सन फार्मा के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट कॉर्पोरेट रिलेशन डॉ. अजदर खान व प्लांट हेड अमित कुमार माझी ने कहा कि कंपनी सीएसआर के तहत हमेशा से अहम भूमिका निभाती आई है और इसी के तहत दसौरा माजारा स्कूल के रिनोवेशन का काम किया गया है। इस अवसर पर सीपीएस राम कुमार चौधरी व नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा मौजूद रहे।

### प्रशिक्षुओं को टूल किट्स का किया वितरण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में टैली ट्रेड एकाउंट्स एग्जीक्यूटिव के प्रशिक्षुओं को टूल किट्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कोटली पंचायत के प्रधान यशपाल कश्यप रहे। मुख्यातिथि यशपाल कश्यप ने प्रशिक्षुओं को उनके भविष्य के बारे में शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रधानाचार्य आईटीआई राजेश शर्मा, नंद लाल वर्मा, राज कुमार गुप्ता ने भी प्रशिक्षुओं को उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



स्टूडेंट्स को टूल किट वितरित करते गणमान्य।

## कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो किन्नौर ने निकाला रिकांगपिओ में मशाल जुलूस

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व प्रदेश वन विकास निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी की अध्यक्षता में किन्नौर जिला के मुख्यालय रिकांगपिओ में सांयकाल के समय भाजयुमो किन्नौर द्वारा मशाल जुलूस का आयोजन किया गया।

भाजयुमो किन्नौर के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय से रिकांगपिओ मुख्य चौक तक कारगिल शहीद अमर रहे के नारे लगाते हुए मशाल जुलूस निकाला। पूर्व प्रदेश वन विकास निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने कहा कि भाजपा की ओर से दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। 26 जूलाई को शहीदों और उनके बलिदानों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य नौजवानों में देश के प्रति समर्पित होने व बलिदान होने की भावना उत्पन्न करना है और बलिदानियों के परिवारो के प्रति भी सम्मान हों। (अनंत ज्ञान)



किन्नौर जिला के मुख्यालय में कारगिल विजय दिवस पर मशाल जुलूस निकालते हुए भाजयुमो किन्नौर के कार्यकर्ता।

## कारगिल विजय दिवस पर मशाल जुलूस में शामिल हुए बिंदल



वीर जवानों के परिवारों से मुलाकात करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कारगिल दिवस के अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने विधानसभा क्षेत्र नाहन के अंतर्गत युवा मोर्चा द्वारा आयोजित मशाल जुलूस में भाग लिया। बिंदल ने नाहन स्थित शहीदी स्मारक पर बलिदानी सैनिकों को याद किया और उनकी वीरता की गाथाओं का वाचन किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वीर जवानों के परिवारों से भी मुलाकात की और उन वीरों के परिवारजनों को सम्मानित भी किया। बिंदल ने इस अवसर पर जिला सिरमौर के राइफलमैन कुलविंद्र सिंह और राइफलमैन कल्याण सिंह की वीर गाथाओं को भी जन-जन तक पहुंचाया।

बिंदल ने इस अवसर पर कहा कि हिमाचल के वीर सपूत कैप्टन विक्रम की कहानी अनसुनी नहीं है। दुश्मन सेना को ध्वस्त करते हुए विक्रम बत्रा और उनके साथियों ने प्वाइंट 5140 की चोटी को कब्जे में कर लिया। इस महान नायक ने युद्ध के दौरान कई दुस्साहसिक फैसले लिए।

### शहरी निकायों की मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर निगम एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में उन शहरी निकायों की मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण (स्पेशल रिविजन) किया गया है, जहां शीघ्र ही चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि संबन्धित मतदाता नगर निगम व नगर पंचायत तथा उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय में अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकता है। राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। डॉ. पूनम बसंल ने कहा कि मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित शहरी निकाय की मतदाता सूची में होना आवश्यक है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, नाम स्थानांतरित करने, किसी के नाम पर आपत्ति या प्रविष्टि में शुद्धि के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि से 8 दिन पूर्व तक 50 रुपए का शुल्क देकर आवेदन किया जा सकता है।

### पच्छाद के एसडीएम डॉ. संजीव बने पीजीआई चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला के पच्छाद (सराहां) उपमंडल में एसडीएम रहे डॉ. संजीव धीमान अब पीजीआई चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी होंगे। उनके सराहनीय कार्यों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ. संजीव धीमान एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी हैं, जो स्वयं आगे बढ़कर आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहते हैं। सराहां में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। इस दौरान उन्होंने बड़ी कुशलता के साथ समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए। डॉ. धीमान ने बताया कि सराहां से उनका तबादला पीजीआई चंडीगढ़ में बतौर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के लिए हुआ है। उन्होंने पदभार संभाल लिया है।

### नारंग में होगी जिला सिरमौर शिक्षक संघ की बैठक

**राजगढ़।** शिक्षक महासंघ की जिला सिरमौर इकाई की बैठक 28 जुलाई को बीआरसी ऑफिस नारग में आयोजित की जाएगी। इसमें हिमाचल शिक्षक महासंघ के प्रधान डॉक्टर प्रेम शर्मा, सचिव लायक राम शर्मा तथा हिमाचल शिक्षक महासंघ के संगठन सचिव रमेश सरैक शामिल होंगे। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नारग के प्रधानाचार्य रोहित ठाकुर, सुरेश शर्मा, निर्मल ठाकुर तथा जिला सिरमौर शिक्षक महासंघ के प्रधान ईश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों तथा पाठशालाओं में पढ़ने वाले बच्चों के हितों के बारे में चर्चा के साथ - साथ जिला सिरमौर शिक्षक महासंघ की नई कार्यकारिणी गठित होगी।

### नंबरदार संघ राजगढ़ इकाई ने प्रशासनिक अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** लोक निर्माण विश्राम गृह राजगढ़ में नंबरदार संघ इकाई राजगढ़ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लंबरदार संघ द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और कानूनगो के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नंबरदार संघ इकाई राजगढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि लंबरदार संघ ने अपनी समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा गया। उन्होंने बताया कि यहां माल गुजारी की समस्या प्रमुख समस्या है। राजगढ़ में डब्ल्यूवीएन पद हुआ करता था जिसके द्वारा बजरिया नोटिस के माध्यम से नंबरदारों को सूचित किया जाता था लेकिन वह अब खाली है। तहसील में कोई भी राजस्व संबंधित कार्य में नंबरदारों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुडंलू**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत कुडंलू में विभिन्न मदों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों में उपयोग किये जाने वाले मैटिरियल की वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारेः- सामग्री का सूची निम्न प्रकार से है :- रेत, धुला रेत, क्रशर रेत, रोड़ी 20, 40 10 एमएम, Bricks, Stone, Cut Stone, Bolder Stone, Gatka 65 एमएम, 40एमएम, Interlocking Tiles 40mm, 60mm, 80mm, Gi Pipe1½ inch, 3/4 inch, 1 inch, 11½ inch, Pvc Pipe 2, 3, 4, 6, 8,10 inch, Hume Pipe 900mm, Shetring लोहे की व लकड़ी की, Painting & Writing Public information Board, Salogan etc. निविदाएं दिनांक सायं 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत कुडंलू में पहुंच जानी चाहिए। सप्लायर्ज का जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। सप्लायर्ज को ग्राम पंचायत के किसी भी वार्ड में गाड़ी द्वारा मैटिरियल पहुंचाना अनिवार्य होगा। सप्लायर्ज को मैटिरियल का MIX Form देना अनिवार्य है। उपरोक्त मैटिरियल संबंधी प्राप्त होने वाली निवदाएं दिनांक 28.07.2024 को पंचायत कार्यालय कुडंलू में पंचायत बैठक के समक्ष खोली जाएंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार है।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत कुडंलू**
**विकास खंड नालागढ़ जिला सोलन हि.प्र.**



**कार्यालय ग्राम पंचायत बघेरी**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत बघेरी में विभिन्न मदों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों में उपयोग किये जाने वाले मैटिरियल की वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारेः- सामग्री का सूची निम्न प्रकार से है :- रेत, धुला रेत, क्रशर रेत, रोड़ी 20, 40 10 एमएम, Bricks, Stone, Cut Stone, Bolder Stone, Gatka 65 एमएम, 40एमएम, Interlocking Tiles 40mm, 60mm, 80mm, Gi Pipe1½ inch, 3/4 inch, 1 inch, 11½ inch, Pvc Pipe 2, 3, 4, 6, 8,10 inch, Hume Pipe 900mm, Shetring लोहे की व लकड़ी की, Painting & Writing Public information Board, Salogan etc. निविदाएं दिनांक सायं 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत बघेरी में पहुंच जानी चाहिए। सप्लायर्ज का जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। सप्लायर्ज को ग्राम पंचायत के किसी भी वार्ड में गाड़ी द्वारा मैटिरियल पहुंचाना अनिवार्य होगा। सप्लायर्ज को मैटिरियल का MIX Form देना अनिवार्य है। उपरोक्त मैटिरियल संबंधी प्राप्त होने वाली निवदाएं दिनांक 28.07.2024 को पंचायत कार्यालय बघेरी में पंचायत बैठक के समक्ष खोली जाएंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार है।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत बघेरी**
**विकास खंड नालागढ़ जिला सोलन हि.प्र.**


**सम्मान** पैराग्वे में रह रहे डॉ. कोहली को मिलेगी आईएसजीपीबी फैलोशिप-2023

# कृषि वैज्ञानिक बने सभी के लिए प्रेरणादायक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पैराग्वे देश में हरित क्रांति के जनक वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन कोहली को इंडियन सोसायटी ऑफ जैनेटिक्स एंड प्लांट ब्रिडिंग (आईएसजीपीबी ) की ऑनरेरी फैलोशिप देगा। डॉ. मनमोहन कोहली का सोलन के पैलेस रोड में पैतृक निवास है। फसल सुधार के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें यह फैलोशिप प्रदान की जाएगी। 7 अगस्त, 2024 को दिल्ली में आयोजित होने वाले आईएसजीपीबी ऑनरेरी कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन कोहली को यह सम्मान मिलेगी।



डॉ. कोहली वर्तमान में पैराग्वे देश में रहते हैं। सितंबर 2023 में उन्हें पैराग्वे गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देश में हरित क्रांति लाने के लिए मिल चुका है। सोलन जैसे छोटे शहर से लेकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कृषि वैज्ञानिक की यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायक है।

**सरकारी स्कूल से हुई दसवीं तक की पढ़ाई :** 79 वर्षीय वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन कोहली ने बताया कि उन्होंने अपनी मैट्रिक तक की पढ़ाई ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन से वर्ष 1960 में पूरी की। इसके बाद राज्यस्थान के उदयपुर कॉलेज से बीएससी (एग्रीक्लचर), भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) दिल्ली से मास्टर डिग्री व पीएचडी की डिग्री हासिल की।

डॉ. कोहली ने अपने व्यापक कार्य और समर्पण के माध्यम से खुद को पैराग्वे में एक महत्वपूर्ण कृषि वैज्ञानिक के रूप में स्थापित किया। डॉ. कोहली ने पिछले तीन दशकों में 20 से अधिक विशिष्ट राष्ट्रीय गेंहू किस्मों के निर्माण व उन्नति में अहम भूमिका निभाई। पिछले 6 दशकों से वह कृषि क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सोलन के पैलेस रोड पर है उनका घर

डॉ. कोहली का का जन्म अविभाजित भारत के समय पाकिस्तान में हुआ था। भारत-पाक विभाजन के बाद उनका परिवार हिमाचल आया और सोलन में बस गया। सोलन के पैलेस रोड पर उनका मकान हैं और साल में एक बार सोलन जरूर आते हैं। सोलन में ही उनके परिवार के सदस्य रहते हैं। आईएसजीपीबी फैलोशिप मिलने पर सोलन में उनके भतीजे संजय कोहली समेत अन्य परिजनों ने खुशी जताई। सोलन से उन्हें बेहद प्यार है और वह सेरी, मत्यूल व खनोग में सैर करने जाते हैं। डॉ. कोहली की पत्नी मारिया टैरेसा, बेटा अमित लंदन में इंजीनियर है और बेटी आरती अमेरिका में मनोचिकित्सक हैं।

### जोगेंद्र सिंह ठाकुर ने संभाला जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता का पद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** जोगेंद्र सिह ठाकुर अब जल शक्ति विभाग के नए अधिशाषी अभियंता होंगे। उन्होंने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। जोगेंद्र सिंह ठाकुर इससे पूर्व सहायक अभियंता पद पर नाहन में तैनात थे। वह यहां अधिशाषी अभियंता पद पर पदोन्नत होकर आए है। यहां तैनात अधिशाषी अभियंता डॉ. मनदीप गुप्ता का स्थानांतरण शिमला के लिए हुआ है।



पद्भार संभालने के बाद जोगेद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि राजगढ़ क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना और पेयजल व सिचांई योजनाओं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। राजगढ़ मंडल में कर्मचारियों की भारी कमी को भरने के लिए वह उच्च अधिकारियों से आग्रह करेंगे कि यहां खाली पड़े पदों को भरा जाए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मनलोगकलां**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आज दिनांक 23-07-2024 को ग्राम पंचायत मनलोगकलां की बैठक प्रधान श्री अमर सिंह नेगी जी की अध्यक्षता में कार्यालय ग्राम पंचायत मनलोगकलां में 6/7 सदस्यों की उपस्तिथि में हुई। जिसमें निम्नलिखित कारवाई अमल में लाई गई।
विषयः- ग्राम पंचायत मनलोगकलां में वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्य करवाने हेतू सामग्री की सप्लाई हेतू निविदाएं आमंत्रित करने बारे।
आज की पंचायत बैठक में प्रधान महोदय ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया की ग्राम पंचायत मनलोगकलां में वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्य करवाने हेतू सामग्री की सप्लाई के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जानी है। जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से तथा सूचना पट द्वारा सार्वजनिक की जाए ताकि इच्छुक ठेकेदार, फर्म निविदाएं अप्लाई कर सके। ग्राम पंचायत बैठक में यह भी पारित हुआ कि निविदाएं पंजीकृत फर्म तथा ठेकेदार का GST बिल नंबर होना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत द्वारा निम्न शर्तो के आधार पर तथा निम्न सामग्री हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाएगी ।
**सामग्री निम्न प्रकार से है:-** रेत, बजरी क्रेशर, गटका, शटरिंग लकड़ी व प्लेट, बोल्डर, पत्थर (प्रति पत्थर) ईट (प्रति ईट), जे सी बी (प्रति घंटा), इंटरलॉक टाइल (प्रति टाइल), वाटर टैंकी, सीमेंट कैरिज, इत्यादि ।
**शर्त व नियम निम्न प्रकार से होंगे ।**
1. इच्छुक ठेकेदार व फर्म का GST बिल/नम्बर होना अनिवार्य है।
2. फर्म व ठेकेदार पंजीकृत होने चाहिए ।
3. निविदाएं पंजीकृत डाक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी ।
4. निविदाएं पंजीकृत डाक/बंद लिफाफे द्वारा ही स्वीकृत की जाएगी ।
5. निविदाएं 09-08-2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए । तथा निविदाएं 12-08-2024 को खोली जाएंगी।
6. निविदाएं स्वीकार व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा ।
7. स्वीकृत निविदादाता द्वारा सप्लाई समय पर न होने की स्थिति में पंचायत द्वारा निविदा रद्द कर दी जाएगी । व न्यूनतम निविदा को सप्लाई आर्डर दिया जायेगा / निविदा दोबारा भी आमंत्रित की जा सकती है।

ग्राम पंचायत मनलोगकलां में सम्पर्क करें प्रधान :- श्री अमर सिंह नेगी मो. न0 :- 98160-11090

**सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत मनलोगकलां**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्लड़**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आज दिनांक 24-07-2024 को ग्राम पंचायत चिल्लड़ की पंचायत बैठक प्रधान श्री मदन लाल जी की अध्यक्षता में कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्लड़ में 7/7 सदस्यों की उपस्तिथि में शुरू हुई। जिसमें निम्नलिखित कारवाई अम्ल में लाई गई ।
विषयः- ग्राम पंचायत चिल्लड़ में वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्य करवाने हेतू सामग्री की सप्लाई हेतू निविदाएं आमंत्रित करने बारे ।
आज की पंचायत बैठक में प्रधान महोदय ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया की ग्राम पंचायत चिल्लड़ में वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्य करवाने हेतू सामग्री की सप्लाई के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी है। जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से तथा सूचना पट द्वारा सार्वजनिक की जाए, ताकि इच्छुक ठेकेदार फर्म निविदाएँ अप्लाई कर सके। ग्राम पंचायत बैठक में यह भी पारित हुआ कि निविदाएं पंजीकृत फर्म तथा ठेकेदार का GST बिल नंबर होना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत द्वारा निम्न शर्तो के आधार पर तथा निम्न सामग्री हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाएगी ।
**सामग्री निम्न प्रकार से हैः-** रेत, बजरी क्रेशर, गटका, शटरिंग लकड़ी व प्लेट, बोल्डर, पत्थर (प्रति पत्थर) ईट (प्रति ईट), जे सी बी (प्रति घंटा), इंटरलॉक टाइल (प्रति टाइल), वाटर टैंकी, सीमेंट कैरिज, इत्यादि ।
**शर्त व नियम निम्न प्रकार से होंगे ।**
1. इच्छुक ठेकेदार व फर्म का GST बिल / नम्बर होना अनिवार्य है।
2. फर्म व ठेकेदार पंजीकृत होने चाहिए ।
3. निविदाएं पंजीकृत डाक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी।
4. निविदाएं पंजीकृत डाक/बंद लिफाफे द्वारा ही स्वीकृत की जाएगी ।
5. निविदाएं 08-08-2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए । तथा निविदाएं 09-08-2024 को खोली जाएगी ।
6. निविदाएं स्वीकार व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा ।
7. स्वीकृत निविदादाता द्वारा सप्लाई समय पर न होने की स्थिति में पंचायत द्वारा निविदा रद्द कर दी जाएगी । व न्यूनतम निविदा को सप्लाई आर्डर दिया जायेगा / निविदा दोबारा भी आमंत्रित की जा सकती है।

ग्राम पंचायत चिल्लड़ में सम्पर्क करें
प्रधान - श्री मदन लाल मो. न0- 9459279759
सचिव - श्री देश राज मो. न0 - 7018254189

**सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्लड़**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### बाल कथा संग्रह 'कर भला हो भला' का विमोचन



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** शिक्षाप्रद कहानियां, कविताएं छोटे बच्चों की मानसिकता का विकास करती है। ऐसी रोचक बाल कथाएं बच्चों का मनोरंजन करने के साथ उन्हें भविष्य में बेहतर बनाने में और शिक्षित करने में अपनी अहम् भूमिका निभाती हैं। यह कहना है वरिष्ठ साहित्यकार व कवि प्रेम विज का। प्रेम विज जिनकी 20 पुस्तकें हास्य व्यंग्य लेख, काव्य, कहानी आलोचनात्मक लेखन पर आधारित है, उनकी 21वीं अनुवादित किताब 'कर भला हो भला' बाल कथा संग्रह है। प्रेम विज इस अनुवादित बाल कथा संग्रह 'कर भला हो भला' ,जिसे प्रिंसिपल बहादुर सिंह गोसल ने पंजाबी में लिखा है जो कि प्रसिद्ध बाल साहित्यकार, शिक्षा शास्त्री, अध्यापक भी हैं, का विमोचन चंडीगढ़ प्रेस क्लब में हाल ही में प्रेस क्लब चंडीगढ़ में दिल्ली से आए साहित्यकार रणविजय राव ने किया था। इस दौरान कवि डॉ विनोद कुमार शर्मा, लेखिका डॉ सरिता मेहता और किताब के लेखक प्रिंसिपल बहादुर सिंह गोसल उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### एईएसएल ने एंथे 2024 लांच किया



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्ष पूरे करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नवीनतम संस्करण के लांच की घोषणा की। एंथे 2024 के लांच के साथ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अगले दूरदर्शी लोगों की तलाश शुरू हो गई है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने कहा, 'एंथे ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है; एंथे 2024 के साथ, हम भविष्य के डॉक्टरों और इंजीनियरों को विकसित करने और अगले एपीजे अब्दुल कलाम, एचजी खुराना, एमएस स्वामीनाथन और जेसी बोस की तलाश के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज शुरू कर रहे हैं जो अग्रणी काम करेंगे और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भारत को गौरवान्वित करेंगे।(अनंत ज्ञान)

### निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे रानिल विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सितंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरने की शुक्रवार को घोषणा की। इससे पहले दिन में, निर्वाचन आयोग ने देश में राष्ट्रपति चुनाव आगामी 21 सितंबर को होने की घोषणा की। इसी के साथ देश में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर महीनों से जारी अटकलों पर विराम लग गया। श्रीलंका 2022 से अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

### यूरोपीय संघ ने 1.6 अरब डॉलर यूक्रेन को दिए

**हेग (नीदरलैंड्स)।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने घोषणा की कि उसने यूक्रेन की सहायता के लिए 1.5 अरब यूरो (1.6 अरब अमेरिकी डॉलर) उपलब्ध कराए हैं, जो 'फ्रीज' की गई रूसी धनराशि के मुनाफे से प्राप्त ब्याज की पहली खेप है। मई में यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देश रूसी केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों में शामिल 210 अरब यूरो (225 अरब अमेरिकी डॉलर) से अर्जित ब्याज का युद्धग्रस्त यूक्रेन को सैन्य सहायता पहुंचाने तथा वहां पुनर्निर्माण के प्रयासों पर खर्च करने पर सहमत हुए थे।

### दिल्ली में भारी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारी बारिश से सड़कों पर जल भराव हो गया है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात प्रभावित हुआ है और एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। शुक्रवार सुबह से हो रही भारी बारिश की वजह से दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर गया। इससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। सड़कों पर भरे पानी की वजह से यातायात प्रभावित हुआ है। आम लोगों का गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है।

### बंगाल और केरल के राज्यपाल से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और केरल की सरकारों की याचिकाओं पर केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल और केरल के राज्यपालों से जवाब मांगा है। याचिका में कई विधेयकों को लंबे समय तक लंबित रखने, मंजूरी न देने या उन्हें राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखने के राज्यपालों के फैसलों को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इन अलग-अलग दायर याचिकाओं में केंद्र सरकार और राज्यपालों के सचिवों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और दोनों राज्यपालों के सचिवों को नोटिस जारी किया। केरल की ओर से सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल ने कहा कि वे विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजने के राज्यपाल के फैसले को चुनौती दे रहे हैं।

### ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस का समर्थन किया

**अटलांटा (अमेरिका)।** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया है। इस तरह उपराष्ट्रपति को देश के दो सबसे लोकप्रिय डेमोक्रेट का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। एक वीडियो में ओबामा दंपत्ति और कमला हैरिस के बीच हुई फोन कॉल का जिक्र किया गया है। राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिन बाद ओबामा ने हैरिस का समर्थन किया।

# पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसानों के 1.63 लाख करोड़ रुपए के दावे निपटाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया**



सरकार ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 32,440 करोड़ रुपये के प्रीमियम के तहत, किसानों को 1.63 लाख करोड़ रुपये के बीमा दावों का भुगतान किया गया है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया, ''देश में खरीफ 2016 मौसम से शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) राज्यों के लिए स्वैच्छिक है। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान स्वैच्छिक रूप से इस योजना के तहत कवरेज के लिए पात्र हैं।''

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत, किसानों को फसलों के लिए बुवाई से पहले से लेकर कटाई के बाद के चरणों तक सभी प्राकृतिक जोखिमों के खिलाफ किसानों के लिए बहुत ही उचित प्रीमियम पर व्यापक जोखिम कवरेज प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, ''पीएमएफबीवाई विशेष रूप से प्राकृतिक आपदा प्रभावित मौसमों/वर्षों/क्षेत्रों में योजना के उद्देश्यों और लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है।''

उन्होंने कहा कि योजना के तहत की गई विभिन्न पहलों के कारण, 2023-24 में कवर किया गया सकल फसल क्षेत्र (जीसीए) 2022-23 में 501 लाख हेक्टेयर की तुलना में बढ़कर 598 लाख हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत 2023-24 में नामांकित किसानों की संख्या 3.97 करोड़ थी, जबकि 2022-23 में यह 3.17 करोड़ थी। यह बदलाव 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है।

### फसलों के एमएसपी पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट अभी नहीं आई है और इस रिपोर्ट के आने के बाद इस दिशा में कदम उठाया जाएगा लेकिन सरकार कृषि को मुनाफे का व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है।

कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया और एमएसपी के मामले में सरकार से सीधा जवाब देने की मांग की जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई।

## कृषि मंत्री के बयान से 'किसान विरोधी' साजिश उजागर हुई : कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्यसभा में दिए गए बयान को 'जलेबी भाषण' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे किसानों के खिलाफ ''मोदी सरकार की साजिश'' उजागर हो गई है। पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि देश का अन्नदाता एमएसपी से इनकार के लिए इस सरकार को कभी माफ नहीं करेगा।

विपक्ष पर किसानों के मुद्दों पर केवल राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वह पूरी जिम्मेदारी के साथ अथक परिश्रम करती रहेगी।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान सिंह ने पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए सरकार ने एक समिति का गठन किया था जिसकी नियमित बैठकें होती हैं। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई 2022 से समिति की छह बैठकें हो चुकी हैं और विभिन्न उपसमितियों की 35 बैठकें हुई हैं।

**मंत्री जी सिर्फ जलेबी भाषण देते रहे : जयराम रमेश**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज राज्य सभा में केंद्रीय कृषि मंत्री से सीधा और स्पष्ट सवाल पूछा गया कि क्या भारत सरकार किसान संगठनों की मांग के अनुरूप एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी। लगभग 30 मिनट तक वह सवाल का जवाब देने से बचने के लिए इधर-उधर की बातें करते रहे।''

उन्होंने आरोप लगाया, ''मुद्दा चावल, गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी का था, लेकिन मंत्री जी सिर्फ जलेबी भाषण देते रहे।''

## रिव्यू मीटिंग में गतिविधियों को जिला स्तर पर बढ़ाने के लिए सुझाव



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा करनाल जिला के करनाल क्लब में एक रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। रिव्यू मीटिंग में हरियाणा के सभी जिलों के सचिव, सहायक सचिव तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता डॉ. सुषमा गुप्ता, वाइस चेयरपर्सन तथा डॉ. मुकेश अग्रवाल, राज्य महासचिव द्वारा की गई।

कुलबीर मलिक, सचिव, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, करनाल द्वारा डॉ. सुषमा गुप्ता, वाइस चेयरपर्सन तथा डॉ मुकेश अग्रवाल, राज्य महासचिव का रिव्यू मीटिंग में पधारने पर उनका स्वागत किया गया। डॉ. सुषमा गुप्ता द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी तथा सेंट जॉन की गतिविधियों को जिला स्तर पर बढ़ाने के लिए सुझाव तथा दिशा निर्देश दिए गए।

डॉ. मुकेश अग्रवाल, राज्य महासचिव द्वारा जिला सचिवों को निर्देश दिए गए कि समाजसेवी संस्थाओं को साथ जोड़कर रेड क्रॉस की गतिविधियों को बढ़ाया जाए तथा जूनियर रेड क्रॉस व यूथ रेड क्रॉस के कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## फर्जी गन लाइसेंस रैकेट का पर्दाफाश

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू पुलिस ने फर्जी गन लाइसेंस रैकेट का पर्दाफाश किया है। सतवारी के गाडीगढ़ के रहने वाले गन हाउस संचालक के पास से 435 फर्जी गन लाइसेंस बरामद किए हैं। मामले की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये लाइसेंस देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले लोगों के नाम पर बनाए गए हैं। मामले की जांच के लिए गठित कुछ टीमों को प्रदेश के बाहर भी भेजने की तैयारी है। माना जा रहा है कि इतना बड़ा फर्जीवाड़ा किसी अकेले शख्स का काम नहीं हो सकता। पुलिस फर्जी लाइसेंस बनाने के उद्देश्य का भी पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार, पुख्ता सूचना के बाद बुधवार देर रात गाडीगढ़ में गनहाउस संचालक तीर्थ सिंह के निर्माणाधीन घर पर छापा मारा गया। इस दौरान वहां पर एक बैग में 435 फर्जी लाइसेंस मिले। (अनंत ज्ञान)

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने चार घोषणाएं की

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) पर गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला और निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख की जाएगी। शहीद सैनिक के परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को 2 साल से बढ़ाकर 5 साल किया जाएगा।

शहीदों के आश्रितों को अब जिलाधिकारी कार्यालयों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के अलावा अन्य विभागों में भी समूह 'ग' और समूह 'घ' के पदों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश प्रदान किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में मां भारती की रक्षा के लिए हमारे वीर जवानों ने पराक्रम और अदम्य साहस का परिचय दिया।

भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में जिस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल की यह विजय गाथा भी उत्तराखंड के वीरों के बिना अधूरी है। (अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री ने अग्निपथ पर झूठ बोला, फैला रहे हैं भ्रम: खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'अग्निपथ' योजना को लेकर सरासर झूठ बोला है और वह इस विषय पर देश में भ्रम फैला रहे हैं।

इस योजना को लेकर युवाओं में रोष है और कांग्रेस इस मांग पर कायम है कि इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अग्निपथ योजना को सेना की ओर से किए गए आवश्यक सुधारों का एक उदाहरण बताया और विपक्ष पर सशस्त्र बलों में औसत आयु वर्ग को युवा रखने के उद्देश्य से शुरू की गई इस भर्ती प्रक्रिया पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कारगिल युद्ध में जीत की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित करगिल विजय दिवस पर झूठ बोला। पीएम ने कहा कि कुछ लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक संवेदनशील मुद्दे पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने उन दावों को खारिज कर दिया कि पेंशन के पैसे बचाने के लिए अग्निपथ योजना शुरू की गई थी। खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय बात है कि प्रधानमंत्री कारगिल विजय दिवस के दिन शहीदों को श्रद्धांजलि जैसे मौके पर भी ओछी राजनीति कर रहें हैं। ऐसा पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि मोदी का यह कहना सरासर झूठ और पराक्रमी सेना का अक्षम्य अपमान है कि सेना के कहने पर उनकी सरकार ने अग्निपथ योजना लागू की थी। खरड़े के मुताबिक, पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने रिकॉर्ड पर कहा है कि अग्निपथ योजना में 4 वर्षों की सेवा के बाद 75 प्रतिशत लोगों को रखना था और 25 प्रतिशत लोगों को सेवानिवृत्त करना था। मोदी सरकार ने इससे उल्टा यह योजना तीनों सैन्य बलों में जबरदस्ती लागू कर दी।

## रुद्रप्रयाग जिले के गोंडार में पुल बहा

**देहरादून।** उत्तराखंड में रुदप्रयाग जिले में मदमहेश्वर पैदल रास्ते पर गोंडार में एक पुल बह गया, जिससे वहां 25 से 30 पर्यटक फंस गए।

राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुल बहने की सूचना मिलने के बाद गोंडार के पास फंसे लोगों को निकालने के लिए हेलिकॉप्टर की भी मदद ली गई। करीब 25-30 लोग फंस गए थे।

एसडीआरएफ की एक अन्य टीम भी अगस्त्यमुनि से पैदल मार्ग से होते हुए घटनास्थल पर पहुंची। पंचकेदार शृंखला में से एक मदमहेश्वर मंदिर उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में करीब 11 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित है।

## असम के 'मोइदम्स' यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

असम में अहोम वंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा संरचना में दफनाने की व्यवस्था 'मोइदम्स' को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया।

इसके साथ 'मोइदम्स' इस सूची में जगह बनाने वाली पूर्वोत्तर भारत की पहली सांस्कृतिक संपत्ति बन गई। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया। भारत ने 2023-24 के लिए यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए देश की ओर से नामांकन के रूप में 'मोइदम्स' का नाम दिया था।

### स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हुआ आज का दिन : शेखावत

**नई दिल्ली।** असम में अहोम वंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा संरचना में दफनाने की व्यवस्था 'मोइदम्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है। शेखावत ने 'मोइदम्स' के असाधारण सार्वभौमिक मूल्य को समझने के लिए संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) और विश्व धरोहर समिति का आभार जताया।

## इंटक नेता हत्याकांड : सीबीआई ने माकपा नेता समेत 14 लोगों को दोषी ठहराया

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक जिला स्तरीय सदस्य सहित 14 लोगों को वर्ष 2010 में कोल्लम जिले के अंचल में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के एक नेता की हत्या के मामले में दोषी ठहराया है। अदालत ने उनके जमानत मुचलके रद्द कर दिए और उन्हें जेल भेज दिया। अब उन्हें 30 जुलाई को सजा सुनाने के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। कोर्ट ने सुमन पीएस और माकपा की कोल्लम जिला समिति के सदस्य बाबू पणिक्कर को भी भारतीय दंड संहिता की धारा 212 के तहत अपराधी को शरण देने के अपराध के लिए दोषी ठहराया, लेकिन जमानत पर रिहा कर दिया।

## निर्यात होने वाली दवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान : नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रसायन** उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि देश में छोटी बड़ी सभी दवा और उर्वरक कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

भारत में बन रही दवाओं की दुनिया में बढ़ रही मांग को देखते हुए उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नड्डा ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार छोटी और बड़ी सभी रसायन एवं उर्वरक कंपनियों को मदद करती है। जिन कंपनियों का टर्नओवर एक करोड़ तक है, उन्हें 20 प्रतिशत, जो 250 करोड़ तक की टर्नओवर वाली कंपनी हैं उसे 15 प्रतिशत और जिनका टर्नओवर 250 करोड़ से ज्यादा है, उन्हें 10 प्रतिशत तक की मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में फार्मेसी का केंद्र बन गया है और भारत में बन रही दवा की पूरी दुनिया में मांग है। दुनियाभर की दवा कंपनियां भारत का रुख कर रही हैं। अध्यक्ष ओम बिरला ने भीकहा कि वह जिस देश में जाते हैं भारतीय दवाइयों की प्रशंसा और उसकी मांग की बात उन्होंने वहां देखी है। नड्डा ने दवाओं की गुणवत्ता से संबंधित एक सवाल पर कहा कि जो दवाइयां निर्यात होती हैं उनके सैंपल का यहां भी परीक्षण होता है और जहां जाती है वहां भी उनका परीक्षण होता है।



**अमरनाथ यात्रा** जम्मू से 84 वाहनों में सवार 2,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का 29वां जत्था रवाना

# अब तक 4.36 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**

**दक्षिण** कश्मीर हिमालय में स्थित प्रसिद्ध अमरनाथ गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन के लिए शुक्रवार को तड़के बारिश के बीच और कड़ी सुरक्षा के बीच 2,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक 4.36 लाख श्रद्धालु 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक भक्तों ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए थे। उन्होंने बताया कि 84 वाहनों में सवार 2,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का 29वां जत्था तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई। अधिकारियों ने बताया कि 1,681



**1,681 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना**

तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है, जबकि 885 तीर्थयात्री अपेक्षाकृत छोटे (14 किलोमीटर के) लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे।

कश्मीर के दो आधार शिविर से 52 दिवसीय यात्रा औपचारिक रूप से 29 जून को शुरू हुई थी और इसका समापन 19 अगस्त को होगा।

## कांशीराम को दिया जाए भारत रत्न : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांशीराम को भारत रत्न दिए गए। भाजपा केंद्र की अपनी सरकार से उन्हें तुरंत यह सम्मान दिलवाए। मायावती ने केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश जैसी विशाल आबादी वाले गरीब व पिछड़े राज्य पर बजट में समुचित ध्यान नहीं देने को लेकर भी सवाल उठाया। बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर अपने एक संदेश में कहा कि यूपी भाजपा के सांसद, बसपा के संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न की उपाधि देने की मांग करने की बजाय (भाजपा) केंद्र सरकार से उन्हें तुरंत यह सम्मान दिलवाए।

## इसराइल को आत्मरक्षा का अधिकार : कमला हैरिस

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मुलाकात के दौरान गाजा में जारी युद्ध में आम लोगों की मौत की घटनाओं समेत मानवीय पीड़ा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसराइल को आत्मरक्षा करने का अधिकार है, लेकिन मायने यह रखता है कि वह अपनी रक्षा किस तरीके से करता है।

हैरिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' परिसर के आइजनहावर कार्यपालिका कार्यालय भवन में नेतन्याहू से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है, लेकिन इसे दोहराना जरूरी है। इसराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। हमास एक क्रूर आतंकवादी संगठन है। हमास ने सात अक्तूबर को 44 अमेरिकियों सहित 1,200 निर्दोष लोगों की हत्या कर इस युद्ध की शुरुआत की। हमास ने यौन हिंसा के भयानक कृत्य किए हैं और 250 लोगों को बंधक बनाया है। ऐसे अमेरिकी नागरिक हैं जो गाजा में बंदी बने हुए हैं।

# लगातार तीसरा पदक जीतने उतरेगी सिंधू, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर

**एजेंसी, पेरिस**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधू लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी।

सिंधू ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है।

उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों ने भी पदक को अपना लक्ष्य बनाया है। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर-फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। भारत के एकल खिलाड़ियों का ओलंपिक से पहले प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा लेकिन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं।




## 12 साल के पदक सूखे को खत्म करने को तैयार है निशानेबाजी दल

ओलंपिक में पदार्पण करने वाले निशानेबाजों से भरी टीम पिछले प्रदर्शन के बोझ से मुक्त होकर फ्रांस के शेटौरॉक्स में निशानेबाजी प्रतियोगिता में होने वाली परीक्षा में सफल होने का लक्ष्य बनाएगी। भारत ने अभी तक निशानेबाजी में कुल चार ओलंपिक पदक जीते हैं लेकिन पिछले दो ओलंपिक में खाता खाली रहा जिससे रिकॉर्ड 21 सदस्यीय भारतीय दल पर उम्मीदों का अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है।




मनु भाकर, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अंजुम मौदगिल और इलावेनिल वलारिवान को छोड़कर अन्य सभी निशानेबाज पहली बार ओलंपिक मंच का अनुभव करेंगे। भारत 15 निशानेबाजी स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा।

## मुक्केबाजी में निकहत और लवलीना पर निगाहें




विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन और निशांत देव ओलंपिक खेलों में शनिवार से शुरू हो रही मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मुश्किल ड्रॉ से पार पाकर भारत को पदक दिलाने की कोशिश करेंगे। भारत ने मुक्केबाजी में अभी तक तीन ओलंपिक पदक जीते हैं। इनमें विजेंदर सिंह एकमात्र पुरुष मुक्केबाज हैं। उन्होंने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

इसके चार साल बाद लंदन में एमसी मैरीकॉम और 2021 में टोक्यो ओलंपिक में लवलीना ने कांस्य पदक हासिल किया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के छह मुक्केबाज भाग ले रहे हैं जिन्हें कठिन ड्रॉ मिला है। इनमें जरीन को पदक का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को 50 किग्रा भार वर्ग में चीन की वू यू, थाईलैंड की चुथामत रक्सट और उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। जरीन रविवार को जर्मनी की मैक्सी क्लॉटजर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी, जिसके बाद उनका सामना एशियाई खेलों की शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन वू से हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ओलंपिक : अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराया



**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रिकॉर्ड पांचवा स्वर्ण पदक जीतने के अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। स्वानसन ने खेल के 24वें और 25वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा ट्रिनिटी रोडमैन ने भी अमेरिका के लिए गोल किया। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को मार्सिले में जर्मनी से होगा। एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। यह मैच अभ्यास के दौरान ड्रोन से निगरानी करने के आरोपों के कारण विवादों में पड़ गया था। मैकेंजी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। विश्व चैंपियन स्पेन ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके जापान को 2-1 से हराया जबकि जर्मनी ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर शानदार शुरुआत की।

### महिला मुक्केबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद : विजेंद्र



**नई दिल्ली।** भारत के एकमात्र ओलंपिक पदक विजेता पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह को लगता है कि पेरिस ओलंपिक में देश की पदक की संभावनाएं महिला मुक्केबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर होंगी और उन्हें उम्मीद है कि निकहत जरीन की अगुवाई वाली टीम कम से कम दो पोडियम स्थान हासिल करेगी। जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लम्बोरिया (57 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) भारतीय महिला टीम में शामिल हैं जबकि अमित पंघाल (51 किग्रा) और पदार्पण कर रहे निशांत देव (71 किग्रा) पेरिस के लिए क्वालीफाई करने वाले दो पुरुष मुक्केबाज हैं। 38 वर्षीय विजेंदर ने कहा कि उन्हें महिला मुक्केबाजों के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता और भाजपा नेता विजेंदर ने कहा, ''पुरुष मुक्केबाजों के बारे में मैं इतना ज्यादा नहीं जानता लेकिन मैंने महिला मुक्केबाजों के बारे में जो पढ़ा है, उससे उम्मीद जगती है कि लड़कियां अच्छा प्रदर्शन करेंगी, मुझे उम्मीद है कि हमें एक या दो पदक मिलेंगे। यह रजत हो सकता है और शायद स्वर्ण पदक भी हो सकता है।''

### मुझे नेतृत्व करना अच्छा लगता : सूर्यकुमार



**पालेकल्ल।** भारतीय टी-20 टीम के नवनियुक्त कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है तथा पिछले कई वर्षों में अलग-अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है। भारतीय टीम के विश्व चैंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उनकी जगह सूर्यकुमार को कप्तान ने किया गया। उन्हें हार्दिक पांड्या पर प्राथमिकता दी गइ, जिन्हें पहले टी-20 टीम की कप्तानी का दावेदार माना जा रहा था। सूर्यकुमार कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी-20 सीरीज से करेंगे।

### तोड़फोड़ से हाई स्पीड रेल नेटवर्क प्रभावित : गेब्रियल

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने कहा कि ओलंपिक की पूर्व संध्या पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं ने देश के मुख्य हिस्सों में फैले हाई स्पीड रेल नेटवर्क को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसका मकसद सिर्फ और सिर्फ हाई स्पीड ट्रेन नेटवर्क को बाधित करना था। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से महज कुछ घंटों पहले पेरिस की ओर जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के मुख्य मार्गों को चरणबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। पेरिस में अभियोजकों ने मामले की जांच शुरू कर दी और कहा कि इन अपराधों के लिए दोषियों को 15 से 20 वर्ष की सजा हो सकती है।

## बांग्लादेश को हराकर भारतीय महिला टीम एशिया कप के फाइनल में

# बेटियों का परफेक्ट-10

**एजेंसी, दांबुला**

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती ओवरों में तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी-20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलाई।

भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की।

मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया। दोनों की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत को 54 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

भारतीय टीम के सामने रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी।



55 रनों की नाबाद पारी स्मृति मंधाना ने खेली

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश (महिला) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| दिलारा क. छेत्री ब. रेणुका | 06 | 04 | 0/1 |
| खातून क. शेफाली ब. रेणुका | 04 | 09 | 0/0 |
| तंजीम क. कंवर ब. रेणुका | 08 | 10 | 2/0 |
| सुल्ताना क. दीप्ति ब. राधा | 32 | 51 | 2/0 |
| रुमाना ब. राधा | 01 | 11 | 0/0 |
| राबिया क. शेफाली ब. पूज | 0 | 07 | 0/0 |
| मोनी स्टं. घोष ब. दीप्ति | 05 | 06 | 0/0 |
| अख्तर (नाबाद) | 19 | 18 | 2/0 |
| नाहिदा ब. राधा | 00 | 02 | 0/0 |
| मारुफा (नाबाद) | 00 | 03 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **80/8** | | |

**विकेट पतन** : 1-7, 2-17, 3-21, 4-30, 5-33, 6-44, 7-80, 8-80., **गेंदबाजी :** रेणुका 4-1-10-3, पूजा 4-0-25-1, कंवर 4-0-16-0, दीप्ति 4-0-14-1, राधा 4-1-14-3.

| भारत (महिला) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली (नाबाद) | 26 | 28 | 2/0 |
| मंधाना (नाबाद) | 55 | 39 | 9/1 |
| **अतिरिक्त** | 02 | | |
| **कुल : (11 ओवर)** | **83/0** | | |

**गेंदबाजी :** मारुफा 2-0-17-0, नाहिदा 3-0-34-0, आलम 3-0-17-0, राबिया 2-0-10-0, रुमाना 1-0-5-0.

## 42वीं सीनियर नेटबाल प्रतियोगिता

# हिमाचल की पुरुष टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में



पुरुष वर्ग में हिमाचल ने पश्चिम बंगाल को 15-13 से किया पराजित।

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

हरियाणा के भिवानी श्रीबाला जी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कलिंगा के खेल मैदान में चल रही 42वीं सीनियर महिला व पुरुष नेटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश की दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा।

पुरुष वर्ग में हिमाचल ने पश्चिम बंगाल को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में हिमाचल की टीम ने उत्तराखंड को 16-2 के पराजित किया। महिला वर्ग का अगला मुकबला पश्चिम बंगाल के साथ होगा। हिमाचल प्रदेश नेटबाल संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने खिलाडियों से आह्वान किया कि अगले मैचों में जीत का क्रम बनाएं रखें। (अनंत ज्ञान)

### गंभीर टीम में नए विचार लाएंगे : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक 'समकालीन' कोच हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत 'परिपक्व और सुलझी हुई' टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

## रोहन बोपन्ना को निराश नहीं करना चाहते हैं श्रीराम बालाजी

**एजेंसी, पेरिस**

एन श्रीराम बालाजी अपनी बातों या अपने काम से किसी को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते और अब वह ओलंपिक में अपने सीनियर टेनिस जोड़ीदार रोहन बोपन्ना को भी निराश नहीं करना चाहते हैं।

बोपन्ना (44 वर्ष) ने बालाजी की काबिलियत पर अपार भरोसा दिखाया और उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुना। इसलिए बालाजी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के साथ बड़े मंच का दबाव महसूस नहीं करना अहम है। उन्हें अपने खेल में सहज होने और अपना स्वाभाविक खेल खेलने की जरूरत है।

दोनों को तैयारियों के लिए दो टूर्नामेंट में खेलना था लेकिन वे 'उमग एटीपी' टूर्नामेंट में नहीं खेले। पर बोपन्ना और बालाजी ने इस समय का इस्तेमाल पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाओं के स्थल रोलां गैरों पर अभ्यास करने के लिए किया,जिससे दोनों को एक-दूसरे के खेल और मजबूत पक्ष को बेहतर ढंग से जानने में मदद मिली।



भारतीय टेनिस टीम के साथ आए कोच बालाचंद्रन ने कहा, ''पिछले कुछ दिन एक-दूसरे के बारे में जानने के बारे में रहे हैं। बालाजी थोड़े शर्मिले हैं। इस स्तर पर बोपन्ना को मुझसे कोचिंग की जरूरत नहीं है, लेकिन हमें सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बालाजी सहज रहें।

## टेनिस : पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे जोकोविच, नदाल और अल्काराज

**एजेंसी, पेरिस**

नोवाक जोकोविच, राफेल नदाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे जबकि नदाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नदाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

नदाल एकल में अपना पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। अगर वह यह मैच जीत जाते हैं और जोकोविच शनिवार को मैथ्यू एबडेन को हरा देते हैं तो फिर यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी दूसरे दौर में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। नदाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। अपने करियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा,''ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा मैं इसे नहीं बदल सकता और मैं इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा मिलती है।''



नोवाक जोकोविच

## न्यूजीलैंड के खिलाफ आगाज करेगी भारतीय हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** पेरिस में भारतीय पुरुष हॉकी टीम लगातार दूसरे ओलंपिक पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। भारत 27 जुलाई को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

यह मैच भारतीय समयानुसार रात 9 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपनी और टीम की तैयारियों पर भरोसा जताया।

न्यूजीलैंड के बारे में बात करते हुए, भारतीय कप्तान ने कहा कि भारत के लिए वो एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहे हैं और पिछले साल भुवनेश्वर में विश्व कप में उनके 3-3 (4-5 शूटआउट) परिणाम की यादें इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक मजबूत चुनौती को दर्शाती है।

**श्रीलंका दौरा** टीम इंडिया का श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज का पहला टी-20 मैच आज

# दबदबा बरकरार रखने के लिए उतरेगा भारत

**एजेंसी, पालेकल्ल ( श्रीलंका )**

गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी।

दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी-20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे।

गंभीर आईपीएल में कप्तान और मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में काफी सफल रहे हैं। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंग, जिनके कोच रहते हुए भारत ने अच्छी सफलताएं हासिल की थी। द्रविड़ के मुख्य कोच रहते हुए भारत ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में तीनों प्रारूप के फाइनल में जगह बनाई तथा गंभीर को अब इन सफलताओं को नए मुकाम पर पहुंचाना होगा। सूर्यकुमार को कप्तान बनाना थोड़ा हैरानी भरा फैसला रहा क्योंकि रोहित शर्मा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पांड्या को इस पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। चयन समिति ने सूर्यकुमार के कप्तान के रूप में कम अनुभव को नजरअंदाज करके उन्हें टीम की कमान सौंपी है।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। भारतीय टीम में यह बदलाव पिछले महीने विश्व कप जीतने तथा रोहित, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है।

**शाम 7 बजे शुरू होगा मैच**



अभ्यास सत्र के दौरान हार्दिक पांड्या

### संभावित टीमें

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज में से।

**श्रीलंका।** दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालगे में से।

